e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 198

शुक्रवार
21.07.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

हमें हमारी जिन्दगी में हर छोटी से छोटी कठिनाई कुछ सीखा ही जाती है।

## आदिवासी महिलाओं को घुमाने का नग्न वीडियो वायरल, सड़क से संसद तक हंगामा

# मणिपुर की घटना पर देश में गुस्सा-उबाल

**मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच झड़प के एक दिन बाद कांगपोकपी जिले के बी फीनोम गांव के पास हमला हुआ था। इस दौरान भीड़ ने तीन कुकी महिलाओं को निर्वस्त्र कर सड़क पर घुमाया।**

**ये घटना चार मई की है।**

**एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना थौबल जिले में हुई थी और इस मामले में 18 मई को कांगपोकपी जिले में जीरो एफआईआर दर्ज कराई गई थी।**

एजेंसी

**नई दिल्ली :** मणिपुर की घटना ने पूरे देश को शर्मसार कर दिया है. नेताओं से लेकर आम जनता तक, हर कोई इस घटना की कड़ी निंदा कर रहा है. हर कोई गुस्सा में है और हर लोगों में उबाल है. दो महिलाओं का नग्न वीडियो वायरल होने के बाद राज्यभर में लोग आंदोलन कर रहे हैं। सड़क से संसद तक इस मामले पर हंगामा मचा है। मामले की जानकारी मिलने पर पीएम मोदी ने भी दुख जताते हुए निंदा की है। पीएम ने कहा कि इस घटना ने न सिर्फ नारियों का अपमान किया है, बल्कि पूरे देश का सिर शर्म से झुका दिया है। घटना के बाद से समूचा विपक्ष सरकार पर हमलावर है। मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है।संसद के मानसून सत्र से पहले पीएम मोदी ने पत्रकारों को संबोधित किया।

पीएम ने इस दौरानमणिपुर मामले पर गहरा दुख जताया और कहा कि ये घटना देश को शर्मसार करने वाली है। बेटियों के साथ जो हुआ उसे कभी माफ नहीं किया जा सकता और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

पीएम ने सभी मुख्यमंत्रियों से अपने-अपने राज्यों में कानून व्यवस्था तंत्र को और मजबूत करने का अनुरोध किया। महिलाओं का वीडियो सामने आने के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह से बात की। शाह ने सीएम को 4 मई को हुई इस घटना में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। दो आदिवासी महिलाओं को नग्न घुमाने और उनके साथ छेड़छाड़ करने के मामले में मणिपुर पुलिस ने कथित मास्टरमाइंड को गिरफ्तार कर लिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने भी वीडियो सामने आने के बाद चिंता जताई है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए इसे बिल्कुल अस्वीकार्य बताया और केंद्र और राज्य सरकार को तत्काल कदम उठाने और शीर्ष अदालत को इस बारे में जानकारी देने का निर्देश दिया।

### संसद में हुआ जोरदार हंगामा, राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग

मणिपुर घटना को लेकर संसद में भी हंगामा देखने को मिला। इसके चलते संसद की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। मानसून सत्र के पहले दिन कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के कई नेताओं ने मणिपुर पर चर्चा के लिए लोकसभा और राज्यसभा दोनों में स्थगन नोटिस दिया और सरकार से जवाब मांगा है मणिपुर वीडियो मामले में कांग्रेस प्रमुख ने मोदी सरकार पर लोकतंत्र को भीड़तंत्र में बदलने का आरोप लगाया। विपक्षी दल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने का भी आग्रह किया।

### घटना से शर्मशार हुआ देश : पीएम मोदी

### राष्ट्रीय महिला आयोग ने घटना की निंदा की

घटना पर केंद्र सरकार एक्शन मोड में है। सरकार ने ट्विटर, अन्य सोशल मीडिया कंपनियों से मणिपुर की महिलाओं को वीडियो हटाने को कहा है। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने मणिपुर घटना की निंदा की। एनसीडब्ल्यू ने घटना पर स्वतः संज्ञान लेते हुए मणिपुर के डीजीपी को तुरंत उचित कार्रवाई करने के लिए कहा।





### मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने वाला आरोपी गिरफ्तार

मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने का वीडियो सामने आने के एक दिन बाद मुख्य आरोपी को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया. पुलिस ने ये जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान हेरादास (32) के रूप में हुई है, जिसे वायरल हुए वीडियो की मदद से थौबल जिले से गिरफ्तार किया गया, जिसमें वह हरे रंग की टी-शर्ट पहने हुए देखा गया था. पुलिस ने आगे कहा कि जांच आगे बढ़ने के बाद और आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा. इस घटना का वीडियो सामने आने के बाद मणिपुर में तनाव बढ़ गया है. यह घटना पूर्वोत्तर राज्य के कांगपोकपी जिले में 4 मई को हुई थी. इस मामले पर मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने कहा कि सरकार अपराधियों के खिलाफ मृत्युदंड पर विचार कर रही है. उन्होंने कहा कि आरोपी को गुरुवार की रात करीब 1.30 बजे गिरफ्तार किया गया.

## सरकार ने कड़े कदम नहीं उठाए तो हम कार्रवाई करेंगे : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली :** मणिपुर में 2 महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने के वीडियो को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर सरकार ने कड़े कदम नहीं उठाए तो हम कार्रवाई करेंगे. इस मामले को लेकर सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने आरोपियों के खिलाफ सख्त एक्शन लेने के निर्देश दिए हैं. साथ ही बताया है कि अगले हफ्ते शुक्रवार को मामले की सुनवाई होगी. इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस मामले को लेकर दुख जताया था और कड़े एक्शन की बात कही थी.महिलाओं को निर्वस्त्र कर परेड कराने की घटना पर चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि इस तरह की घटना को बिल्कुल स्वीकार नहीं किया जा सकता. उन्होंने जानकारी मांगी है कि जो लोग इसके जिम्मेदार हैं, उन पर क्या एक्शन लिया गया. कोर्ट ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर उसने जरूरी कार्रवाई नहीं की तो फिर कोर्ट अपनी तरफ से कदम उठाएगा. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार इस पर रिपोर्ट दे. अगली सुनवाई तक सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में रिपोर्ट तलब की है.कोर्ट में मौजूद केंद्र सरकार के दूसरे सबसे बड़े वकील सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट की चिंता से सहमति जताई. उन्होंने कहा कि इस मामले में कठोर कार्रवाई की जरूरत है. इस पर चीफ जस्टिस ने कहा कि वो सरकार को अपना काम करने के लिए समय दे रहे हैं. शुक्रवार, 28 जुलाई को यह मामला सुना जाएगा. अगर तब तक संतोषजनक कदम नहीं उठाए गए तो सुप्रीम कोर्ट खुद जरूरी आदेश देगा.



असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
Department of Oncology
Dr. Partha Sen
MBBS, MD
Clinical Oncologist
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 28° |
| न्युनतम | 22° |

## क्विक न्यूज

### यौन शोषण मामले में प्रदीप यादव पर चल रही कार्यवाही पर हाई कोर्ट की रोक जारी

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस नवनीत कुमार की कोर्ट में गुरुवार को महिला अधिवक्ता के साथ यौन शोषण करने के आरोपित कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव की क्रिमिनल रिवीजन पर सुनवाई हुई। मामले में हाई कोर्ट ने प्रदीप यादव के खिलाफ दुमका के एमपी-एमएलए कोर्ट में इस मामले से संबंधित चल रही कार्यवाही पर रोक जारी रखी है। कोर्ट ने मामले की विस्तृत सुनवाई के लिए 17 अगस्त की तिथि निर्धारित की है। प्रदीप यादव ने दुमका कोर्ट में उनके खिलाफ यौन शोषण के केस में हुए चार्जफ्रेम की प्रक्रिया को चुनौती दी है। इस केस में फिलहाल वह बेल पर हैं।

### महिला पहलवानों के मामले में बृजभूषण शरण सिंह को मिली जमानत

**नई दिल्ली :** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोपों के संबंध में भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह और सह आरोपित विनोद तोमर को जमानत दे दी है। एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट हरजीत सिंह जसपाल ने ये आदेश दिया। जमानत देते हुए कोर्ट ने कहा कि बिना कोर्ट की अनुमति के वे विदेश नहीं जा सकते हैं। कोर्ट ने कहा कि दोनों आरोपित किसी शिकायतकर्ता या गवाह को धमकाने या प्रभावित करने की कोशिश नहीं करेंगे।

## ऊर्जा विभाग अडाणी ग्रुप से करेगा 400 मेगावाट बिजली की मांग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** गोड्डा में स्थित अडाणी ग्रुप को ऊर्जा विभाग एक पत्र भेजेगा। इस पत्र में झारखंड सरकार के पूर्व में हुए एमओयू के अनुसार 400 मेगावाट बिजली की मांग की जाएगी। इस संबंध में ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार ने बताया कि पिछले दिनों मुख्यमंत्री ने अडानी ग्रुप के एमडी राजेश अडानी ने मुलाकात की थी। इसमें मुख्यमंत्री ने एमडी से शर्तों के तहत 400 मेगावाट बिजली सस्ती दर पर उपलब्ध कराने का मुद्दा उठाया था। इसके बाद ही विभाग अडाणी को पत्र भेजेगा। इतना नहीं जल्द ही अडाणी ग्रुप के अधिकारी और झारखंड बिजली वितरण निगम के अधिकारी बैठक कर इस मुद्दे का समाधान निकालेंगे।अदानी पावर प्लांट से बिजली उत्पादन शुरू हो गया है। उत्पादित बिजली बांग्लादेश को दी जा रही है। झारखंड का प्लांट से उत्पादित बिजली फिलहाल नहीं मिल रही है। पिछले कुछ समय से उर्जा विभाग, जेबीवीएनएल और अदानी पावर प्लांट के अधिकारियों के बीच इस मामले को लेकर लगातार बैठक हो रही है। अब उर्जा विभाग की ओर से अदानी समूह को पत्र भेजने की तैयारी की जा रही है, जहां राज्य के लिये 400 मेगावाट बिजली की मांग की जायेगी। पत्राचार के बाद इस मामले में बैठक कर समाधान निकाला जायेगा। पावर परचेस एग्रीमेंट के तहत किसी भी राज्य में पावर प्लांट लगाने पर 25 फीसदी बिजली उस राज्य को देने का प्रावधान है।

### सीएम ने स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ की उच्च स्तरीय बैठक

## राज्य में स्ट्रांग हेल्थ सर्किट बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : हेमंत सोरेन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : राज्य में स्ट्रांग हेल्थ सर्किट बनाने बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। यहां के अस्पतालों में जांच और इलाज की बेहतर और आधुनिक सुविधाएं सुनिश्चित की जाए,ताकि मरीजों को दूसरे राज्यों के बड़े अस्पतालों का रुख नहीं करना पड़े। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा और परिवार कल्याण विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को कई अहम निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए जो भी संसाधन की जरूरत होगी,सरकार उसे मुहैया कराएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी प्रमंडल के सदर अस्पतालों में इलाज और जांच की अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त 24म7 हेल्थ केयर सर्विसेज शुरू करने का निर्देश दिया। इसकी शुरुआत दुमका से होगी। 300 बिस्तर की क्षमता वाले इस अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ जांच- इलाज के सभी अत्याधुनिक संसाधन होंगे। सर्विसेज होगी। यहां सभी चिकित्सकों और पारा मेडिकल कर्मियों की शिफ्ट में ड्यूटी लगाई जाए, ताकि मरीजों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो।




**चिकित्सकों की नियुक्ति में तेजी लाने का निर्देश:** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य वासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिले, इसके लिए चिकित्सकों और अन्य पारा मेडिकल कर्मियों की नियुक्ति में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि आवश्यकतानुसार अनुबंध पर भी चिकित्सकों को नियुक्त करें ताकि किसी भी परिस्थिति में स्वास्थ्य व्यवस्था प्रभावित नहीं हो।

पंचायत दवा दुकान के लिए लाइसेंस देने में तेजी लाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की पंचायत स्तर दवा दुकान की योजना के तहत जल्द से जल्द और ज्यादा से ज्यादा पंचायतों में दवा दुकान खोलने की प्रक्रिया तेज हो।उन्होंने कहा कि जो भी पारा मेडिकल में प्रशिक्षित है , उन्हें भी इस योजना संचालन से जोड़ने की पहल करें। इस मौके पर अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि पंचायत स्तर दवा दुकान के लिए अब तक 24 सौ आवेदन मिल चुके हैं, जिनमें से 663 आवेदनों को स्वीकृति दी जा चुकी है।

**आयुष्मान भारत के मरीजों के इलाज में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी:** मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत के तहत मरीजों के इलाज में अस्पतालों द्वारा कोताही बरतने की बात लगातार सामने आ रही है। यह कदापि उचित नहीं है।

**बैठक में इनकी रही उपस्थिति**

उच्च स्तरीय बैठक में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, भवन निर्माण विभाग के सचिव सुनील कुमार, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक आलोक त्रिवेदी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अपर अभियान निदेशक विद्यानंद शर्मा पंकज, अपर सचिव जय किशोर प्रसाद,अपर सचिव शशि प्रकाश झा, संयुक्त सचिव मेधा भारद्वाज, निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं डॉ वीरेंद्र प्रसाद सिंह , रिम्स रांची के निदेशक डॉ राजीव कुमार गुप्ता, रिनपास के निदेशक डॉ जयंती शिमले, आयुष निदेशक डॉ फजलूस शमी और निदेशक ड्रग्स श्रीमती रितु सहाय समेत कई विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## रिम्स में डॉक्टर्स की पढ़ाई-लिखाई ठप, खाली कराया गया हॉस्टल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** संभवतः ऐसा पहली बार हुआ है कि झारखंड के सबसे बड़े अस्पताल और मेडिकल कॉलेज राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज ने 2019-22 बैच अंडरग्रेजुएट छात्र -छात्राओं के लिए शैक्षणिक गतिविधियों को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है और 24 घंटे के भीतर छात्रावास खाली करने का आदेश दिया है। इस आदेश के खिलाफ गुरुवार की सुबह बड़ी संख्या में छात्र रिम्स प्रशासनिक ब्लॉक में जमा हुए और कहा कि उनकी पढ़ाई बाधित होगी। बताया जा रहा है कि जन्मदिन की पार्टी के दौरान दो बैच के छात्रों के बीच मारपीट और झड़प के बाद रिम्स प्रशासन ने बैच 2019-22 के सभी छात्रों को हॉस्टल खाली करने निर्देश दिया है। अनुशासनहीनता का लगातार प्रदर्शन और प्रशासन के निर्देशों की अवहेलना है। मंगलवार की रात जो कुछ हुआ, उससे यह गंभीर स्थिति उत्पन्न हुई है। देर रात सैकड़ों छात्र निदेशक के आवास में घुस गए, सुरक्षा गार्डों के साथ दुर्व्यवहार किया और कुछ हिस्सों में तोड़फोड़ की।




छात्रों ने कहा कि सभी बैच में कम से कम 150 छात्र हैं। कुछ ही जिम्मेदार हो सकते हैं. कैसे सभी को निलंबित कर दिया गया है। छात्रों ने पूछा कि मुट्ठी भर छात्रों की करतूतों का खामियाजा उन्हें क्यों भुगतना पड़ेगा. इस बीच छात्र में गुस्सा था और प्रशासनिक भवन के सामने से हटने से इनकार कर दिया। रिम्स प्रशासन के हॉस्टल खाली करने के आदेश के खिलाफ सैकड़ों छात्र सुबह से ही आंदोलन कर रहे थे।

### छात्रों की एंट्री के लिए माता-पिता से मांगे ये डॉक्यूमेंट्स

स्टूडेंट्स वेलफेयर के डीन डॉ. शिव ने कहा कि वे बैचों में निलंबन रद्द करेंगे. वापस आने की सूचना संस्था की वेबसाइट पर डाल दी जाएगी. छात्रों को अपने माता-पिता के साथ वापस आना होगा. माता-पिता को एक एफिडेविट और अंडरटेकिंग देने को कहा जाएगा जिसमें घोषणा की जाएगी कि उनका बच्चा किसी भी उपद्रव में शामिल नहीं होगा और संस्थान के अनुशासन/मानदंडों का पालन करेगा. ऐसा न करने पर उन पर कार्रवाई होगी.

## भूस्खलन से 10 की मौत

एजेंसी

**मुंबई :** महाराष्ट्र के रायगढ़ में चट्टान खिसकने से एक बड़ा हादसा हुआ. इस हादसे में 25-30 घरों के पत्थर और मिट्टी के नीचे दबने की आशंका जताई जा रही है. इस हादसे में अब तक 96 लोगों को सुरक्षित निकाला जा चुका है जबकि 10 लोगों की मौत हुई है. 21 लोग गंभीर रूप से घायल हैं. घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है. मलबे में अभी भी कई और लोगों के फंसे होने की आशंका है. घटनास्थल पर एनडीआरएफ की टीम ने राहत और बचाव कार्य में जुटी हैं. ये घटना राजगढ़ के खालापुर में हुई है. हादसा बुधवार देर रात 12 बजे हुआ है. ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि चट्टान और मिट्टी के खिसकने से जो घर इसकी चपेट में आए हैं उनमें कई



लोग मौजूद हो सकते हैं. इलाके में बीते कुछ समय से तेज बारिश हो रही है, ऐसे में इस बारिश को ही चट्टान खिसकने की वजह माना जा रहा है. एनडीआरएफ की टीम को इलाके में हो रही तेज बारिश की वजह से राहत और बचाव कार्य चलाने में भी दिक्कत हो रही है. सीएम घटनास्थल पर पहुंचे और बचाव कार्य का जायजा लिया. जल्द से जल्द मलबे से दबे लोगों को निकालने को कहा। इरसलावाडी पहाड़ी पर ऊपर दुर्गम इलाके में है. वहां तक जाने के लिए कोई पक्का रास्ता नहीं है.

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



**संक्षिप्त खबरे**

## बैठक में लोकसभा चुनाव की बनी रणनीति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पंडवा (पलामू) :** पंडवा प्रखंड क्षेत्र में राष्ट्रीय जनता दल की प्रखंडस्तरीय बैठक हुई इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र मेहता ने की संचालन महेंद्र भुईयां ने किया। बैठक में पंडवा प्रखंड क्षेत्र में राजद की सांगठनिक स्थिति की समीक्षा की गई। बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाते हुए जनता को गोलबंद करने कर आह्वान किया गया। बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर रणनीति बनाई गई। पार्टी के पलामू जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा ने कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया। कहां की पार्टी प्रत्याशी को जीत दिलाने के लिए कार्यकर्ता सक्रियता के साथ काम करे। ऐससी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष धनंजय पासवान ने कार्यकर्ता को संगठित होकर काम करने के लिए प्रेरित किया।बैठक में दर्जनों लोगो ने राजद का दामन थामा जिला अध्यक्ष एव अन्य नेताओं ने उन्हें माला पहनाकर पार्टी में शामिल कराया।

# सर्पदंश से पति-पत्नी की मौत, गांव में छाया मातम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के लक्ष्मीपुर पंचायत के नावाडीह गांव के 45 वर्षीय बैजनाथ साव और उनकी पत्नी पुष्पा देवी ने जमीन पर सो हुए थे। करीब 10 बजे रात्रि करैत सांप ने पुष्पा देवी के हाथ मे डस लिया और इन्होने अपनी हाथ से तेज़ गति से सांप के फेंकी तो बगल मे सोये हुए पति को साँप ने फाइट कर दिया है। जब सांप के डस ने बाद इलाज के ले जाने के बदले अंध विश्वाश मे झांड फुक मे पुरा समय गुजर दिया गया। जब हालत गंभीर हो गई तो करीब 4 बजे सुबह मे इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर लाने के क्रम मे रास्ते मे दम ही पुष्पा देवी ने दम तोड़ दी और बैजनाथ के स्थिति खराब देखर सदर अपस्ताल मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया। जबकि रास्ते मे ही मे ही दम तोड़ दिया। मृतक दोनों दम्पति का शव अपने कब्जे मे कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया क्योंकि सरकारी प्रावधान के तहत मृतक के परिजनों के लाभ मिल सके।

## किसान ब्रिगेड ने कटैया में की पंचायत स्तरीय बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** प्रखंड के ग्राम पंचायत कटैया में गुरुवार को किसान ब्रिगेड ने पंचायत स्तरीय कार्यकर्ता बैठक का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता शशिभूषण मिश्र तथा संचालन विवेक कुमार मिश्र ने किया। बैठक में पंचायत स्तर पर पार्टी के मजबूती पर विशेष चर्चा किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ0 संजय कुमार सिंह ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा क्षेत्र के सभी पंचायतों में किसान ब्रिगेड के विस्तार के लिए बैठक का सिलसिला शुरू कर दिया गया है। बैठक की सफलता और संगठन के विस्तार के लिए सबों का सहयोग आवश्यक है इसलिए सभी अपने अपने पंचायतों में नए लोगों को किसान ब्रिगेड से जोड़ने पर ध्यान केंद्रित करें। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने क्षेत्र में फैले भ्रष्टाचार लचर बिजली व्यवस्था सिंचाई की समस्याओं सहित अन्य मुद्दों से श्री सिंह को अवगत कराया। बैठक में सुजीत मिश्रा गौरव ठाकुर जगन राम श्यामदेव पासवान सत्येंद्र सिंह अखिलेश महतो रवि कुमार मिश्रा रीता देवी रंजू देवी सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मिलकर दी बधाई, क्षेत्र की समस्याओं पर किया चर्चा



**बिश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवादाता):** वरीय भाजपा नेता धर्मदेव सिंह यादव ने पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सह सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी से प्रदेश कार्यालय में मुलाकात कर उन्हें अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित करते हुए बधाई दी। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की कई ज्वलंत मुद्दों पर बातचीत कर उसपर सकारात्मक पहल करने का अनुरोध किया। वहीं प्रदेश अध्यक्ष श्री मरांडी ने जिले के अन्य मुद्दों पर भी चर्चा किया और पलामू के वर्तमान राजनीतिक हालात की जानकारी ली।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ मेरे आवाज को दबाने का हो रहा प्रयास : नईमुद्दीन अंसारी



**बिश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवादाता):** वरीय बसपा नेता नईमुद्दीन अंसारी ने कहा कि नगर परिषद में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ मुखर रहा हूं, इसलिए मेरी आवाज दबाने का प्रयास किया जा रहा है। मुझे झूठे केस में फंसाकर मुख्य मुद्दे से लोगों का ध्यान भटकाया जा रहा है। श्री अंसारी गुरुवार को बिश्रामपुर में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बुधवार को गोदरमा गांव में जो घटना हुई उसमे सहायक नगर आयुक्त द्वारा मुझ पर भी प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। जबकि मैं घटनास्थल पर गया भी नही हूं। एक राजनीतिक षड्यंत्र के तहत मेरी आवाज को बंद करने का प्रयास है, लेकिन इससे भ्रष्टाचार के खिलाफ मेरी आवाज और बुलंद होगी। उन्होंने कहा कि आक्रोशित लोगों ने जब बिश्रामपुर में रोड जाम किया था तब प्रशासनिक पदाधिकारियों के बुलावे पर जाम स्थल पर गया और जाम हटवाया। इसके बावजूद भी मुझे जूठे मुकदमे में फंसाया जा रहा है। मुझे कानून और जनता दोनो पर पूरा भरोसा है.सच जरूर सामने आयेगा।

## ध्यान करते समय प्रभु के अंगो में ही सभी लोकों का ध्यान करना चाहिए : जीयर स्वामी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन के दौरान श्री श्री जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा कि सुकदेव जी महाराज ने बताया कि मंगलाचरण का मतलब होता है मंगल करना। जैसे कि किसी का विवाह हो रहा हो उसकी भूत, भविष्य, वर्तमान की कामना करना ही मंगलाचरण है। इसके लिए पितरों को गीत गाकर, ऋषियों को, भगवान को, देवताओं को गोहराना ही मंगलाचरण होता है। इसी प्रकार श्री शुकदेवजी ने भी बाद में मंगलाचरण किया कि जो मै कह रहा हूं उससे समाज में परिवार में जो सुनने वाला हो उसका मंगल हो। इसीलिए मंगलाचरण किया जाता है। चाहे भजन के रूप में हो या स्तुति के रूप में हो। शुकदेव जी ने परिक्षित को बताया कि जो अच्छे सदाचारी ब्राम्हण हो उसे भगवान का मुख बताया गया है। भगवान के मुख का पूजा करने का मतलब अग्नि का पूजन, रोम का पूजा का मतलब वृक्ष तथा नाड़ी का पूजा से नदियों का, स्वास जो है भगवान का वायु है. भगवान की गति जो है संसार को महायज्ञ का फल मिल गया. भगवान के नेत्र के ध्यान का मतलब अंतरिक्ष का ध्यान कर लिया. भगवान के पैर के तलवे को ध्यान करते हुए यह मानना चाहिए कि यह पताल लोक है. पैर के अग्र भाग रसातल लोक, दोनो एडी का ध्यान का मतलब महातल का दर्शन, जांघो के ध्यान का मतलब महीतल लोक का दर्शन है. दोनो पेंडुली का दर्शन परासर लोक की पूजा, घुटनों का दर्शन सुतल लोक का दर्शन, नाभी का दर्शन करने का मतलब हमने आकाश का, भगवान के वक्षस्थल का पूजा करने का मतलब स्वर्गलोक का दर्शन कर लिया. मुख का दर्शन करने का मतलब जन लोक, ललाट का दर्शन करने का मतलब तपोलोक का दर्शन, सिरोभाग का दर्शन सत् लोक है, भगवान की भुजा की पूजा करने का मतलब इन्द्र की, कान का ध्यान करने का मतलब दिशा का पूजन, इस प्रकार भगवान के अंगो का ध्यान करने से अलग अलग लोकों के परिक्रमा करने का फल प्राप्त होता है. यदि सारे दुनिया के तीर्थ व्रत देवी देवता की पूजा करने की क्षमता नही है तो केवल एक मात्र भगवान नारायण की पूजा कर लिया तो तैंतीस कोटि देवता हैं सभी देवताओं को सातों लोक की अराधना कर लिया।

## विधायक सह पूर्व मंत्री संत श्री जीयर स्वामी जी महाराज का दर्शन कर लिया आशीर्वाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के पाल्हे-जतपुरा गांव में पूज्य संत श्री जीयर स्वामी जी महाराज का दर्शन कर आशीर्वाद लेने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। इसी क्रम में गुरुवार को मझिआंव विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सह पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी अपने समर्थकों के साथ यज्ञ स्थल पर पहुंचे। वे श्री स्वामी जी महाराज का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि यहां के लोग बड़े भाग्यशाली हैं कि देश के महान संत श्री जीयर स्वामी जी महाराज का 5 महीने का सानिध्य मिल रहा है। यहां की धरती इतने बड़े तपस्वी को पाकर धन्य हो गई.पूर्व मंत्री को यज्ञ समिति के सचिव अनीश शुक्ल, सह सचिव राकेश चौबे, उपाध्यक्ष अमित शुक्ला आदि ने प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही अक्टूबर माह में होने वाले श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में भाग लेकर पुण्य का भागी बनने के लिए आमंत्रण पत्र दिया.मौके पर सुनील चौबे, उमेश शुक्ला, धीरेंद्र चौबे, ओमप्रकाश तिवारी आदि उपस्थित थे।

## बीटीएम को किया गया सम्मानित



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित एग्री क्लिनिक सेंटर में गुरुवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बीटीएम दयानंद पांडे के स्थानांतरण पर उन्हें सम्मानित किया गया एवं नए बीटीएम विजय कुमार यादव का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में किसान मित्रों द्वारा दोनों को सॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए अंचल पदाधिकारी अरुण कुमार एक्का ने कहा कि नोकरी में तबादला तो आम बात होती है लेकिन कर्मी एवं पदाधिकारी द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान किये गए अच्छे कार्य की सराहना होती है। उन्होंने कहा कि कर्मियों को चाहिए कि कही भी जाये तो अपने अच्छे व्यवहार एवं कार्य से क्षेत्र के लोगों को दिल जीतने का कार्य करें। बीटीएम दयानंद पाण्डेय ने कहा कि नगर ऊंटारी में लोगों का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ जिसके कारण कार्य करने में काफी सहूलियत हुई। यहां हमें लोगों द्वारा काफी सम्मान एवं प्यार प्राप्त हुआ। सम्मान समारोह में किसान मित्र मुकेश शुक्ल, सुदेश्वर विश्वकर्मा, हसन अंसारी, अरुण कुमार चौबे, दिलीप पटेल, शिवकुमार राम, सुशील सिंह, बिपिन बिहारी सिंह, धर्मेंद्र प्रताप देव, मुकेश तिवारी सहित सभी किसान मित्र उपस्थित थे।

## अधूरा पड़ा भवन वर्षों पूर्व ठेकेदार ने निकाले पैसे : उषा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** पिपरा के पंचायत तेंदूई मे वर्षो से आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है जिसकी शिकायत मुखिया उषा देवी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से लिखित रूप में करते हुए कार्रवाई की मांग किया है। तेंदुइ मुखिया का कहना है कि वित्तीय वर्ष 2016-17 में सात आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कार्य पंचायत तेंदूई के विभिन्न गांव में शुरू हुआ था। जिसका निर्माण कार्य वर्षो बीत जाने के बाद भी पूरा नहीं हुआ है संवेदक के द्वारा लगभग पूरे पैसे की निकासी भी कर ली गई है। आज पंचायत क्षेत्र का आगनबाड़ी किराए के भवन में चलता है बच्चों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसकी शिकायत पूर्व में भी मौखिक रूप से किया गया था लेकिन आंगनबाड़ी सेविका एवं बच्चों की परेशानी को देखते हुए अभिलंब भवन का निर्माण कार्य पूरा करवाया जाए तथा इस अवैध उगाही में सम्मिलित लोगों पर जांच उपरांत कार्रवाई की जाए।

# सहायक नगर आयुक्त ने 15 नामजद सहित 170 अज्ञात पर दर्ज कराई प्राथमिकी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर :** गोदरमा कला गांव में कब्रिस्तान से छठ घाट तक बनने वाले पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे विश्रामपुर सहायक नगर आयुक्त परवेज आलम के ऊपर स्थानीय लोगों की ओर से जानलेवा हमला की गई थी। जिसमें 15 नामजद सहित 170 अज्ञात लोगों के ऊपर बेला थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिनमें ऐरून बीबी पति मो मुमताज अंसारी, बीबी पति नूर मोहम्मद गुलशन अंसारी, सकीना बीबी पति चाँद मोहम्मद असारी, रूबीना बीबी पति लाल मोहम्मद अंसारी, सरफुदीन अंसारी पिता मोहन अंसारी, नेजाम अंसारी पिता सदीक अंसारी, नजमुदीन असांरी पिता मोहन अंसारी, नूर आलम अंसारी पिता अमजद अंसारी, मंडल अंसारी पिता इस्माईल अंसारी, किताबुदीन अंसारी पिता कुकु अंसारी, मुख्तार असांरी पिता गुलबहार अंसारी सभी गोदरमा कला के स्थायी निवासी है। इनके अलावे कोशियार गांव निवासी पूर्व नगर अध्यक्ष के पति नईमुदीन अंसारी, सलीमुदीन अंसारी, गोदरमा कला निवासी विजय कान्त पाण्डेय, निरज पाण्डेय को के द्वारा उकसाये जाने पर गोदरमा के विशेष समुदाय के लोगों के द्वारा कार्य रोकने का प्रयास किया गया। इनके द्वारा मारपीट कर विधिव्यवस्था खराब करते हुए सरकारी कार्य में बाधा डाला गया। सहायक नगर आयुक्त परवेज आलम ने बताया कि कार्यालय नगर परिषद विश्रामुपर के निविदा सं0 यूडीडी/ पीबी/11/2022-23 के द्वारा योजना वार्ड नं0 03 गोदरमा कलां में कब्रिस्तान से छठघाट तक पीसीसी पथ निर्माण का कार्यादेश दिया गया था। जिसका अंशतः भाग का निर्माण 19 जुलाई बुधवार को किया जा रहा था। जिसके निरीक्षण को लगभग 10:30 बजे कार्यस्थल पर पहुंचे। इनके साथ कार्यालय कर्मी नगर प्रबंधक सुभाष हेम्ब्रम , नगर प्रबंधक प्रभात कुमार, नगर मिशन प्रबंधक जितेन्द्र कुमार, कनीय अभियंता विभूति भूषण , कनिय अभियन्ता अजीत टुड्डु, कनिय अभियन्ता मुकेश कुमार , कनिय अभियन्ता अभय राजहंसौ थे। इसी बीच लगभग 10¬45 बजे लगभग 100 की संख्या में लोग पहुंचे। जिसमें लगभग 60 की संख्या में महिलाए व 30 से 40 पुरूष लाठी, डंडा से लैस होकर नाजायज मजमा बना कर कार्य स्थल पर पहुंचे तथा निर्माण कार्य को जबरजस्ती रोकने लगे। साथ हीं कार्य कर रहे मजदूरों के साथ मारपीट करने लगे। सहायक नगर आयुक्त परवेज आलम के द्वारा समझाने का प्रयास किया गया तो सभी लोगो ने मेरे उपर जान से मारने के नियत से लाठी डंडा एंव पत्थर के साथ हमला कर दिया। जिसमे लाठी के प्रहार से सर फट गया व अन्य जगहों पर भी चोटे आई है। इसके बाद किसी तरह से वहाँ से भाग कर जान बचाई। जिन्हें पहचानते हैं उनके खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई व अन्य के खिलाफ अज्ञात प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। वहीं दोषियों के विरूद्ध विधिसम्मत कारवाई करने की मांग की है। वहीं कोई दूसरे मुस्लिम समुदाय के सर्फुद्दीन अंसारी के द्वारा भी रेहला थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

## मुहर्रम पर्व मनाने को लेकर केतार थाना में हुई शांति समिति की बैठक




**केतार (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना परिसर में गुरुवार को मुहर्रम पर्व मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचल पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने की। वही बैठक में उपस्थित मुस्लिम समुदाय के लोगों को कहा की प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मुहर्रम पर्व शांति व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाए। वहीं थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि ने मुहर्रम जुलूस में किसी भी प्रकार का आपत्तिजनक पोस्ट हिंसा-हंगामा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नाही कोई जुलूस के लिए नया रूट निर्धारित किया जाएगा। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कहा कि जुलूस गुजरने वाले रास्ता को निरीक्षण कर लिया जाए। लोगों से अपील करते हुए थाना प्रभारी ने कहा कि मोहर्रम इंतेजामिया कमेटी के लोंग आगामी 29 जुलाई को निकलने वाला जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से निकाले। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार का सूचना तुरंत ही पुलिस को देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सुबह 7बजे से जुलूस बस्ती से होते हुए नदी तक, दोपहर 2 से जुलूस बस्ती से होते हुए कर्बला तक समाप्त किया जाएगा। इस मौके पर मुखिया श्यामसुंदर बैठा, प्रमोद कुमार, मुन्नी देवी, मनोरंजन प्रसाद गुप्ता, मूंगा साह, उप प्रमुख शंभू सिंह खरवार, समाजसेवी सुरेन्द्र प्रसाद, उदय प्रसाद, सदर समीम अंसारी, हकीमुद्दीन अंसारी, अलीहुसैन अंसारी, अल्ताफ अंसारी, पीरमोहमद अंसारी, रामविचार साहू, त्रिपुरारी सिंह, सुशील पाठक, शाहिद हुसैन, छोटन कुमार सिंह, सहित अन्य लोग शामिल थे।

**चालक की लापरवाही ने बिजली पोल में मारी टक्कर**

# बड़ी दुर्घटना होने से बची, मोड़ पर लगे हाई मास्ट जल कर खाख





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पड़वा (पलामू) :** राष्ट्रीय राजमार्ग 75 निर्माण को ले फ्लाईएस डंप कर रहे वाहन ने बुधवार की रात 11हजार बिजली के तार और पोल में टक्कर मार दी। इससे पोल और तार सड़क व 440 वोल्ट के तार पर गिर गया तार से बिजली के करंट प्रवाह होने के कारण आग लग गया जबकि 440 तार में 11 हजार वोल्ट प्रवाह होने से पाटन मोड़ पर लगे हाई मास्ट के बल्ब जल कर खाक हो गए।वहीं मोड़ पर दुकानदार को भी पंखा बल्ब आदि भी खराब हो गए।. राहगीरों ने इसकी सूचना बिजली मिस्त्री अनुज को दिया जिसके बाद सब स्टेशन से बिजली कटवाया गया।. दुघर्टना में वाहन चालक और वाहन बाल बाल बच गए. चालक ने गाड़ी लेकर फरार हो गया। गुरुवार को बिजली विभाग ने तत्परता दिखाते हुए पोल और तार को दुरुस्त किया गया। मालूम हो की जहां फ्लाई ऐश डंप किया जा रहा है वहा हाई वोल्टेज 33 हजार का तार भी गुजरा है जो पाटन सब स्टेशन में जाता है। गलती से भी चालक इसी तरह के गलती कर दे तो बड़ा हादसा हो सकता है. मालूम हो की बड़ी संख्या में वाहन माल का ढुलाई कर रहे है। ये वाहन पहले माल खाली करने के चक्कर में बिना कुछ देखे और सुने वाहन को इधर उधर घुमाते और खड़ा करते है। कंपनी के स्टाफ मैदान जहा माल खाली होता है वहा होते है लेकिन सड़क पर इन्हे वाहनों को देखने वाला कोई नहीं। धूल इतने की खुली आंख पार करना मुश्किल हो गया है. मालूम हो की मैदान में इतना जगह है की सैकड़ों गाड़ी खड़ा हो सकता है लेकिन सभी वाहन सड़क पर ही घंटो खड़ा रहते है जबतक माल खाली नहीं हो जाता।

## पंसस की मासिक समीक्षा बैठक रहा हंगामेदार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में पंचायत समिति सदस्यों की मासिक समीक्षा बैठक प्रखंड कार्यालय सभागार में हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी ने की। बैठक में कंकारी पंचायत के पंसस मुन्ना पाल ने कहा की कंकारी पंचायत के बीएलओ द्वारा वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने हेतु असुर परिवार से 400 रूपये लिया गया है। तथा कंकारी 3 के आंगनबाड़ी सेविका संजू देवी के पति द्वारा निरीक्षण के दौरान पंचायत समिति सदस्य के साथ दुवर्येवहार का मामला उठाया और जांच कर करवाई करने की मांग की। शिक्षा विभाग के मामले में उपप्रमुख सुनील सिंह ने पूछा कि कस्तूरबा विद्यालय में बीपीएल परिवार के बच्चियों का नमांकन होना होता है फिर कैसे संपन्न लोगो के बच्चो का नामांकन हो जाता है। उन्होंने कस्तूरबा विद्यालय के प्रबंध समिति के गठन की जांच की मांग की। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर के प्रभारी चिकित्सक डॉक्टर चमन कुमार ने बताया कि कुछ माफियाओं द्वारा नकली जन्म प्रमाण पत्र बनाया जा रहा है। पंसस लाल जी चौधरी ने अंचल कार्यालय में जमीन सुधार, एलपीसी बनाने में, म्यूटेशन करने में तथा जाति बनाने में भी पैसा लेने की बात कही। उन्होंने मांग किया कि प्रखंड के सभी राजस्व कर्मचारी को अंचल कार्यालय परिसर में ही रहकर कार्य करे। राजस्व कर्मचारी के उगाही मामले पर सीओ संजय कुमार बाखला ने कहा कि राजस्व कर्मचारी के भवन का मरम्मती का कार्य चालू है। पूरा हो जाने के बाद सभी राजस्व कर्मचारी के परिसर में ही कार्य करने की कहा जाएगा। उपप्रमुख सुनील कुमार सिंह ने मनरेगा में हुए कार्यो की सूची मांगते हुए कहा कि लिखित रूप से मार्च में सूची मांगी गई थी लेकिन अभी तक सूची उपलब्ध नहीं कराई गई है। इस पर सचिव सह बीडीओ गिरवर मिंज ने कहा कि सूची मुखिया से मांगी गई है। मुखिया से मिलने के बाद सूची उपलब्ध कराई जाएगी। बीपीओ अभय कुमार ने बताया कि प्रखंड के सभी भेंडरो की जांच की गई है और सभी भेंडर के पास स्टॉक है। पंसस कमल किशोर प्रसाद ने पंचायत में मनरेगा में अनियमितता का मामला उठाया। मौके पर ओडनार पंचायत की पंसस सुमन कुमारी विधुत विभाग का मामला उठाया। बैठक में अनुपस्थित पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया।

## एसडीओ आलोक कुमार ने पाल्हे-जतपुरा पहुच कर पूज्य संत श्री जीयर स्वामी जी महाराज जी का लिया आशिर्वाद



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार गुरुवार को पाल्हे-जतपुरा गांव में पूज्य संत श्री जीयर स्वामी जी महाराज जी के संकल्पित चातुर्मास्य व्रत स्थल पर पहुंचे. अनुमंडल पदाधिकारी ने सर्वप्रथम स्वामी जी महाराज का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कुछ देर तक स्वामी जी के सानिध्य में सुकून प्राप्त किये. अनुमंडल पदाधिकारी ने यज्ञ समिति से यहां की व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त किया तथा कहा कि श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को ऐतिहासिक बनाने में हमारा पूर्ण सहयोग समिति को हमेशा मिलते रहेगा.स्वामी जी महाराज का दर्शन करने के बाद अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि यहां आकर काफी अच्छा लगा तथा आत्मशांति प्राप्त हुई सुबह मंगला आरती व शाम में कथा में आकर कथा श्रवण करने की बात कही। सचिव अनिल शुक्ल, राकेश चौबे, अमित शुक्ल, उमेश शुक्ल, शैलेश चौबे सहित बड़ी संख्या में समिति के लोग उपस्थित थे।

**संक्षिप्त खबरें**

### कुरैश कॉन्फ्रेंस झारखंड प्रदेश कमेटी बनाई गई

**रांची** : एक नया संगठन कुरैश कॉन्फ्रेंस झारखंड प्रदेश के नाम से 20 जुलाई 2023 दिन गुरुवार को दावत पैलेस मनी टोला डोरंडा में बैठक बुलाई गई। इस बैठक की अध्यक्षता कांफ्रेंस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हाजी अफसर कुरैशी ने की और संचालन नेहाल कुरैशी ने किया। इस बैठक में कुरैश कॉन्फ्रेंस झारखंड प्रदेश कमेटी बनाई गई। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष हाजी बिलाल कुरैशी, निजाम पहलवान, जैनुल हक कुरैशी को कार्यकारी अध्यक्ष, अब्दुल्लाह कुरैशी को महासचिव बनाया गया, कोषाध्यक्ष हाजी इकराम कुरैशी, उपाध्यक्ष जमील अहमद बबलू, हाजी तौफीक कुरैशी पप्पू, आजाद कुरैशी, और रुस्तम कुरैशी को बनाया गया। सेक्रेटरी नेहाल कुरैशी, एजाज कुरैशी को नियुक्त किया गया। वहीं यूथ विंग के अध्यक्ष बाबर कुरैशी को बनाया गया। इस मौके पर इस्माइल कुरैशी , मुख्तार कुरैशी, इरफान महाजन, सईद कुरैशी, आजाद कुरैशी, शादाब कुरैशी, बारीक कुरैशी, इरफान कुरैशी, नासिर कुरैशी शामिल हुए।

### रांची के अलग-अलग इलाके से मिले दो शव, जांच में जुटी पुलिस

**रांची** : रांची के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में गुरुवार दो शव सुबह मिले हैं। पहला शव लालपुर थाना क्षेत्र के जेल चौक से मिला है। वहीं दूसरा शव गोंदा थाना क्षेत्र में बरामद हुआ है। लालपुर थाना क्षेत्र के शव की पहचान छोटू वर्मा के रूप में हुई है। दूसरा शव कांके डैम से बरामद हुआ है। सुबह मछुआरे ने कांके डैम में तैरता हुआ शव देखा, जिसके बाद इस मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। जानकारी मिलने के बाद गोंदा थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत से शव को बाहर निकाला और पहचान की गई। मृतक की पहचान बिरसा मुंडा के रूप में की गई है। फिलहाल गोंदा थाने की पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## मणिपुर राज्य सरकार को अविलम्ब भंग कर राष्ट्रपति शासन लगाया जाए : झामुमो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मणिपुर राज्य की दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाए जाने का वीडियो सोशल मीडिया में फैलने के बाद तथा देश के सर्वोच्च न्यायालय के स्वतः संज्ञान लेने के बाद जागी केंद्र तथा मणिपुर राज्य की भाजपा सरकार महिलाओं के चीरहरण, उसकी स्मिता से हुए खिलवाड़ के विरोध में सिर्फ चंद पंक्तियाँ ही कह पाई। केंद्र एवं राज्य में सत्ता में रहने के बाद भी उक्त महिलाओं के प्रति हुए अन्याय की जानकारी 77 दिन बाद प्राप्त होना, उनकी महिलाओं के प्रति सोच को दर्शाता है। 77 दिन बाद भी दोषियों पर कार्रवाई के जगह सिर्फ दो पंक्तियाँ बोल देना, भाजपा के चाल एवं चरित्र को उजागर करता है। लागातार आदिवासियों पर भाजपा, उनकी सरकार और उनके नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा जुल्म ढाए जा रहे हैं। देश की कोई भी आदिवासी



महिलाऐं सुरक्षित नहीं हैं। झामुमो राँची जिला समिति द्वारा जिलाध्यक्ष मुशताक आलम के नेतृत्व में मणिपुर में महिलाओं के प्रति हुए अन्याय एवं भारतीय जनता पार्टी के उक्त मानसिकता के खिलाफ शहीद अल्बर्ट एक्का चौक पर भारतीय जनता पार्टी की नेतृत्व वाली केंद्र सरकार एवं मणिपुर राज्य सरकार का पुतला दहन कर भाजपा का चाल, चरित्र और मानसिकता को उजागर किया गया। झामुमो राँची जिला समिति द्वारा मांग किया गया कि मणिपुर राज्य सरकार को अविलम्ब भंग कर राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। मौके पर झामुमो जिला सचिव डॉ हेमलाल कुमार मेहता हेमू, केन्द्रीय सदस्य समनुर मंसुरी, पवन जेडिया, अन्तु तिर्की, जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, जनक नायक, बीरू तिर्की, कलाम आजाद, बीरू साहु, आदिल इमाम, डम्मम प्रदीप मिर्धा, कुदुस अन्सारी, समीम बड़ेहार, महादेव मुण्डा, फैयाज शाह, शान्ति तिर्की, जीत गुप्ता, नागेश्वर महतो, नरेश यादव, धर्मेन्द्रसिंह, परवेज आलम गुड्डू, सोनु मुण्डा, फरीद खान, नवीन तिर्की, अवधेश यादव, मो असलम, सुजीत कुजुर, गोपाल पाण्डे, साहिल यादव, राकेश वर्मा, शाहनवाज हुसैन, विलियम रिचड लकडा, जावेद अख्तर अन्सारी, झबुलाल महतो, मन्टु लाला, मंगरू मुण्डा, फारूक अन्सारी, महेन्द्र करमाली, रिशु रितेश, अजित नायक, फैयाज अन्सारी, सुषमा उरांव, राखी देवी, सोमारी देवी, राजेश सिंह, किरण भावरा, दिलबर सुरिन, विनोद मुण्डा, कयुम अन्सारी, गौरव वर्मा, राधा बाउरी, सुकरमनी देवी, बेलाल अन्सारी, असलम अन्सारी, सईयद फिरोज आलम, बबलु मिंज, नयन तारा उरांव, उषा उरांव, मुस्लिम अन्सारी, नजीम, परविन्दर सिंह नामधारी, आफताब आलम, कैथरीना तिर्की, सुजीत उपाध्याय, अरूण गुप्ता, भुनेश्वर साहु, अख्तर अन्सारी, रमजान रजा, अफसर अन्सारी, आमिर कौनैन, मृत्युन्जय सिंह आदि शामिल थे।

## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में नामांकन से संबंधित डीसी ने की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में नामांकन से संबंधित बैठक आयोजित की गई।बैठक में बैठक में विधायक कांके विधानसभा, सम्मरी लाल एवं माननीय सांसद/विधायक के प्रतिनिधिगण, जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-जिला कार्यक्रम पदाधिकारी रांची, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी/अवर विद्यालय निरीक्षक, राँची, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, राँची जिला के सभी वार्डन एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

उपायुक्त, ने शैक्षणिक सत्र-2023-24 में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में नामांकन के लिए प्रखण्ड स्तरीय समिति से अनुसंसित बालिकाओं के अनुमोदन के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक में 6 वी कक्षा में कुल-891 बालिकाओं तथा झारखंड बालिका आवासीय



विद्यालय में कुल-247 एवं अन्य-99 कुल योग-1237 बालिकाओं का चयन समिति द्वारा अनुमोदित किया गया।

शैक्षणिक सत्र- 2023-24 में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में नामांकन के लिए बिरहोर बालिकाओं के नामांकन के लिए इन प्रखंडो-खलारी, बुंडू, अनगड़ा एवं कांके पर विशेष जोर दिया गया।

उपायुक्त ने शैक्षणिक सत्र- 2023-24 में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में नामंकन में प्रतीक्षा सूची में रखी गई बालिकाओं का चयन किसी बालिका के नामंकन नही लेने की स्थिती में कराने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया गया।

झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय खलारी का शिफ्टिंग से पहले चारदीवारी का निर्माण कराने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया एवं संबंधित वैसे विद्यालय जहाँ मरम्मति का कार्य पूर्ण नही हुआ हैं, उसे पूरा कराने को कहा।

## रांची में पेड़ गिरने से युवक-युवती घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : शहर के सूचना भवन के समीप गुरुवार को एक पेड़ गिरने से बाइक से जा रहे युवक और युवती गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि युवक-युवती दूरदर्शन की ओर से आ रहे थे। इस बीच पेड़ गिरने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। इस मामले की जानकारी दोनों के परिजनों को दे दी गयी है।

## कोराना में जान गंवाने वाले कर्मियों के आश्रितों को मिलेगा बीमा का लाभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : कोरोना में सेवा के दौरान जिन कर्मियों की मौत हुई, उनके परिजन अब प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज (पीएमजीकेपी) के तहत बीमा के दावे के लिए 31 जुलाई 2023 तक आवेदन कर सकते हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार) ने इस संबंध में 12 जुलाई को ही पत्र जारी कर दिया है। जारी पत्र के अनुसार प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज के अंतर्गत बीमा के दावे का निष्पादन की तारीख को बढ़ाकर 31 जुलाई 2023 तक कर दी गई है। पहले आवेदन की समय




सीमा 15 जनवरी 2023 ही तय की गई थी। इस बाबत झारखंड ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन समिति के अभियान निदेशक आलोक त्रिवेदी ने बताया कि बीमा के दावे से संबंधित आवेदन चेक लिस्ट के अनुसार सभी दस्तावेज और उपायुक्त द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र संबंधित जिले के सिविल सर्जन के माध्यम से अविलंब उपलब्ध कराएं, ताकि द न्यू एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को भेजा जा सके।

## मस्जिद जाफरिया में दस दिवसीय मजलिस जिक्र कर्बला शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : मस्जिद ए जाफरिया रांची में मजलिस जिक्रे शहीदान ए कर्बला का आगाज हो चुका है। मुहर्रम का चांद देखते ही शिया मुसलमानों के घरों में हर तरफ से या हुसैन की सदाएं गूंजने लगी। मस्जिद ए जाफरिया में 10 दिवसीय मजलिस जिक्र ए शहादत एक मुहर्रम से 10 मुहर्रम तक रात्रिया 8:00 से किया गया है।

इस मजलिस को मुख्य रूप से हाजी मौलाना सैयद तहजीब उल हसन रिजवी इमाम जुमा व जमाअत मस्जिद ए जाफरिया रांची संबोधित किये। मौलाना तहजीब उल हसन ने इस्लाम धर्म से आस्था रखने वालों को बताया कि इस्लाम को लाने वाले का नाम मोहम्मद है और इस्लाम को बचाने वाले का नाम हुसैन इब्ने अली है। आज अगर इमामे हुसैन ने अपने पूरे घर की कुर्बानी कर्बला में नहीं दी होती तो आज इस्लाम का नाम लेने वाले कोई ना होता। यह कार्यक्रम 29 जुलाई तक चलता रहेगा। 27 जुलाई को मजलिस के बाद आलम का मातमी जुलूस मस्जिद ए जाफरिया परिसर से निकाला जाएगा। 28 जुलाई को संध्या 8ः00 बजे अनवर टावर विश्वकर्मा मंदिर मेन रोड से निकालकर मस्जिद ए जाफरिया पहुंचेगा और तमाम अखाड़े के खलीफा ओं का टैक्सी स्टैंड में ऑल इंडिया शिया पर्सनल ला बोर्ड अंजुमन जफरिया के तत्वाधान में स्वागत किया जाएगा।

## इनरव्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा का 7वां स्थानापना दिवस मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : इनरव्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा रांची डिस्टिक 325 का सातवां पदस्थापन समारोह होटल ली लैक में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन सरिता प्रसाद एवं विशिष्ट अतिथि पूनम प्रकाश के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं रिंकू बनर्जी की वंदना गायन से हुआ। क्लब की निवर्तमान अध्यक्ष नम्रता कुमार ने सत्र 2023- 24 की अध्यक्ष माला श्रीवास्तव को विधिवत पिन पहनाकर पदभार सौंपा



गया। नव पदस्थापित अध्यक्ष माला श्रीवास्तव ने वर्तमान सत्र की परियोजनाओं की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए क्लब के पदाधिकारी के रूप में उपाध्यक्ष सुप्रिता लाल , आईपीपी नम्रता कुमार,सचिव सोमा भादुड़ी, कोषाध्यक्ष नीता शेखर ,आईएसओ अर्चना त्रिवेदी ,संवाददाता सुषमा सिन्हा को पिन लगाकर कार्यभार सौंपा। इस अवसर पर मनीषा, रजनी दुबे ,रीता वर्मा एवं अन्य को शपथ दिलाते हुए क्लब की सदस्यता प्रदान की गई। कार्यक्रम में पी पी दीपा चौहान , पीपी देबजानी सन्याल, पी पी सी जी आर नीता नारायण रेखा सिंह, सुषमा पांडे, नूपुर शशांक, देबजानी सन्याल,अंबुजा शरण ,नीलम अखौरी ,कामिनी भारती, प्रिया रॉय, निशी श्रीवास्तव ,पदमा बंका ,रिंकू बनर्जी ,अंशु सहाय, ज्योति सिंह, आभा सिंह, शिप्रा बनर्जी अनुपमा चौधरी आदि के सहयोग से कार्यक्रम सफल हुआ।

## रांची : राज्यस्तरीय कार्यशाला का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : जिनस्ता इन. कांटा टोली चौक में एक राज्य स्तरीय कार्यशाला सुरक्षित पलायन के मुद्दे पर सरकादी विभागों के कर्मचारी व जतन/स्पार्क के सहयोग से आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप मधुकर वरिष्ट पत्रकार एक सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालक स्पार्क श्रम संस्था के सचिव एच आई- फातमी के आलावा अन्य संस्था के लोग भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित



कर किया गया। इसके बाद अंजनी ने जतन/स्पार्क के इतिहास के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि जतन एक नेवर्क है जो 13 जिलों के प्रत्यक्ष रूप सुरक्षित पलायन के मुद्दे एक घरेल महिला कामगार के मुद्दे पर काम कर रही है। इसके बाद एक प्रेजेन्टेशन निशीमीता ताई ने कहाँ कि के द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पुरे झारखंड में असुरक्षित पलायन एक ज्वलनशील मुद्दा है। अतः हमें सुरक्षित पलायन को बढ़ावा देना होगा। सरावनी ने कहा कि सुरक्षित पलायन के लिए सबसे जरूरी है कि पालन कर्ता अपना रेजिस्ट्रेशन कर ही कहीं भी पलायन करें। हमें चाहिए कि लोग ज्यादा से ज्यादा जागरुक हो। ताकि महिलाएं एवं सभी लोग अपने एक अधिकार को पा सके। ए के सिंह ने कहा कि पलायन चार राज्य में झारखंड, केरल ,बिहार एवं पंजाब में ज्यादा होता है ।

सरकार के तरफ से ठोस कदम उठाने की जरूरत है जिससे सुरक्षित पलायन लोग कर सके ।


## पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, विनोद सिन्हा और अनिल वास्तवडे ईडी कोर्ट में पेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : मनी लॉन्ड्रिंग केस के आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, उनके सहयोगी मनोज पुनमिया, अनिल आदिनाथ वास्तावड़े समेत अन्य आरोपित गुरुवार को ईडी की विशेष कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। अदालत में आज ईडी की ओर से गवाह प्रस्तुत किया जाना था लेकिन गवाह उपस्थित नहीं हुआ। इसके बाद कोर्ट ने अगली सुनवाई की तारीख पांच अगस्त को निर्धारित की है। मधु कोड़ा के मुख्यमंत्री काल में उनके मंत्रिमंडल में शामिल मंत्रियों और उनके सहयोगियों पर करोड़ों रुपये की अवैध कमाई करने का आरोप है। इस पूरे प्रकरण की जांच सीबीआई और ईडी ने की है। मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े अन्य मामलों में पूर्व मंत्री एनोस एक्का, बंधु तिर्की और हरिनारायण राय को कोर्ट सजा सुना चुका है। कई लोग अभी भी ट्रायल फेस कर रहे हैं।

### रांची में भारी मात्रा में नकली विदेशी शराब जब्त



**रांची :** उत्पाद विभाग ने रांची में एक घर में छापेमारी कर भारी मात्रा में नकली विदेशी शराब जब्त किया है। यह मामला रातु थाना इलाके कि तिगरा बसाईर टोली का है। सहायक आयुक्त उत्पाद डॉ राकेश कुमार के निर्देश पर विभाग ने छापेमारी की। विभाग ने करीब 1.50 लाख के 28 पेटी नकली विदेशी शराब जब्त किया है। हालांकि, कार्रवाई के दौरान आरोपित भागने में सफल रहा।

## अलग-अलग कांडों में संलिप्त चार आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** लोअर बाजार थाना क्षेत्र से विभिन्न मामलों में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

सिटी एसपी शुभांशु जैन ने बताया है कि लोअर बाजार थाना अंतर्गत फुटपाथ दुकानदारों से पैसा वसूली के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है , जो कर्बला चौक से लेकर बहू बाजार तक फुटपाथ में सब्जी विक्रेताओं से पैसे वसूली किया करते थे। इस मामले में



फैयाज अली और जावेद को गिरफ्तार किया गया है। इन लोगों के पास कोड वर्ड में लिखा हुआ खुर्जा 5690 हजार रुपए भी बरामद किया गया। वहीं मोबाइल चोरी के आरोप में हर्ष कुमार को गिरफ्तार किया गया है और आर्म्स एक्ट के मामले में कासिम अंसारी को गिरफ्तार किया गया ।

इसके पास एक पिस्टल और गोली भी बरामद की गई है । इस पूरे मामले के उद्भेदन में लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद और उनकी टीम छापामारी कर पूरे मामले का उद्भेदन किए।

## रंगदारी और हवाई फायरिंग करने के आरोप में तीन गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रातू थाना क्षेत्र के फुटकल टोली में 9 जुलाई को अज्ञात अपराध कर्मियों द्वारा हवाई फायरिंग की गई थी, जिसमें गोली छटक कर दो लोगों को लगी थी , जिसमें वह घायल हुए थे ।

इस मामले को लेकर रातू थाना क्षेत्र के कमरुल हक ने रातू थाना में मामला दर्ज कराया , जिसमें पुलिस छानबीन करते हुए 3 लोगों को गिरफ्तार किया है । ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि घटना की जैसे ही जानकारी हुई तो रातू डीएसपी प्रवीण कुमार के नेतृत्व में टीम गठित किया गया, जिसमें रातू थाना प्रभारी सपन कुमार महत्ता, शेखर कुमार सिंह, रोहित कुमार ,धर्मेंद्र कुमार आदि को शामिल किया गया और इस घटना का उद्भेदन किया गया ।

जिसमें 3 युवकों को गिरफ्तार किया गया। मुख्य रूप से मोहम्मद ताज रातू थाना क्षेत्र के अलकमर कॉलोनी, इन्तियाज अंसारी बुढ़मू थाना क्षेत्र के मक्का वही वसीम खान जो राय खलारी थाना का रहने वाला है । इन लोगों के पास



से सेल्टोस कार, फोर्ड इको स्पोर्ट कार और तीन मोबाइल भी जब्त किया गया है।

**इस मामले को लेकर रातू थाना क्षेत्र के कमरुल हक ने रातू थाना में मामला दर्ज कराया , जिसमें पुलिस छानबीन करते हुए 3 लोगों को गिरफ्तार किया है ।**

## कार व ऑटो की टक्कर में एक की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रातू थाना क्षेत्र अंतर्गत काठीटांड- ठाकुरगांव मार्ग स्थित हुरहुरी में कार व ऑटो की टक्कर में एक मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। जिनकी मौत हुई है उनका नाम कांके चंदवे भीठा निवासी सरफराज अंसारी बताया जा रहा है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विपरित दिशा से आ रही कार ने ऑटो को टक्कर मार दी टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। इस घटना में कांके चंदवे भीठा निवासी सरफराज अंसारी की मौत




हो गयी और दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।

दोनों का इलाज नजदीक के कमलेश मेमोरियल अस्पताल में चल रहा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है पुलिस ने कार और ऑटो को जब्त कर लिया है।

## सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता हुआ आयोजन

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खेलो झारखंड 2023-24 के तहत खलारी के गुलजार बाग खेल मैदान में गुरुवार को 62 वीं सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा ने फुटबॉल को किक मारकर शुभारंभ किया. इस प्रतियोगिता में जनता उच्च विद्यालय प्लस-टू खलारी और राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय राय ने भाग लिया. दोनों विद्यालयों के छात्रों के बीच 40 मिनट खेल खेला गया.जिसमें कोई परिणाम नहीं निकला और मैच ड्रा हो गया.जिसके बाद पेनल्टी शूट ऑउट के माध्यम से निर्णय लिया गया. जिसमें जनता उच्च विद्यालय प्लस-टू खलारी ने राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय राय को 4-3 गोल से हरा कर विजेता बना और राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय राय उप विजेता रहा. मैंन ऑफ द मैच रितेश कुमार को चुना गया. जिसको पंचायत समिति सदस्य बमने द्वारा मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया. वहीं उप विजेता टीम को उप प्रमुख के द्वारा शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया. इसके बाद प्रमुख द्वारा सभी खिलाड़ियों को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विजेता टीम को शील्ड देकर पुरस्कृत की. इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में प्रखंड समन्वयक असित कुमार, उप प्रमुख, बमने पंचायत समिति सदस्य, मनभावन लोहरा, लपरा पंसस महेन्द्र मुंडा, विश्रामपुर मुखिया दीपमाला कुमारी, कृष्णा रजक, सुमित कुमार चिकित्सा विभाग, सहायक शिक्षक तथा खेल शिक्षक जनता उच्च विद्यालय खलारी और राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय राय का भरपूर सहयोग रहा.

## जहरीला सांप के काटने से महिला की मौत

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली थाना अंतर्गत हलमाद गांव निवासी बजरंगी महली की 32 वर्षीय पत्नी झालो देवी के जहरीला सांप काटने से मौत हो गई। इस संबंध में बजरंगी ने बताया कि बुधवार रात खाना खाकर घर के अंदर जमीन पर सभी परिवार सोए हुए थे। इसी बीच अचानक देर रात 12 बजे के आसपास अचानक पास में सोये हुए पत्नी की चिल्लाने की आवाज सुनाई दी। जब तक मैं उठकर समझ पाता तब तक पत्नी बेहोश हो चुकी थी एवं पास ही कैरेत सांप को घर से बहार निकलते देखा। आनन-फानन में उसे सिल्ली अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## वन विभाग की ओर से लगाए जा रहे हैं पौधे

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली वन विभाग की और से वन क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए जा रहे हैं। विभाग के वंरक्षी गौतम बॉस ने बताया कि पूरे प्रखंड विभिन्न वन क्षेत्र में 35 हजार पौधे लगाए जाएंगे। जिसकी शुरुआत टेटेबंदा वन क्षेत्र से गई है। उन्होंने यह भी कहा कि वन विभाग जंगल में ऐसे पौधे लगाने जा रहा है जिनसे, न सिर्फ हरियाली आएगी बल्कि, जंगल की सुंदरता बढ़ेगी और स्थानीय लोगों को रोजगार के साधन भी मिलेंगे।पौधारोपण और पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक रूप से हर व्यक्ति को जागरूक होना होगा तथा पेड़ लगाना होगा।

## वन विभाग की मिलीभगत सेवन भूमि के पत्थर से बन रहा पीसीसी

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य सरकार एक तरफ जल, जंगल व पहाड़ बचाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है। वहीं सिल्ली प्रखंड में विकास कार्य में खुलेआम अवैध रूप से पहाड़ का पत्थर लगाया जा रहा है। इससे पहाड़ का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है। ऐसा ही मामला प्रखंड के लोदमु गांव मे वन विभाग की मिलीभगत से पीसीसी निर्माण घटिया पत्थर इस्तेमाल करने का खुलेआम देखा जा रहा है। यह कार्य 15 वे वित्त आयोग राशि से रामपुर पंचायत के लोदमु में गोला रोड से लोदमु तक पीसीसी पथ निर्माण किया जा रहा है । जिससे अवैध तरीके से पहाड़ तोड़ कर पत्थर लगाया जा रहा है। इस विकास योजना में प्राकलन के अनुसार साइज पत्थर लगाना था। लेकिन संवेदक के मनमानी के कारण गुणवत्ता को ताक पर रखकर पहाड़ का पत्थर का उपयोग किया जा रहा है। इस संबंध में पीसीसी कार्य देखरेख कर रहे से पूछे जाने पर उन्होंने कुछ भी बताने से इनकार किया।वही वन विभाग के वंरक्षी जय प्रकाश से पूछे जाने पर कहा कि पीसीसी निर्माण जंगल पहाड़ से तोड़कर पत्थर लगाया जा रहा है।उन्होंने कहा कि इसकी जानकारी मुझे नहीं है।

## 21 जुलाई को ओरमांझी प्रखंड मुख्यालय में हल्ला बोल कार्यक्रम

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी के द्वारा ओरमांझी प्रखंड में 21 जुलाई को प्रखंड सह अंचल कार्यालय का घेराव कार्यक्रम किया जाएगा। घेराव कार्यक्रम में आजसू प्रखंड अध्यक्ष दिगंबर महतो एवं सचिव संजय तिर्की के द्वारा बताया गया कि भारतमाला प्रोजेक्ट में भूमि अधिग्रहण भुगतान को लेकर गड़बड़ी, जाति, आवासीय, जन्म मृत्यु प्रमाण में गड़बड़ी, लैंपस के द्वारा किसानों से गड़बड़ी, राशन वितरण में गड़बड़ी, मनरेगा में व्याप्त भ्रष्टाचार हो रहे हैं। विभिन्न विभागों के खिलाफ आजसू पार्टी ओरमांझी प्रखंड के द्वारा हल्ला बोल कार्यक्रम किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित प्रखंड के सभी पदाधिकारी सदस्य ,पंचायत के सभी पदाधिकारी एंव गांव के चूल्हा प्रमुख, इस बीच पूर्व प्रत्याशी आजसू पार्टी के रामधन बेदिया, आजसू पार्टी के छात्र संघ जिला अध्यक्ष राजकिशोर महतो, विनोद कुमार महतो, लक्ष्मी नारायण महतो, सुनील उरांव, राजेश महतो, रामनंदन महतो, कुमार सौरभ, आनंद महतो, विनोद महतो, दिलीप महतो, संजय महतो, खिलेश्वर महतो, तस्लीम अंसारी, अभिनव सिंह, ललित सिंह एवं अन्य लोग उपस्थित रहेंगे।

## व्यापार संघ टाटीसिल्वे ने जताया आभार

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** व्यापार संघ टाटीसिल्वे का प्रतिनिधि मंडल सामाजिक कार्यकर्ता एवम नेता राजन साहू के नेतृत्व मे विगत दिनों माया इंटर प्राइजेज टाटीसिल्वे एवम महिलोंग गोलीकांड मे शामिल अपराधी राजू कुमार गुप्ता,नवनेहाल सिंह, अभिषेक रंजन को एस एस पी किशोर कोशल के निर्देशन,ग्रामिन एस पी नौशाद आलम के मार्ग दर्शन मे डी एस पी हेडक्वाटर द्व1 मुमल राजपुरोहित के नेतृत्व मे गठित टीम थाना प्रभारी महेंद्र करमाली एवम उनके साथियो गिरफ्तार कर जेल भेजा। महेंद्र करमाली एवम साथियो को पुष्प गुच्छ एवम शाल ओढ़ाकर सम्मानित एवम बधाई दी। व्यापारिओ ने कहा कि इस तरह कि कारवाही से पुलिस के प्रति विश्वाश एवम संतोष बढ़ा हैं।इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से राजन साहू, राजेंद्र प्रमाणिक, गोविंद महतो,, बृजेश सिंह, अरविंद सिंह, विनोद सिंह, सुधीर वर्णवाल इत्यादि उपस्थित थे।

## पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक की अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन जारी

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ की अनिश्चित कालीन धरना प्रर्दशन राजभवन के सामने लगभग 12 दिन से जारी है। राज्य भर के अठारह हजार पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक अनिश्चित कालीन धरना प्रर्दशन अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर कर रहे हैं। मौके पर पलामू जिला के जिला अध्यक्ष अजीत कुमार चौधरी ने कहा कि हमलोगो की जायज मांगों को हेमंत सरकार जबतक पुरा नही करती है तबतक अनिश्चित कालीन धरना प्रर्दशन चलता रहेगा। सरकार अपनी वादे से मुकर रही है। पलामू जिला के जिला सचिव दिलीप कुमार ने ये भी कहा कि पांच सूत्री मांगों को अविलंब पुरा करे नही तो संघ ने निर्णय लिया है कि जब तक जायज मांगों को पूरा होगा। तब तक चरणबद्ध आंदोलन करते रहेंगे। हेमंत सोरेन की सरकार हमलोगों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है।

# रोजगार और आशियाना बचाने की गारंटी के बाद लगे सैयलो प्रोजेक्ट : अब्दुल्ला



प्रभात मंत्र संवाददाता

**डकरा :** सैयलो प्रोजेक्ट के माध्यम से एनके एरिया के असंगठित मजदूरों का रोजगार और आशियाना एक साथ उजाड़ने की जो योजना बनाई गई है उस पर प्रबंधन पुनर्विचार करें नहीं तो आने वाले समय में भूखे-प्यासे लोगों का आंदोलन कोयला प्रबंधन को झेलना पड़ेगा.उक्त बातें आरसीएमएस के एनके एरिया सचिव अब्दुल्ला अंसारी ने कहीं.वे गुरुवार को एनके महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष असंगठित मजदूरों द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे.उन्होंने कहा कि साइलो प्रोजेक्ट लगाने के पूर्व स्थानीय लोगों को रोजगार और आशियाना बचाने की गारंटी दी जानी चाहिए.कहा कि हम विकास के बाधक नहीं है लेकिन गरीबों का घर और रोजगार बची रहे इसके लिए किसी भी स्तर पर जाकर आंदोलन करेंगे.प्रदर्शन को बीएन पांडेय, इस्माइल अंसारी, इंदिरा देवी, सुनील सिंह,सोनू पांडेय, सलामत अंसारी, पज्जू महतो, मुखिया शांति देवी ने भी संबोधित किया.इसके पहले सभी डकरा गुरुद्वारा चौक पर जामा होने के बाद एक जुलूस की शक्ल में महाप्रबंधक कार्यालय पहुंचे और घंटों नारेबाजी करते हुए सभा की गई.इस अवसर पर छोटू, सकूंती देवी, अर्जुन करमाली, सुनैना देवी, पंकज पांडेय, ओमप्रकाश पांडेय, कालू ठाकुर, सन्नी गुप्ता, तबारक अंसारी, मंजू देवी,मुस्तफा,बीरबल तुरी आदि मौजूद थे.

**सीएमडी से मिलेंगे प्रतिनिधि मंडल :** अब्दुला अंसारी ने कहा कि क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही सीसीएल सीएमडी से मिलकर उन्हें पूरी वस्तु स्थिति से अवगत कराएंगे.उन्हें बताया जाएगा कि साइलो प्रोजेक्ट के लिए वर्तमान में जो स्थान का चयन किया गया है उससे एक बड़ी आबादी का आशियाना,खेल का मैदान आदि उजड़ जाएगा.इसके अलावा असंगठित मजदूरों के रोजगार की गारंटी पर उनसे बात की जाएगी.


## झारखण्ड सरकार
### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी

**ई० प्रोक्योरमेन्ट अति-अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

T. Reference No. :- DWSD/KH-04/2023-24 (1st Call) Date-20.07.2023

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost (Rs.) | Bid Security (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| A) | Construction of Rural Pipe Water Supply Scheme through D.T./HYDT/GPT/HYGPT Solar based 1 HP/ 2 HP D.C. Motor pump Complete set for different tolas of concern village which is not included in MVS and has no electricity or less electricity to supply water 2000 LPH maximum at least 15/30 Years for 24 X 7 Supply with 100 % Coverage by TAP Water Facility in Khunti -(R), Murhu, Karra, and Torpa Block under J.J.M | | | | |
| 1 | Murhi Group of SVS under Block- Khunti | 4129119.00 | 82600.00 | 5000.00 | 9 Months |
| 2 | Hatudami Group of SVS under Block- Khunti | 833256.00 | 17000.00 | 1250.00 | 3 Months |
| 3 | Maranghada Group of SVS under Block- Khunti | 588603.00 | 12000.00 | 1250.00 | 9 Months |
| 4 | Maranghada Group of SVS under Block- Khunti | 1675916.0 | 34000.00 | 5000.00 | 6 Months |
| 5 | Dandol Group of SVS under Block- Khunti | 6531848.00 | 131000.00 | 10000.00 | 9 Months |
| 6 | Buruhatu Group of SVS under Block- Khunti | 7111171.00 | 143000.00 | 10000.00 | 9 Months |
| 7 | Kotlo Group of SVS under Block- Khunti | 887663.00 | 18000.00 | 1250.00 | 3 Months |
| B) | Date of Tender Uploading on Website | 27.07.2023/05.00 PM. | | | |
| C) | Bid Submission Start Date | 27.07.2023/05.00 PM. | | | |
| D) | Bid Submission End Date | 03.08.2023/05.00 PM. | | | |
| E) | Last date of Submission of Cost of BOQ and EMD (Hard Copy) | 04.08.2023/05.00 PM. | | | |
| F) | Place of receipt of Bid (Hard Copy) | 1. Office of the Regional Chief Engineer, D.W. & S. Department Ranchi Zone. 2. Office Of the Superintending Engineer, D.W.&S. Ranchi Circle, Ranchi 3. Office of the Executive Engineer, D.W. & S . Division, Khunti | | | |
| G) | Date of Opening of Tender | 05.08.2023/11.00 AM | | | |
| H) | Name & Address of office Inviting Tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Khunti. | | | |
| I) | Name & Address of opening Officer | Executive Engineer, Drinking Water & S anitation Division, Khunti. | | | |
| J) | Contact No. of Procurement Office | 06528-299928 | | | |
| K) | Helpline No. of e-procurement cell | 7717776462 | | | |

नोटः- विशेष जानकारी के लिये वेबसाईट - http://jharkahndtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी

PR 302838 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D



## JHARKHAND URJA VIKAS NIGAM LIMITED
(CIN: U40108JH2013SGC001603)
Regd. Office: Engineering Building, H.E.C, Dhurwa, Ranchi -834004

**SHORT e TENDER NOTICE**

**Tender Notice No.-03/PR/JUVNL/23-24**

e-Tenders in two parts Part-I (Technical and Commercial) and Part-II (price part) are invited from the reputed tenderers having good experience of following similar nature of Civil works and having sound financial status:

| Sl. No. | Name of the work | Estimated cost in Rs./- | Earnest money to be deposited in Rs./- | Cost of BOQ (Non-Refundable) in Rs./- | Time of completion of work. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | R/M of IB (East & West) at Kusai Colony, Doranda, Ranchi. | 20,73,500=00 | 41,500=00 | 5000.00+18% GST Extra=5900.00 | 90 days |

| | |
|---|---|
| **Availability of tender documents on website** | From 21.07.2023 at 11.00 AM to 07.08.2023 up to 3.00 PM |
| **Last date and time for uploading of e-tender** | Up to 07.08.2023 up to 3.00 PM |
| **Last date and time for physical submission of tender & original Demand Draft towards cost of BOQ and Earnest Money.** | Up to 08.08.2023 up to 3.00 PM |
| **Date and time for opening of Tender Part -I (Technical and Commercial)** | At 4.30 PM on 08.08.2023 |
| **Date and time for opening of Tender Part -II (Price Part)** | Will be Communicated later on |
| **Tendering Officer and address for communication** | General Manager (CIVIL), JUVNL, Engineering Building, H.E.C., Dhurwa, Ranchi – 834 004 |

Any query towards this tender can also be had from the office of the undersigned during office hours or may contact on Mob No. 9431135528

1. e-Tender documents and BOQ including terms & conditions, specification etc. can be downloaded and submitted online on website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned during office hours. NIC helpline no. 0651-2400178.
2. Demand Draft from any Nationalized/ Scheduled bank of India towards cost of BOQ and Earnest Money will be in favour of **DDA, Sectt., JUVNL**, payable at **Ranchi**.
   If a bidder wishes to participate in more than one NIT or more than one work/group in one NIT, He will have to submit the original Demand Draft towards cost of BOQ and Earnest Money separately for each NIT or each work /group in one NIT.
3. The tenders will be received through electronic tendering mode only.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
**General Manager (Civil)**

PR 302854 (Jharkhand Urja Vikas Nigam Ltd) 23-24 (D)



## जिला पशुपालन कार्यालय, राँची

**राँची जिलान्तर्गत माह जुलाई -2023 से आयोजित होने वाली दो दिवसीय विशेष पशु चिकित्सा शिविर की सूची :-**

| क्र० सं० | प्रखण्ड | प्रखण्ड/पंचायत का नाम | ग्राम | शिविर आयोजन की तिथि | प्रभारी पशु चिकित्सक का नाम/पदनाम/मोबाईल संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बेड़ो | घाघरा | घाघरा | 26.07.2023 एवं 27.07.2023 | डॉ० नवीन कुमार आर्या भ्रमणषील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, बेड़ो, 7903436283 |
| 2 | | मुरतो | पहाड़ कण्डरिया | 28.07.2023 एवं 31.07.2023 | |
| 3 | चान्हो | बलसोकरा | बलसोकरा | 26.07.2023 एवं 27.07.2023 | डॉ० चुमनू तिर्की प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, चान्हो, 7541931058 |
| 4 | | चामा | चमरंगा | 28.07.2023 एवं 31.07.2023 | |
| 5 | | पण्डरी | होनहे | 26.07.2023 एवं 27.07.2023 | डॉ0 लोलेन कन्डुलना भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, चान्हो, 9934143638 |
| 6 | | पतरातू | पूरब टोली | 28.07.2023 एवं 31.07.2023 | |
| 7 | नामकुम | राजाउलातु | पतराडीह | 26.07.2023 एवं 27.07.2023 | डॉ० स्नेहलता कुमारी भ्रमणषील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, नामकुम, 9608509633 |
| 8 | | सिदरोल | छोटा कवाली | 28.07.2023 एवं 31.07.2023 | |
| 9 | | चंदाघासी | चंदाघांसी | 26.07.2023 एवं 27.07.2023 | डॉ० अरूण कुमार भ्रमणषील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, तुंबागुटु, 8809589737 |
| 10 | | हरदाग | बरकुटू | 28.07.2023 एवं 31.07.2023 | |
| 11 | | टाटी पूर्वी | बाजारटॉड़ | 26.07.2023 एवं 27.07.2023 | डॉ० किंकर महतो भ्रमणषील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, टाटीसिल्वे, 9431325590 |
| 12 | | टाटी पश्चिमी | हरिनगर | 28.07.2023 एवं 31.07.2023 | |
| 13 | | बन्धुवा | डुडुरदाग | 26.07.2023 एवं 27.07.2023 | डॉ० पूजा दिव्या बारला भ्रमणषील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, हुआंगहातु, 9031001981 |
| 14 | | हुआंगहातु | लकड़ा | 28.07.2023 एवं 31.07.2023 | |
| 15 | कॉंके | सुकुरहुटू उत्तरी | मुरली टुंगरी | 26.07.2023 एवं 27.07.2023 | डॉ० एन्थोनी कोनगाड़ी भ्रमणषील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, सुकुरहुटु, 9955581823 |
| 16 | | सुकुरहुटू दक्षिणी | सरना टोली | 28.07.2023 एवं 31.07.2023 | |
| 17 | | हुन्दुर | हलदामा | 26.07.2023 एवं 27.07.2023 | डॉ० शशिभूषण प्रसाद सिन्हा भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, विकास, 9955094431 |
| 18 | | नेवरी | बनटोली | 28.07.2023 एवं 31.07.2023 | |
| 19 | | अरसण्डे | अरसण्डे | 26.07.2023 एवं 27.07.2023 | डॉ० सुदीप्ता बरियार प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, कॉंके, 9430348184 |
| 20 | | बोड़ेया | संग्रामपुर | 28.07.2023 एवं 31.07.2023 | |
| 21 | | उरूगुटू | मेढ़ही | 26.07.2023 एवं 27.07.2023 | डॉ० तनवीर अख्तर भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, उरूगुट |
| 22 | | मालश्रृंग | सांगा | 28.07.2023 एवं 31.07.2023 | |
| 23 | | पिठोरिया | मुण्डाटोली | 26.07.2023 एवं 27.07.2023 | डॉ० निन्दर कौर भ्रमणषील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, पिठोरिया, 9031816502 |
| 24 | | राहडा | सुतियांबे | 28.07.2023 एवं 31.07.2023 | |
| 25 | माण्डर | बड़गड़ी | सेवाडीह | 26.07.2023 एवं 27.07.2023 | डॉ० कुसुम खलखो भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, मांडर, 9430352568 |
| 26 | | ब्राम्बे | चुंद | 28.07.2023 एवं 31.07.2023 | |
| 27 | तमाड़ | उलीलोहार | बारेडीह | 26.07.2023 एवं 27.07.2023 | डॉ० राम प्रवेश राम भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, तमाड़, 9661618880 |
| 28 | | डिम्बुजर्दा | नवाडीह | 28.07.2023 एवं 31.07.2023 | |
| 29 | अनगड़ा | सालहन | बेरवारी | 26.07.2023 एवं 27.07.2023 | डॉ० सेबा पालित प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, अनगड़ा, 9472729822 |
| 30 | | लुपुंग | बाहेया | 28.07.2023 एवं 31.07.2023 | |
| 31 | | चतरा | चतरा | 26.07.2023 एवं 27.07.2023 | डॉ० विनोद कुमार भ्रमणषील पषुचिकित्सा पदाधिकारी, अनगड़ा, 9572857515 |
| 32 | | बोंगईबेड़ा | बोंगईबेड़ा | 28.07.2023 एवं 31.07.2023 | |
| 33 | | जोन्हा | लेप्सर | 26.07.2023 एवं 27.07.2023 | डॉ० अमित गुप्ता भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, जोन्हामोड़ 9631463191 |
| 34 | | गुड़ीड़ीह | हेसलाबेड़ा | 28.07.2023 एवं 31.07.2023 | |
| 35 | सिल्ली | पतराहातू | छोटाचांगडू | 26.07.2023 एवं 27.07.2023 | डॉ० अमित कुमार भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, पतराहातु, 7004468687 |
| 36 | | दोवाडू | टुनकू | 28.07.2023 एवं 31.07.2023 | |
| 37 | | हकेदाग | रामपुर | 26.07.2023 एवं 27.07.2023 | डॉ० संजय कुमार भ्रमणषील पषुचिकित्सा पदाधिकारी, सिल्ली, 9955966781 |
| 38 | | नागेडीह | अजयगढ़ | 28.07.2023 एवं 31.07.2023 | |
| 39 | | बिसरिया | बिसरिया | 26.07.2023 एवं 27.07.2023 | डॉ० जेनीआभा मेलगांडी भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, मूरी |
| 40 | | बासारूली | बासारूली | 28.07.2023 एवं 31.07.2023 | |
| 41 | बुढ़मू | उमेडण्डा | सोसई | 26.07.2023 एवं 27.07.2023 | डॉ० महेन्द्र राम भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी,उमेडण्डा, 8789254750 |
| 42 | | सारले | सुमू | 28.07.2023 एवं 31.07.2023 | |
| 43 | | हेसलपीड़ी | बेरवारी | 26.07.2023 एवं 27.07.2023 | डॉ० बुद्धदेव नाग भ्रमणषील पषुचिकित्सा पदाधिकारी, बेरवारी, 89697255048 |
| 44 | | गुरूगाई | इटहे | 28.07.2023 एवं 31.07.2023 | |
| 45 | बुढ़मू | ओझासाड़म | आरादेवरखण्ड | 26.07.2023 एवं 27.07.2023 | डॉ० मनोज राम भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, बुढमू, 9430159769 |
| 46 | | मुरूपीढ़ी | चाया | 28.07.2023 एवं 31.07.2023 | |
| 47 | ओरमांझी | ईचादाग | पिस्का | 26.07.2023 एवं 27.07.2023 | डॉ० कमलेश कुमार भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, ओरमॉंझी 9431357493 |
| 48 | | चुटुपालू | चुटूपालू | 28.07.2023 एवं 31.07.2023 | |
| 49 | | कुच्चू | जीरावार | 26.07.2023 एवं 27.07.2023 | डॉ० विश्वनाथ टोप्पो प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, ओरमॉंझी, 9835132409 |
| 50 | | बरवे | बरवे | 28.07.2023 एवं 31.07.2023 | |
| 51 | खेलारी | बनमे | बनमे | 26.07.2023 एवं 27.07.2023 | डॉ० प्रतिमा कुमारी भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, खेलार, 9431563821 |
| 52 | | चुरी पश्चिमी | बैंक कॉलोनी | 28.07.2023 एवं 31.07.2023 | |
| 53 | लापुंग | लतरातु | लतरातु | 26.07.2023 एवं 27.07.2023 | डा० ज्ञानचन्द्र कुमार आर्य भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, लापुंग, 7033782248 |
| 54 | | देवगांव | देवगांव | 28.07.2023 एवं 31.07.2023 | |
| 55 | रातू | रातू उत्तरी | झखराटॉड | 26.07.2023 एवं 27.07.2023 | डॉ० विजय कुमार प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, रातु, 7004102740 |
| 56 | | रातू पूर्वी | काठीटॉड़ | 28.07.2023 एवं 31.07.2023 | |
| 57 | | तारूप | तारूप | 26.07.2023 एवं 27.07.2023 | डॉ० अजय कुमार गुप्ता भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, रातु, 8789387957 |
| 58 | | वानापीड़ी | बानापीड़ी | 28.07.2023 एवं 31.07.2023 | |
| 59 | बुण्डू | एदलहातु | छोटकलमा | 26.07.2023 एवं 27.07.2023 | डॉ0 सुभाष चन्द्र, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, बुण्डू, 9431767519 |
| 60 | | ताऊ | दलकीडीह | 28.07.2023 एवं 31.07.2023 | |
| 61 | | हुमटा | मधुकमा | 26.07.2023 एवं 27.07.2023 | डॉ0 सजल कुमार भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, बुण्डू, 9431751860 |
| 62 | | कॉंची | गोसाईडीह | 28.07.2023 एवं 31.07.2023 | |
| 63 | सोनाहातु | सोनाहातु | सोनाहातु | 26.07.2023 एवं 27.07.2023 | डॉ० धनंजय प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, सोनाहातु |
| 64 | | लान्दुपडीह | लान्दुपडीह | 28.07.2023 एवं 31.07.2023 | |
| 65 | ईटकी | ईटकी पूर्वी | आनंदपुर | 26.07.2023 एवं 27.07.2023 | डॉ० शिवानन्द कांशी भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, ईटकी, 7779885555 |
| 66 | | ईटकी पश्चिमी | सियारटोली | 28.07.2023 एवं 31.07.2023 | |
| 67 | नगड़ी | नारो | पिस्का | 26.07.2023 एवं 27.07.2023 | डॉ० अभिमन्यु प्रसाद भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, नगड़ी, 7903676114 |
| 68 | | नगड़ी | उराँव टोली | 28.07.2023 एवं 31.07.2023 | |
| 69 | राहे | होटलो | होटलो | 26.07.2023 एवं 27.07.2023 | डॉ० प्रफुल कुमार सिंह भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी,राहे, 9471369754 |
| 70 | | अम्बाझरिया | कोम्बो | 28.07.2023 एवं 31.07.2023 | |

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी, राँची

PR 302811 Animal Husbandry(23-24)#D



## झारखण्ड सरकार
### कार्यालय उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी,गुमला
### (खनन शाखा)

**गुमला जिला के गुमला अंचल अन्तर्गत मौजा-चैराम्बा, भण्डरिया एवं सिलाफारी में भण्डारित बालू खनिज का आम नीलामी हेतू सूचनाः-**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गुमला अंचल अन्तर्गत मौजा- (1) चैराम्बा में भण्डारित 10,800 घनफीट बालू (2) मौजा-भण्डारिया में भण्डारित 95,830 घनफीट बालू एवं (3) सिलाफारी में भण्डारित 2,77,882 घनफीट बालू खनिज का झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली-2004 यथा संशोधन नियमावली-2017 एवं झारखण्ड लघु खनिज समनुदान (संशोधन) नियमावली-2019 के नियम 54A के तहत उक्त स्थलों पर जप्त भण्डाारित बालू खनिज का आम नीलामी दिनांक 10.08.2023 को समय 11:00 बजे पूर्वाह्न में अपर समाहर्त्ता, गुमला की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में सम्पन्न की जाएगी। भण्डारण का विवरण, लोक नीलामी की प्रक्रिया एवं शर्त्त निम्नवत हैः-

| क्र. | भण्डारण स्थल | भण्डारित बालू खनिज की मात्रा | सुरक्षित जमा राशि (रूपया में) | सुरक्षित जमा राशि का 10% प्रतिभूति राशि (रूपया में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मौजा-चैराम्बा (सड़क से सटे पष्चिम) (Lat- 23.094765$^0$ N Log- 84.632047$^0$ E) | 10,800.00 घनफीट (दस हजार आठ सौ) | 81,000.00 | 8,100.00 |
| 2. | मौजा-भण्डरिया (सखूआ जंगल के पूर्व एवं पश्चिम सड़क किनारे तथा कोयल नदी के पश्चिम किनारे के पास) Lat- 23.120982$^0$ N, Log- 84.65080$^0$ E, Lat-23.118387$^0$ N, Log- 84.648906$^0$ E Lat-23.118788$^0$ N, Log- 84.646365$^0$ E | 95,830.00 घनफीट (पन्चानब्बे हजार आठ सौ तीस) | 7,18,725.00 | 71,873.00 |
| 3 | मौजा-सिलाफारी (पंचायत भवन, सिलाफारी, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, हुण्डराटोली, नव-निर्मित एकलब्य विद्यालय एवं सोनू चिमनी भट्टा के पास) Lat- 23.103308$^0$ N, Log- 84.662054$^0$ E Lat- 23.105098$^0$ N, Log- 84.659663$^0$ E | 2,77,882.00 घनफीट (दो लाख सतहत्तर हजार आठ बेरासी) | 20,84,115.00 | 2,08,412.00 |

2. नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति/संस्था को निर्धारित सुरक्षित जमा राशि का 10% प्रतिभूति राशि के रूप में नीलामी में भाग लेने के लिये नीलामी की तिथि से दो दिन पूर्व कार्यालय अवधि में जिला खनन पदाधिकारी, गुमला के पदनाम से रेखांकित बैंक ड्राफ्ट अन्य आवश्यक कागजात के साथ जमा करना होगा, अन्यथा व्यक्ति/संस्था डाक में भाग लेने से वंचित कर दिये जायेंगे। सफल डाकवक्ता (अधिकतम राशि) की प्रतिभूति रकम को छोड़कर अन्य डाकवक्ता द्वारा जमा प्रतिभूति राशि का बैंक ड्राफ्ट नियमानुसार वापस कर दिया जायेगा।
3. नीलामी में बोली गयी उच्चतम डाक की राशि का 10% में से प्रतिभूति राशि को छोड़कर शेष राशि डाक की समाप्ति या उपायुक्त/प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निदेश दिये जाने पर नीलामी वाले तिथि को ही बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक/ऑनलाईन के माध्यम से उच्चतम डाकवक्ता द्वारा जमा करना होगा, अन्यथा उच्चतम डाकवक्ता को भविष्य में नीलामी में भाग लेने से वंचित कर दिया जायेगा।
4. उच्चतम डाक की पूर्ण राशि नीलामी की तिथि से पन्द्रह दिनों के अन्दर कार्यालय अवधि में ही भुगतान करना होगा। पूर्ण राशि के भुगतान में असफल रहने की स्थिति में दूसरे नम्बर के डाकवक्ता को उच्चतम डाक की राशि पर सहमति हेतु प्रस्ताव दिया जायेगा एवं उनके समर्थन या स्वीकार होने की स्थिति में यह नीलामी उनके पक्ष में घोषित किया जायेगा।
5. नीलामी के उपरान्त उच्चतम डाक की राशि के पूर्ण भुगतान के पश्चात ही सफल डाकवक्ता के पक्ष में झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली-2004 यथा संशोधित नियमावली के सुसंगत नियमों के तहत आदेश सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत किया जायेगा।
6. उक्त आदेश निर्गत होने के उपरान्त बालू खनिज के उठाव/प्रेषण हेतु JIMMS द्वारा अस्थाई आई०डी० सृजित किया जायेगा।
7. उक्त खनिज का उठाव/प्रेषण JIMMS Portal से निर्गत परिवहन चालान के माध्यम से आदेश निर्गत होने की तिथि से तीन माह के अंदर अनिवार्य रूप से कर लेना होगा। विशेष परिस्थिति में कारणों सहित लिखित आवेदन पर समीक्षोपरान्त अवधि विस्तार पर निर्णय लिया जायेगा।
8. बन्दोबस्ती के पश्चात बालू का प्रेषण करने में किसी प्रकार का अड़चन यथा पहुंच पथ वगैरह के कारण या किसी अन्य कारणवश नीलामीधारी, नीलामी किये गये बालू का प्रेषण नहीं कर पाते है, तो इसकी पूरी जिम्मेवारी नीलामीधारी की होगी तथा भुगतान की गयी राशि के विरूद्ध किसी भी प्रकार का दावा/कटौती मान्य नहीं होगा।
9. बालू निष्कासन के क्रम में यदि रैयति भूमि का उपयोग किया जाता है तो उसकी क्षतिपूर्ति का भुगतान नीलामीधारी द्वारा ही किया जायेगा।
10. आम नीलामी में उच्चतम डाकवक्ताओं में अगर Tie (गुलोबन्द) होता है तो End User को प्राथमिकता मिलेगी।
11. अन्य शर्त्त एवं बंधेज झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली-2004 (सभी संशोधनों सहित एवं The Jharkhand Minerals (Prevention of Illegal, Mining, Transportation & Storage) Rules-2017 के प्रावधानों के अनुसार होगा।
12. नीलामी मे भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति/वैसी संस्था जो खनन संबंधी व्यवसाय हेतु निबंधित है। दिनांक 08.08.2023 को 5:00 बजे अपराह्न तक जिला खनन कार्यालय, गुमला में आवेदन दाखिल कर सकतें है। आवेदन के साथ निम्नलिखित वांछित कागजात स्व अभिप्रमाणित कर संलग्न करना अनिवार्य होगा:-

(क) सुरक्षित जमा का 10% राशि निर्धारित प्रतिभूति रकम के रूप में।
(ख) पैन कार्ड एवं अद्यतन आयकर रिर्टन की छाया प्रति।
(ग) आधार कार्ड की छाया प्रति।
(घ) आवासीय प्रमाण पत्र की छाया प्रति।
(ड) पासपोर्ट साईज फोटो की एक प्रति।
(च) आवेदन के साथ इस आशय का शपथ पत्र जमा करना होगा कि पूर्व से खनन पट्टा धारक है अथवा नहीं, यदि है तो खनन बकाया से संबंधित स्वामित्व स्वच्छता प्रमाण पत्र भी जमा करेंगे।

13. किसी परिस्थिति/कारणवश आम नीलामी रद्द करने का सर्वाधिकार उपायुक्त, गुमला को सुरक्षित होगा।

नोटः-विशेष जानकारी के लिये जिला खनन कार्यालय, गुमला में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।

ह०/-
उपायुक्त,गुमला

PR 302805 Mines and Geology(23-24).D

## सुरभि शाखा ने साकची गुरुद्वारा स्कूल में लगायी सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा गुरुवार को प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच स्थापना दिवस के अवसर पर पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष राकेश मोदी के सम्मान में नारी चेतना के अंतर्गत साकची स्थित गुरुद्वारा स्कूल में सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन लगायी गयी। मौके पर शाखा अध्यक्ष निशा सिंघल ने कहा है कि सुरभि शाखा समय-समय पर सामाजिक कार्य एवं नारी चेतना पर लोगों को जागरूक करने का कार्यक्रम करते रहती है, जो आगे भी जारी रहेगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ पत्रकार संजय मिश्रा, शाखा अध्यक्ष निशा सिंघल ,सचिव कविता अग्रवाल, सिंपल अग्रवाल, बबीता मुनका, नारी चेतना की संयोजिका रीना गोयल, खुशबू कावटिया, बिंदिया नरेड़ी, पायल अग्रवाल, सुमन झाझरिया, प्रीति सावा, मनीषा संघी, उषा चौधरी आदि उपस्थित थे।

## कंट्रोल पैनल का चोरों ने काटा केबुल, क्षेत्र में 13 घंटे रही बिजली आपूर्ति बाधित

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गम्हरिया के उषा मोड़ के समीप स्थित विद्युत सब स्टेशन संख्या तीन में चोरों द्वारा बीते बुधवार की रात करीब कंट्रोल पैनल की केबल की चोरी कर ली गई। इस कारण गम्हरिया, कांड्रा समेत आसपास के इलाकों में करीब 13 घंटे बिजली आपूर्ति बंद रही। सब स्टेशन में नया केबल लगाने के बाद गुरुवार को दिन में करीब बारह बजे उन इलाकों में विद्युत आपूर्ति बहाल हो सकी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चोरों द्वारा कंट्रोल पैनल का करीब 150 मीटर केबल काट कर चोरी कर लिया गया जिसकी कीमत करीब 45 हजार बताई गई है। करीब 13 घंटे तक बिजली नहीं रहने से आमलोगों को गर्मी में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। लोगों ने बताया कि विभाग द्वारा इसकी कोई सूचना नहीं दी गई थी जिससे सभी उपभोक्ताओं में आक्रोश है। उपभोक्ताओं ने बताया कि विगत दो-तीन महीने से विद्युत आपूर्ति की लचर व्यवस्था से लोग परेशान हैं।

## बैंक ऑफ बड़ौदा के स्थापना दिवस पर हुऐ कई कार्यक्रम का आयोजन



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बैंक ऑफ़ बड़ौदा, क्षेत्रीय कार्यालय जमशेदपुर ने बैंक के 116वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान बाइक रैली किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य साइबर सुरक्षा के प्रति नागरिकों में जागरूकता सृजन करना था। क्षेत्रीय कार्यालय परिसर में कार्यपालकों के हाथों सफ़ेद एवं केसरिया रंगों के गुब्बारे छोड़े गए एवं केक कटिंग किया गया। क्षेत्रीय प्रमुख, जमशेदपुर क्षेत्र मनीष प्रकाश सिन्हा एवं अन्य कार्यपालकगण एवं स्टाफ सदस्यों की उपस्थिती में बैंक के संस्थापक महाराज सर सैयाजी राव गाएकवाड III को माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वलन करते हुए शर्द्धांजली अर्पित की गई। निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, नेत्र जांच का आयोजन किया गया । जिसमें लगभग 150 से भी ज्यादा की स्वास्थ्य जांच की गई। बैंक की ओर से वृद्धाश्रम के वृद्धों के लिए भोजन का प्रबंध किया गया। बैंक द्वारा जमशेदपुर हाई स्कूल में विशेष योगदान(शौचालयों की मरम्मती) किया गया, ठक्कर बापा मिडिल स्कूल एवं सीपी समिति स्कूल में कंप्यूटर प्रदान किए गए। बैंक ऑफ बड़ोदा के विभिन्न शाखाओं में भी स्थापना दिवस के अवसर पर बढ़ -चढ़ कर सामाजिक कार्यों में हिस्सा लिया और सामाजिक दायित्व के अंतर्गत वृक्षारोपण का आयोजन, जरूरत मंद विद्यालयों में उनकी आवश्यकता के अनुसार किताबें, टिफ़िन बॉक्स , बैग्स, लेखन सामग्री, पंखा, टेबल एवं कुर्सी का वितरण किया गया ।

## मुहर्रम अखाड़े के इमामबाड़ों का निरीक्षण करने पहुंचे मानगो नगर निगम के पदाधिकारी



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी सुरेश यादव ने आज मानगो क्षेत्र के मुहर्रम अखाड़ों का निरीक्षण किया। इस क्रम में आजादनगर थाना क्षेत्र के बावनगोड़ा चौक के इमामबाड़ा पर भी पहुंचे, जहां अखाड़ा लाइसेंसी अशरफ हुसैन और फारूक कुरेशी ने उनका स्वागत किया। और बताया की विभाग के द्वारा सफाई एवं लाइट की मरम्मत की जा रही है। अखाड़ा सदस्यों ने कार्यपालक पदाधिकारी सुरेश यादव को धन्यवाद दिया। इसके अलावा गरीब नवाज कॉलोनी का हाई मास लाइट की स्थिति जानी। वही सिटी मैनेजर निशांत कुमार के आदेश पर दोपहर 2 बजे तक ठीक करवा दिया गया। इस अवसर पर आजादनगर थाना शांति समिति के सचिव मुख्तार आलम खान भी वहां खास तौर से उपस्थित थे। इस कार्य के लिए गरीबनवाज कॉलोनी इमामबाड़ा के लाइसेंसी इश्तियाक टक्कू ने नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी का तत्काल प्रभाव होने पर आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मोहम्मद नवाब, एमडी फिरोज, मोहम्मद कलाम, मोहम्मद शेरू, मोहम्मद मस्तान, मोहम्मद राज, मोहम्मद शफी आलम टीपू उपस्थित हुए ।

## किसानों के लिये चांडिल डैम मुख्य नहर में छोड़ा गया पानी, 5 हजार एकड़ खेत की होगी सिंचाई

**चांडिल(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र चिल्गू और भादूडीह दोनो पंचायत के किसानो ने सुवर्णरेखा मुख्य केनाल में पानी रहते हुए पानी नही मिलने पर ग्रामीण गुरुवार को नाराजगी दिखाते हुऐ चिल्गुडीह के केनाल गेट में हल्ला बोल कर केनाल के गेट को बंद करवाया। दरअसल सुवर्णरेखा परियोजना के चांडिल डैम से बांयीं मुख्य नहर में पानी छोड़ा गया है लेकिन भादूडीह और चिल्गू पंचायत के पूर्वी भाग में पानी जाने वाले शाखा केनाल की गेट ऊपर होने के कारण खेतो में पानी नही जा पा रहा था। गुरुवार को सभी किसान एक साथ चिल्गुडीह स्थिति मुख्य केनाल गेट पोहंचे ओर कनिष्ठ अभियंता दूरभाष से संपर्क कर गेट को बंद करवाया जिससे अब पानी के जमाब बढ़ने लगा है और एक दो दिनों के अंदर दोनो पंचायत के किसानों को पानी मिलना शुरू हो जाएगा। इसमें भादूडीह, धादकीडीह,हारुडीह, चिल्गुडीह, चाकुलिया और एदेलबेड़ा के किसान लाभान्वित होंगे।

# जमशेदपुर के विकास में टाटा स्टील 300 करोड़ रुपये खर्च करेगी

### टाटा स्टील यूआइएसएल ने पानी, बिजली, सड़क के साथ सीवरेज ट्रीटमेंट को लेकर बनायी वृहद कार्य योजना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर में नागरिक सुविधाओं को बढ़ाने के लिए टाटा स्टील करीब 300 करोड़ रूपये खर्च करेगी। इसको लेकर कंपनी की ओर से टाटा स्टील यूआइएसएल को राशि भी उपलब्ध करा दी गयी है। उक्त जानकारी टाटा स्टील यूआइएसएल के एमडी रितुराज सिन्हा ने दी। श्री सिन्हा गुरुवार को कदमा स्थित कुडी मोहंती ऑडिटोरियम में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। श्री सिन्हा ने बताया कि जमशेदपुर का क्वालिटी ऑफ लाइफ (क्यूओएल) का सर्वे कराया गया है, जिसमें जमशेदपुर की रैंकिंग काफी सुधरी है. 2021 में जहां 107.5 रैंक था, वहीं, 2022 में 100.7 रैंक और 2023 में 104.7 रैंक हासिल हुआ है. चंडीगढ़, नवी मुंबई, नोएडा, वडोडरा और इंदौर के वनस्पत तुलना की गयी है. स्वच्छता संरक्षण की रैंकिंग को लेकर भी कंपनी की ओर से काम किया जा रहा है. जमशेदपुर अक्षेस के सहयोग से इस अभियान में शहर की बेहतर रैंकिंग के लिए काम किया जा रहा है. एमडी रितुराज सिन्हा ने बताया कि करीब 3 हजार अतिरिक्त नया कनेक्शन दिया जायेगा. 20,400 नये कनेक्शन बस्तियों में दिया जा चुका है. इसके अतिरिक्त 3 हजार नये कनेक्शन दिया जायेगा. बागुननगर,



निर्मलनगर, चंडीनगर, सोनारी नाला बस्ती, सिदु कान्ही बस्ती, दास बस्ती, झाबरी बस्ती एरिया में नया सबस्टेशन बनाया जा रहा है. इसके अलावा गोलमुरी सबस्टेशन और साकची पावर सबस्टेशन की क्षमता को भी दोगुना किया जा रहा है। सोलर रुफ टॉप सुविधा को भी लागू किया जा रहा है। बताया कि पानी की सप्लाइ की सुविधा को भी दुरुस्त किया जा रहा है. टाटा स्टील यूआइएसएल की ओर से बिरसानगर मोहरदा जलापूर्ति योजना का भी विस्तार किया जा रहा है. अभी जोजोबेड़ा बस्ती, बाबूडीह बस्ती में पानी पहुंचाने का काम किया जा रहा है. कदमा रामजनमनगर, मकदंप बस्ती, दोमुहानी एरिया

**बिष्टुपुर के जुस्को का मॉल जल्द बनना शुरू होगा**

**बिष्टुपुर जी टाउन मैदान में ओपेन जिम के साथ साथ कई सारे स्कीम लगाये जायेंगे**

में पानी की सप्लाइ शुरू की जा रही है। टेल्को कॉलोनी में भी पानी की सप्लाइ को दुरुस्त किया जा रहा है. जमशेदपुर पूर्वी के बचे हुए इलाके में करीब 2500 ने कनेक्शन दिये जा रहे है. पश्चिम जमशेदपुर एरिया में 4700 नये कनेक्शन दिये जा रहे है. इसके अलावा टाटा स्टील यूआइएसएल के वर्तमान एरिया में 2706 नये कनेक्शन भी दिये जा रहे है। बताया कि नयी सड़कें भी बनायी जा रही है. साकची से बारीडीह तक के रास्ते को बनाया जा रहा है. बचे हुए एरिया में जहां जमीन मिल रही है, वहां सड़क बनाया जा रहा है. एमडी रितुराज सिन्हा ने बताया कि जमशेदपुर की सारी सुविधाएं जीआइएस से जोड़ी जा रही है. इसके जरिये लोग घर बैठे ही सारी व्यवस्था को जान सकेंगे. बिष्टुपुर के जुस्को का मॉल जल्द बनना शुरू होगा. फोरम इंडिया के साथ मिलकर कंपनी इस पर काम कर रही थी, जो रुक गया था. अब इसको चालू किया जायेगा. एमडी ने बताया कि कचरा का निष्पादन करना ही मुख्य चुनौती है. इस कारण इस चुनौती को हम लोग सही तरीके से ले रहे है. इसके तहत नयी रिइंजीनियरिंग पर काम चल रहा है. घरों से अलग-अलग कचरा लेकर फिर इसको छांटकर प्लांट में ले जाया जायेगा. इसके जरिये खाद बनाया जायेगा. इसके अलावा इंसिनरेशन प्लांट बनाया जा रहा है. पोटका में कचरा डंपिंग साइट भी विकसित किया जा रहा है, जिसके लिए जमीन मिल चुकी है. इसके अलावा कंपोस्ट प्लांट भी लगाया जा रहा है. जुबिली पार्क के जयंती सरोवर लेक में मछलियों की हुई मौत के मामले में एमडी ने कहा कि यह चिंता का विषय था. वहां तिलपिया नामक मछली तालाब में पाया गया है, जो एक बार में तीन से चार बार प्रजनन करती है. ऐसे में काफी ज्यादा पैदावार तालाब में हो गयी. इसके अलावा ऑक्सीजन की भी कमी पायी गयी थी. इसकी गंदगी को दूर करने के अलावा मछलियों की संख्या को कम करने के लिए उपाय किये जा रहे है. एमडी ने बताया कि नये पार्क शहर में बनाये गये है. इसके तहत जी टाउन मैदान में ओपेन जिम के साथ साथ कई सारे स्कीम लगाये जायेंगे. इसके अलावा मानगो के बीच वाले एरिया को भी विकसित किया जा रहा है. बिष्टुपुर पीएम मॉल के पास के बीच के एरिया को भी नये सिरे से विकसित की जा रही है.

## भारत जुड़ेगा, इंडिया जीतेगा : बब्लू झा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष बब्लू झा ने प्रेस रिलीज जारी भाजपा पर हमला बोला है। उन्होंने धर्म के नाम पर बांटते बांटते बाटने वालों की अब ऐसी आदत हो गई है की नामों को हीं बाटने में लगे है। इंडिया सुनकर भड़क गए लोगों को ये समझना चाहिए की भारत जरुर कहिये मगर इसलिए नहीं की इंडिया पसंद नहीं आ रहा है। इंडिया भी उतना हीं पुरातन है, इसमे इंडस है सिंधु नदी है।इंडिया मे भी उतनी ही भारतीयता है जितनी भारत में। तब तो प्रधानमंत्री जी को राहुल गांधी जी का भारत जोड़ो यात्रा का स्वागत करना चाहिए और हा स्किल इंडिया, मेक इन इंडिया जैसे नामों को प्रधानमंत्री जी क्यों रखते हैं? अब तो प्रधानमंत्री जी को अपने 38 दलों के एनडीए को लेकर मणिपुर चले जाना चाहिए, जहा 3 माई से ही जनता उनका इंतज़ार कर रही है। विपक्ष के नाम के सर-संक्षेप एक्रोनीम इंडिया की घोषणा के बाद इस सामूहिक विपक्ष को लेकर भाजपा उतनी चिंतित नहीं लग रही जितनी इस नाम को लेकर लग रही है । असम के मुख्यमंत्री ही नहीं , प्रधानमंत्री भी इंडिया के जवाब में 25 साल पुराने एनडीए को नया फार्मूला देते दिखाई दिए।

## मणिपुर में महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार के खिलाफ कांग्रेस ने किया भाजपा सरकार का पुतला दहन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी जिलाध्यक्ष नगर धर्मेंद्र सोनकर के नेतृत्व में आज मणिपुर में महिलाओं को निर्वस्त्र कर घिनौना कार्य करने के खिलाफ भाजपा सरकार का पुतला दहन कार्यक्रम का आयोजन सैकड़ो कार्यकर्ता ने कदमा में किया। श्री सोनकर ने कहा की मणिपुर में हुई घटना का वीडियो देखकर पूरा देश शर्मसार है। खुद को विश्वगुरु बताने वाला व्यक्ति मणिपुर पर तब सिर्फ 36 सेकंड बोला, जब सर्वोच्च न्यायालय ने स्वयं संज्ञान लिया। प्रधानमंत्री जी, माफ कीजिए लेकिन आपका दिल देश के लिए नहीं धड़कता है। राष्ट्रपति महोदया, जो कि आदिवासी समाज के होने के अलावा एक महिला भी हैं, से निवेदन हैं कि इंसानियत और मानवता को शर्मसार कर देने वाली इस घटना के दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने की पहल करें एवं सबसे पहले तो मणिपुर की नाकाम सरकार को तत्काल बर्खास्त करें। जिला उपाध्यक्ष बब्लू झा ने संबोधन किया की प्रधानमंत्री मोदी सत्र शुरू होने से पहले 8 मिनट 25 सेकंड बोले और उनके पास मणिपुर के लिए सिर्फ़ 36 सेकंड थे। इस पुतला दहन आक्रोश कार्यकर्म में भारत यात्री जेबा खान के अलावा जिला उपाध्यक्ष बब्लू झा,फ़िरोज़ खान, जिला सचिव जनाब रिजवी,गोपाल यादव, अभिजीत सिंह, अफसर चिंटू,अहमद सफी बादशाह, अजितेश् उज्जैन,राकेश साहू अमित दुबे,अमित दुबे, शशि भूषण प्रसाद आदि मौजूद थे।

### कपाली नप में विधायक सविता महतो ने किया शहरी स्वास्थ्य व कल्याण केंद्र का उद्घाटन, कहा

## कपालीवासियों की वर्षों पुरानी मांग हुई पूरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कपाली नगर परिषद क्षेत्र के कमारगोड़ा में गुरुवार को शहरी स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र का उद्घाटन विधायक सविता महतो ने किया। वही इस स्वास्थ्य केंद्र में एक डॉक्टर और तीन नर्स सुबह 9 बजे से लेकर शाम के 4 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। विधायक सविता महतो ने कहा कपालीवासियो का वर्षों पुरानी मांग आज पूरी हुई। उन्होंने कहा कपाली क्षेत्र के निवासियों के लिए बहुत बड़ी



उपलब्धि है जिसे हेमंत सोरेन की सरकार ने पूरा किया। विधायक ने कहा अब लोगों को छोटे मोटे बीमारियों के लिए एमजीएम अस्पताल नहीं जाना पड़ेगा। अब कपाली के इस शहरी स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र में आधा दर्जन सहियायों सहित दो नर्स और एक महिला चिकित्सक सप्ताह में 6 दिन उपस्थित रहकर लोगों को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करेंगे। इस अवसर पर एसडीओ रंजीत लोहरा, जिला शहरी स्वास्थ्य प्रबंधक सरायकेला के मनीष गुलाटी, सिटी मैनेजर रंजन पांडे, कपाली नगर परिषद के निवर्तमान अध्यक्ष शोभारानी महतो, केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, झामुमो नेता शेख फरीद, समाजसेवी ललित महतो, हिमांशु शेखर, मोहम्मद अरशद, मोहम्मद नौशाद आदि उपस्थित थे।

## जंगलों से जुड़ा हुआ है हमारा अस्तित्व, जंगलों की करें सुरक्षा : गागराई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई के कोपलोग चौक में ग्राम सभा एवं सामुदायिक वन पालन समिति भुरकुडां के सौजन्य से गुरुवार को वनाधिकार बोर्ड गाड़ी का 7वां स्थापना दिवस मनाया गया। पारम्परिक रीति रिवाज के तहत वनाश्रितों ने अन्तरात्मा से वन देवता को स्मरण करते हुए जीविकोपार्जन के लिए सामूहिक जंगल का सरक्षंण करने का संक्लप लिया। वही सैकड़ो वनाश्रित महिला पुरुष ने जंगल के किनारे-किनारे पारंपरिक गाजे-बाजे के साथ पत्थरगाड़ी स्थल पहुचे। वही सांस्कृतिक वनाधिकार मेला का



आयोजन किया गया था। जिसमें पारंपरिक छऊ नृत्य, मागे नृत्य कर अतिथियों का स्वागत किया। इसी खुशी में वनाधिकार कानून 2006 के तहत 29 दिसंबर 2020 को झाड़खंड ने सामुदायिक वन संसाधनो का उपयोग करने संरक्षण करने, पुनुरुज्जीवित तथा प्रबंधन करने का वनाधिकार प्रमाण-पत्र निर्गत किया है। कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि जंगल पर ग्रामीणों का सामूहिक अधिकार है। व्यक्तिगत पट्टे, सामुदायिक पट्टे,लघुवनोंपजो पर हक के साथ ही जंगल को बचाने व बढाने का दायित्व भी है। वनों के संरक्षण से पर्यावरण में संतुलन बना रहेगा, परंपरिक सांस्कृतिक व्यवस्था संरक्षित होंगे। मौके पर विधायक दशरथ गागराई ने कुचाई के भुरकुंडा स्थित पारंपरिक पत्थलगड़ी स्थल भुरकुंडा दिरी वीड चौक के सौंदर्यीकरण कार्य का उदघाटन किया. इस दौरान मुख्य रूप से केन्द्रीय सदस्य सोहन लाल कुम्हार, सुखराम मुंडा,मानकी मुंडा, भरत सिंह मुंडा, शिव नाथ मुंडा, गोपाल सिंह मुंडा, राम सोय, दोलु सरदार, बबलू मुर्मू, आदि थे।

## इंटक अध्यक्ष ने किया महानगर व प्रखंड कमिटी भंग, नई कमिटी का गठन जल्द

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर महानगर इंटक अध्यक्ष राजेश सिंह 'राजू' द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया, इंटक जिला कमिटी का दो वर्ष का कार्यकाल सफलता पूर्वक पूरा हुआ, जिसके लिए मै अपने पूरी टीम को बधाई देता हूं। श्री राजू ने कहा संगठन के मजबूती के लिए और पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं मे ऊर्जा भरने के लिए असंगठित क्षेत्र के मजदूरो को



संगठन मे जोड़ना है। अतः जमशेदपुर महानगर एवं प्रखंड कमिटी को भंग किया जाता है, जिसकी स्वीकृति इंटक के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पाण्डेय के द्वारा दे दी गई है। श्री राजू ने कहा कुछ कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी जिन्होंने दो वर्षो मे उत्कृष्ट कार्य किया है उन्हे प्रदोन्नति दी जाएगी और कुछ नए लोग जो बिना किसी पद के संगठन के लिए कार्य करते रहें है उन्हे नई जिम्मेदारी दी जाएगी। कहा जल्द ही प्रदेश अध्यक्ष के सहमति ले कर नई कमेटी की घोषणा कर दी जाएगी।

## जोतीलाल अध्यक्ष व नयन बने ग्राम प्रधान संघ के सचिव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के पुराना थाना परिसर बाकलतोड़ीया में गुरुवार को ईचागढ़ प्रखंड स्तरीय ग्राम प्रधान संघ की एक बैठक हुई। बैठक में ग्राम प्रधान संघ का पुनर्गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से जिला परिषद सदस्य जोतीलाल मांझी को अध्यक्ष, मुखिया नयन सिंह मुण्डा को सचिव,नगेन सिंह मुण्डा को उपाध्यक्ष, ग्राम प्रधान काशीनाथ सिंह मुण्डा को उप सचिव, ग्राम प्रधान सोनु सिंह मुण्डा को सह सचिव



चुना गया। वहीं अध्यक्ष चुने जाने के बाद जोतीलाल मांझी ने कहा कि ग्राम सभा को पूर्ण अधिकार देने, सम्मान जनक मानदेय देने ,पेशा कानून को सख्ती से लागू करने, गांवों का विकास फंड ग्राम प्रधानों को देने आदि मांगों पर लगातार आंदोलन किया जाएगा। मौके पर ग्राम प्रधान जयदेव दास, सुरेन्द्र महतो,शिव सिंह मुण्डा, प्रधान सिंह मुण्डा,बब्रुवाहन सिंह मुण्डा आदि ग्राम प्रधान उपस्थित थे।

## कुकड़ु के झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में पठन पाठन की शुरुआत को लेकर ज्ञापन सौंपा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरुलडीह :** कुकड़ु प्रखंड अंतर्गत दारूदा में झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय का भवन निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। परंतु कुछ कमी के कारण पठन पाठन कार्य नही हो पा रहा था। इसकी सूचना जिप उपाध्यक्ष मधुश्री महतो को मिलने पर तत्काल ही छात्राओं की हो रही असुविधाओ को लेकर उपायुक्त के नाम ज्ञापन के माध्यम से विभाग को सूचना दिये। मांगपत्र में कह छात्राओं के असुविधाओं को देखते हुए बने झारखंड बालिका



आवासीय विद्यालय कुकड़ु के जो छात्राएं नीमडीह बालिका आवासीय विद्यालय में रहते हुए पढ़ाई करते है उन सभी को कुकड़ु जेबए के निर्मित भवन में ही पढ़ाई शुरू करने के लिए विभाग को सूचित किए थे। आज लगभग छह माह बाद शिक्षा विभाग की और से इस विषय को संज्ञान में लेकर पठन पाठन का कार्य शुरू करने हेतु आदेश जारी किया गया। विद्यालय में पढ़ाई शुरू होने से सभी छात्राओं को हो रही असुविधाओं से निदान मिलेगा एवम् अविभावकों को नजदीक में ही जाकर अपने बच्चियों से मिलने का सुविधा प्राप्त होगा।

## हम सब संपत्ति के होल्डर हैं, मालिक नहीं : डॉ. संजीव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जुगसलाई श्री राजस्थान शिव मंदिर में चल रहे सप्ताह व्यापी श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन गुरूवार को युवा भागवताचार्य गौभक्त डॉ. संजीव कृष्ण ठाकुर ने सुमधुर भजनों के साथ भगवान कपिल-माँ देवहुति संवाद, भक्त ध्रुव चरित्र एवं वामन भगवान कथा के प्रसंग का सुंदर व्याख्यान किया। तृतीय दिवस की कथा में उपस्थित प्रभु कथा प्रेमियों द्वारा भगवान के मंगलमय पावन चरित्रों (जीवंत झांकियों) का आस्वादन किया गया। श्री वामन भगवान चरित्र कथा में महाराजश्री ने बताया कि हम संपत्ति के होल्डर हैं मालिक नहीं।



जो संपत्ति आज हमारी है, वो पहले किसी और की थी व आगे भी किसी और की ही हो जाने वाली है। यही सीख राजा बलि की कथा से हमें प्राप्त होती है। जिसमें राजा बलि ने तन, मन व धन भगवान के चरणों में अर्पित कर दिया था। देश विदेश में सनातन संस्कृति का डंका बजाने वाले युवा कथावाचक ने भक्त ध्रुव चरित्र की कथा का विस्तार से व्याख्या करते हुए कहा कि इस कलयुग में सिर्फ भगवान का नाम लेने से मनुष्य के सारे कष्ट खत्म हो जाते हैं। ध्रुव की भक्ति के आगे भगवान विष्णु को प्रगट होना पडा था। भक्त अगर सधो मन से ईश्वर की उपासना करता है तो ईश्वर उसकी मनोकामना पूरी करने पर मजबूर हो जाते है। युवा कथावाचक ने माता देवहूति व भगवान कपिल देव के संवाद को सुनाया। चौथे दिन 21 जुलाई शुक्रवार को श्री कृष्ण जन्मोत्सव कथा का प्रसंग होगा।

## संपादकीय

# सीमा पाकिस्तान की जासूस!

**पाकिस्तान** से अवैध तरीके से भारत में आई सीमा हैदर और उसके कथित पति सचिन मीणा को हिरासत में ले लिया गया है। यह गिरफ्तारी नहीं है। यह कार्रवाई उप्र के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने की है, क्योंकि उसके कुछ प्राथमिक संदेह हैं, लिहाजा वह गहन सवाल-जवाब करना चाहता है। एटीएस के संदेह आतंकवाद से जुड़े हुए नहीं हैं, लेकिन वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सीमा को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का एजेंट या जासूस मान कर चल रहे हैं। इन संदेहों के कई बुनियादी कारण भी हैं। मसलन-पाकिस्तान की 27 वर्षीय सीमा अपने चार नाबालिग और छोटे-छोटे बच्चों समेत पहले शारजाह गई, वहां से नेपाल कैसे आई और अंततः भारत में कैसे घुसी? सरहद पर बीएसएफ और स्थानीय पुलिस ने उसे क्यों नहीं पकड़ा? इनसे भी स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है। सीमा के पास 4 मोबाइल फोन, 3 फर्जी पहचान-पत्र, 4 जन्म प्रमाण-पत्र, 4 पासपोर्ट बच्चों के, 2 पासपोर्ट खुद सीमा के और 5 वेक्सीनेशन सर्टिफिकेट आदि दस्तावेज कहां से आए, उसने क्यों बनवाए अथवा किसने उसकी मदद की? यदि वह सामान्य औरत है और इश्क में डूबी है, तो उसे इतने दस्तावेजों की जरूरत ही क्या थी? इन सवालों के अलावा, एटीएस, पुलिस, गुप्तचर ब्यूरो सरीखी जांच एजेंसियों के सामने यह अहम सवाल भी है कि सीमा को उप्र के ग्रेटर नोएडा आने के बाद पाकिस्तान से 30 से अधिक हिंदू औरतें क्यों लापता कर दी गईं हैं और वे कहां हैं? पाकिस्तान की हुकूमत स्पष्ट करे। कराची के हिंदू मंदिर पर रॉकेट लॉन्चर से हमला क्यों किया गया है? वैसे पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों पर हमले होते रहे हैं। उन्हें धर्मांतरण के लिए भी विवश किया जाता रहा है, लेकिन चिंता की बात यह है कि पाकिस्तान में हिंदू औरतों को मारने की धमकियां दी जा रही हैं। कुछ नकाबपोश हाथों में हथियार लेकर यह धमकी भी दे रहे हैं कि यदि सीमा हैदर को पाकिस्तान वापस भेजा गया, तो उसकी हत्या कर दी जाएगी। सवालिया यह भी है कि उन बदमाशों ने बाकायदा वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल भी किया है। कुछ लोग 'बेवफा' सीमा को सरेआम चौराहे पर फांसी देने की भी मांग कर रहे हैं। उसका सार्वजनिक और सामाजिक चरित्र-हनन भी किया जा रहा है। इन धमकियों की प्रतिक्रिया में भारत के कुछ हिंदूवादी संगठनों ने सरकार को चेता दिया है कि यदि 72 घंटों में सीमा को सीमापार नहीं भेजा गया, तो फिर आंदोलन छेड़ा जाएगा। बेशक यह मुहब्बत की ऐसी दास्तां हो सकती है, जिसने सरहदों की परवाह नहीं की, लेकिन उसकी खातिर राष्ट्रीय सुरक्षा को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उप्र के पूर्व पुलिस महानिदेशक डॉ. विक्रम सिंह का मानना है कि आज एक सीमा और 4 बच्चे अवैध तरीके से भारत में घुसे हैं। कल 50 सीमाएं और सैकड़ों बच्चे देश में घुसपैठ कर सकते हैं। यह अपराध का मामला है, भावुक होने की जरूरत नहीं है। बच्चों के मानवाधिकार का मुद्दा वैश्विक स्तर पर उठाया जा सकता है। उसका जवाब देने में भारत सरकार सक्षम है। हम बांग्लादेश और म्यांमार से जारी अवैध घुसपैठ को रोक नहीं पाए हैं। सीमापार और पाकपरस्त आतंकवाद भी घुसपैठ के जरिए चलाया जा रहा है। यदि एक और समस्या पाल लेंगे, तो देश के लिए खतरनाक हो सकता है। दरअसल एटीएस और आईबी की जांच-पड़ताल का फोकस यह है कि क्या सीमा आईएसआई की जासूस है? यह सिर्फ 5वीं पास है, लेकिन अंग्रेजी भाषा को बखूबी जानती, समझती और बोल लेती है। उसने यह प्रशिक्षण कहां और कब हासिल किया? एजेंसियां पाकिस्तान से भारत में आने का रूट भी खंगालना चाहती हैं। सीमा के मददगारों तक पहुंचने की कोशिश करना चाहती हैं। सीमा और सचिन के संबंधों की पृष्ठभूमि और हकीकत तक भी पहुंचना चाहती हैं। सीमा अब ग्रेटर नोएडा में हिंदू बनकर सचिन के घर में रह रही है। बहरहाल सच तक पहुंचना तो जरूरी है।

भारत के कुछ हिंदूवादी संगठनों ने सरकार को चेता दिया है कि यदि 72 घंटों में सीमा को सीमापार नहीं भेजा गया, तो फिर आंदोलन छेड़ा जाएगा। बेशक यह मुहब्बत की ऐसी दास्तां हो सकती है, जिसने सरहदों की परवाह नहीं की, लेकिन उसकी खातिर राष्ट्रीय सुरक्षा को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उप्र के पूर्व पुलिस महानिदेशक डॉ. विक्रम सिंह का मानना है कि आज एक सीमा और 4 बच्चे अवैध तरीके से भारत में घुसे हैं। कल 50 सीमाएं और सैकड़ों बच्चे देश में घुसपैठ कर सकते हैं। यह अपराध का मामला है, भावुक होने की जरूरत नहीं है। बच्चों के मानवाधिकार का मुद्दा वैश्विक स्तर पर उठाया जा सकता है। उसका जवाब देने में भारत सरकार सक्षम है। हम बांग्लादेश और म्यांमार से जारी अवैध घुसपैठ को रोक नहीं पाए हैं। सीमापार और पाकपरस्त आतंकवाद भी घुसपैठ के जरिए चलाया जा रहा है। यदि एक और समस्या पाल लेंगे, तो देश के लिए खतरनाक हो सकता है। दरअसल एटीएस और आईबी की जांच-पड़ताल का फोकस यह है कि क्या सीमा आईएसआई की जासूस है।

### सीमा के बच्चे स्वच्छंद तथा उन्मुक्त भाव से ग्रेटर नोएडा में हिन्दुस्तान जिंदाबाद के नारे लगा रहे

# और भी सीमाएं पिघल सकती हैं प्यार में

प्रो. सुरेश शर्मा

तीन साल से सचिन मीणा के सम्पर्क में रहने वाली सीमा को सचिन से पबजी का खेल खेलते-खेलते प्रेम अब जिंदगी का खेल बन चुका है। सीमा अपने चार बच्चों सहित नेपाल के रास्ते अपने प्रेमी सचिन के साथ जन्म-जन्म के बन्धन में बंधने को भारत पहुंच गई। इलेक्ट्रोनिक मीडिया, सोशल मीडिया तथा प्रिंट मीडिया में सीमा हैदर को जो शोहरत मिली है उसे बयान नहीं किया जा सकता। पत्रकार इस विवादास्पद प्रेमी जोडे को अपने कैमरे में कैद कर रहे हैं या फिर अपनी कलम से इस अनोखी प्रेम कथा को अपने शब्द मणिरत्नों से मानों अमरत्व प्रदान करना चाहते हों। भारत तथा पाकिस्तान के द्विपक्षीय संबंधों की कड़वाहट एवं खटास के बीच सीमा-सचिन के प्रेम सम्बन्ध ने दुनिया में हलचल मचा दी है।

**दुनिया** के सोशल मीडिया में सीमा-सचिन की संदेहास्पद प्रेम कहानी इस समय पूरी तरह से छा चुकी है। जहां पाकिस्तान और हिन्दुस्तान के रिश्तों को अभी लम्बे समय तक पटरी पर आने की कल्पना भी नहीं की जा सकती, वहीं पर कराची (पाकिस्तान) की सीमा हैदर को अपने सत्ताईसवें वर्ष में चार बच्चे पैदा करने के बाद भारतवर्ष के ग्रेटर नोएडा में रहने वाले सचिन से प्रेम पैदा हो गया। तीन साल से सचिन मीणा के सम्पर्क में रहने वाली सीमा को सचिन से पबजी का खेल खेलते-खेलते प्रेम अब जिंदगी का खेल बन चुका है। सीमा अपने चार बच्चों सहित नेपाल के रास्ते अपने प्रेमी सचिन के साथ जन्म-जन्म के बन्धन में बंधने को भारत पहुंच गई। इलैक्ट्रोनिक मीडिया, सोशल मीडिया तथा प्रिंट मीडिया में सीमा हैदर को जो शोहरत मिली है उसे बयान नहीं किया जा सकता। पत्रकार इस विवादास्पद प्रेमी जोड़े को अपने कैमरे में कैद कर रहे हैं या फिर अपनी कलम से इस अनोखी प्रेम कथा को अपने शब्द मणिरत्नों से मानों अमरत्व प्रदान करना चाहते हों। भारत तथा पाकिस्तान के द्विपक्षीय संबंधों की कड़वाहट एवं खटास के बीच सीमा-सचिन के प्रेम सम्बन्ध ने दुनिया में हलचल मचा दी है। हर पत्रकार, समाचार पत्र, टीवी चैनल सीमा-सचिन की प्रेम कहानी की परतें खोलना चाहता है। बिना वीजा के अपने तथा चार बच्चों के परिचय पत्र, चार मोबाइल सहित भारत आने वाली सीमा नेपाल में शादी कर अब पूरी तरह से भारतीय सचिन के रंग में रंग चुकी है तथा अब वह कोर्ट मैरिज करना चाहती है। विशुद्ध भारतीय परिधान, भाषा, बेबाक अंदाज, टैक्नोलॉजी में कुशल सीमा बातचीत से सबको प्रभावित करने की कोशिश कर रही है। सीमा के बच्चे स्वच्छंद तथा उन्मुक्त भाव से ग्रेटर नोएडा में हिन्दुस्तान जिंदाबाद के नारे लगा रहे हैं। सीमा हैदर भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हमेशा के लिए भारत में रहने की गुहार लगा रही है। सीमा का कहना है कि अब वह किसी भी हालत में



पाकिस्तान नहीं जाना चाहती। वह भारत में ही मरना पसन्द करेगी। वह अब सचिन की ठकुराईन बन चुकी है। अब वह गंगा में डुबकी लगाकर पवित्र होकर विधि-विधान से हिंदू धर्म अपनाएगी तथा मटन, चिकन और बिरयानी छोड़ कर अब शाकाहारी भोजन किया करेगी। सीमा हैदर कहती है कि अगर उसे पाकिस्तान भेजा गया तो उसे लोग पत्थर मारकर खत्म कर देंगे। उसकी टांगें तथा बाजुएं काट कर उसकी नृशंस हत्या कर देंगे। उधर सीमा का पूर्व पति गुलाम हैदर भारत सरकार से अपनी पत्नी तथा बच्चों को वापस पाकिस्तान भेजने की मांग कर रहा है। सीमा के नए पति सचिन अपनी पत्नी सीमा तथा चार बच्चों को पाकर बहुत खुश हैं। सचिन के माता-पिता तथा रिश्तेदार सीमा को स्वीकार कर आशीर्वाद दे रहे हैं। सीमा के चारों बच्चे हिन्दुस्तान में आकर बहुत खुश हैं। अब उनके मुस्लिम नाम हिन्दू बच्चों के नाम में परिवर्तित हो गए हैं। सीमा सचिन उर्फ सीमा हैदर ने अब पूरी तरह से तय कर लिया है कि अब वे किसी भी सूरत में पाकिस्तान नहीं जाएंगी। चाहे वह जहर खा लेगी या फिर गला काट लेंगी। मान न मान, मैं तेरा मेहमान बन चुकी सीमा गला काटने की धमकी देकर भारत के गले में पड़ चुकी है। सोशल मीडिया, न्यूज चैनल, प्रिंट मीडिया में सीमा और सचिन की अनोखी प्रेम कहानी एक अनसुलझी पहेली बन चुकी है। मीडिया के सभी चैनलों को पूछताछ तथा मीडिया ट्रायल करने का ऐसा अवसर तथा उत्सव बन चुका है जैसे पूरे हिन्दुस्तान की सभी समस्याएं समाप्त हो चुकी हैं। अनेकों संचार माध्यम, टीवी एंकर एवं पत्रकार मजाक बना चुके हैं। हालांकि इस मामले में कानून तथा सम्बन्धित एजेंसियां अपना काम करेंगी। मात्र दो लोगों की भावानात्मक, संदेहास्पद या मनघड़ंत प्रेम कहानी की कीमत पर देश को ताक पर नहीं रखा जा सकता। पहले ही 1947 के विभाजन से पाकिस्तानी शरणार्थी, वर्ष 1959 में तिब्बती शरणार्थी, 1960 में बांग्लादेश से चकमा और हाजौंग शरणार्थी, 1965 तथा 1971 के बांग्लादेशी शरणार्थी, 1980 के दशक में श्रीलंकाई तमिल शरणार्थी तथा अब हाल ही में म्यांमार के रोहिंग्या शरणार्थियों से भारतवर्ष भरा पड़ा है। काफी संख्या में अवैध रूप से नेपाली मजदूर वर्ग यहां पर अपना जीवन यापन कर रहा है। वास्तव में ये घुसपैठिए, अप्रवासी तथा शरणार्थी बेहतर आर्थिक अवसरों की तलाश में भारत आते हैं तथा प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से भारतीय नागरिकों के अधिकारों पर डाका डालते हैं। अब प्रश्न यह उठता है कि किस-किस को शरण देता रहेगा यह हिन्दुस्तान? वर्तमान में अवैध रूप से रहने वाले इन शरणार्थियों तथा अप्रवासियों के प्रवास से हिन्दुस्तानियों का उत्पीडन ही हुआ है। इन शरणार्थियों तथा प्रवासियों के प्रवास से विभिन्न राज्यों में वहां के स्थानीय लोगों पर हिंसात्मक हमले हुए हैं। लड़ाई-झगड़े तथा पुलिस केस होना तो आम बात हो गई है। 'वसुधैव कुटुंबकम्' की विचारधारा में विश्वास रखने वाला भारत एक धर्मशाला तथा शरणालय बन चुका है। भारतीय कानूनविदों तथा सुरक्षा एजेंसियों को इस अजीबोगरीब प्रेम कहानी के संदर्भ में बहुत से अनसुलझे प्रश्नों का उत्तर ढूंढने का प्रयास करना होगा। सीमा हैदर कैसे बिना वीजा के नेपाल के रास्ते भारत में दाखिल हुई? उसके इरादे क्या हैं? सीमा हैदर तथा उसके चार बच्चों के पासपोर्ट कैसे बने? उसके परिचय पत्र कैसे बने? सीमा के पति गुलाम हैदर की कहानी क्या है? टैक्नोलॉजी में कुशल, तेज तर्रार दिखने वाली सीमा क्या वास्तव में ही अनपढ़ है? क्या वह जासूसी के इरादे से भारत आई है? सचिन से संपर्क की क्या पृष्ठभूमि है? चार बच्चे पैदा करने के बाद उसको भारतीय लडक़े से कैसे प्रेम पैदा हुआ? पबजी खेल से प्रेम के माध्यम से भारतीय लडक़े से प्यार, फिर शादी और चार बच्चों सहित भारत में घुसपैठ को सामान्य रूप से नहीं देखा जा सकता। इस तरह तो भारत में रहने के लिए अनेकों प्रेमी तैयार हो जाएंगे। किसी भी सूरत में भारतीय सुरक्षा को दो व्यक्तियों की प्रेम की आग में झोंका नहीं जा सकता। वर्तमान में इस अजीब-ओ-गरीब लवस्टोरी की लैला-मजनूं, शीरीं-फरहाद तथा सोहनी-महिवाल की प्रेम कहानी के साथ तुलना नहीं की जा सकती। यह प्रेम कहानी फिल्म निर्देशकों, इलैक्ट्रोनिक मीडिया तथा प्रिंट मीडिया के लिए एक व्यावसायिक विषय हो सकती है। प्रेम अगर दो रुहों का विषय है तो देश प्रेम करोड़ों भारत वासियों के लिए एक गम्भीर विषय है। इस कहानी को मात्र हिन्दू-मुसलमान की प्रेम कहानी के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए क्योंकि यह मसला दो मुल्कों के गम्भीर द्विपक्षीय सम्बन्धों का भी है। प्रेम भावना में बह कर इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता अन्यथा और भी सीमाएं पिघल सकती हैं प्यार में।

# गांधीवादियों और राजनीतिक दलों में सहयोग

गांधीवादी संस्थाओं और गांधी-विनोबा को मानने वालों को राजनीति में नहीं पडना चाहिए, राजनीति नहीं करनी चाहिए, राजनीतिक नेताओं से सम्पर्क नहीं रखना चाहिए, अपने कार्यक्रमों में राजनीतिक नेताओं को नहीं बुलाना चाहिए, उनसे दूरी बनाए रखना चाहिए और राजनीतिक दलों के कार्यक्रमों में गांधीवादियों को नहीं जाना चाहिए। ये सारे सवाल गांधीवादियों के बीच चलते रहते हैं। अभी हाल में हमने वर्तमान परिस्थितियों में साम्प्रदायिकता के मुद्दे पर, खासकर मुसलमानों के खिलाफ चलाए जा रहे घातक एकपक्षीय प्रचार पर गांधीवादी दृष्टिकोण से स्टैंड लेने पर विचार करना शुरू किया तो गांधीवादियों के सामने फिर यह मुद्दा सामने आया और इस पर विचार विमर्श भी हुआ। संयोग से इसी समय सर्वोदय और गांधीवादियों की शीर्ष संस्था 'सर्व सेवा संघ' के बनारस परिसर पर सरकारी पंजा पड़ गया।

**पिछले** साल जब से उत्तराखंड के गांधीवादियों ने कौमी एकता और समाज की गंगा-जमुनी तहजीब को बचाए और बढ़ाए रखने के कार्यक्रम आरम्भ किए हैं, तब से यह बहस और शंकाएं चल रही हैं कि गांधीवादियों को इस मुहिम में धर्मनिरपेक्षता को मानने वाले राजनीतिक दलों और उनके नेताओं से सहयोग लेना चाहिए या नहीं। गांधीवादियों और राजनीति के सम्बन्ध में कई सवाल आजादी के दौर से अब तक अक्सर उठाए जाते रहे हैं। गांधीवादी संस्थाओं और गांधी-विनोबा को मानने वालों को राजनीति में नहीं पडऩा चाहिए, राजनीति नहीं करनी चाहिए, राजनीतिक नेताओं से सम्पर्क नहीं रखना चाहिए, अपने कार्यक्रमों में राजनीतिक नेताओं को नहीं बुलाना चाहिए, उनसे दूरी बनाए रखना चाहिए और राजनीतिक दलों के कार्यक्रमों में गांधीवादियों को नहीं जाना चाहिए। ये सारे सवाल गांधीवादियों के बीच चलते रहते हैं। अभी हाल में हमने वर्तमान परिस्थितियों में साम्प्रदायिकता के मुद्दे पर, खासकर मुसलमानों के खिलाफ चलाए जा रहे घातक एकपक्षीय प्रचार पर गांधीवादी दृष्टिकोण से स्टैंड लेने पर विचार करना शुरू किया तो गांधीवादियों के सामने फिर यह मुद्दा सामने आया और इस पर विचार विमर्श भी हुआ। संयोग से इसी समय सर्वोदय और गांधीवादियों की शीर्ष संस्था 'सर्व सेवा संघ' के बनारस परिसर पर सरकारी पंजा पड़ गया। इस परिसर के साथ गांधी-विनोबा की विरासत जुड़ी है, यह परिसर जेपी से लेकर लाल बहादुर शास्त्री सहित सैकड़ों गांधीवादियों के कार्यों और स्मृति से जुड़ा है। इस परिसर को सरकार ने गांधी-विनोबा के रचनात्मक कार्यों को चलाने के लिए छह दशक पहले बाकायदा बेचा था, लेकिन आज की सरकार उस पर गैर-कानूनी ढंग से कब्जा करने पर तुली है। जेपी द्वारा स्थापित गांधी विद्या संस्थान की जमीन पर कब्जा कर लिया है, अब पूरे परिसर को कब्जाने का खेल शुरू हो गया है। इस परिसर को बचाने के लिए गांधीवादियों और गांधी को चाहने वालों का आंदोलन हो रहा है। इसमें लगभग सभी विपक्षी दल- कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, माक्र्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, आप और स्वराज पार्टी सहयोग कर रहे हैं। जो गांधीवादी यह कहते हैं कि उन्हें राजनीतिक दलों और नेताओं से दूरी रखनी चाहिए उनकी आंख खोलने के लिए यह बताना जरूरी है कि राजनीति से इतर हर मुद्दे पर राजनीतिक दलों से परहेज नहीं हो सकता। ऐसा नहीं है कि सर्व सेवा संघ के परिसर को बचाने के लिए राजनीतिक दल बिन बुलाए मेहमान हैं। वे गांधी को जानने, मानने या चाहने वाले तो हैं ही, उनसे गांधीवादियों ने समर्थन भी मांगा है। स्वेच्छा से आए हों या उन्हें बुलाया गया हो, वे गांधी की विरासत को बचाने के लिए आंदोलन का साथ दे रहे हैं और गांधीवादी मंच पर उनके साथ हैं। वैसे भी व्यापक समाज हित में कार्य करने के लिए किसी को भी अछूत नहीं समझा जा सकता। इसके लिए हमारे सामने गांधी के दिशा-निर्देश उनके रचनात्मक कामों की प्राथमिकता के रूप में सामने हैं। आजादी के दौरान और उसके बाद की परिस्थितियों में गांधीवादियों के लिए जो काम निर्धारित हुए वो ही स्वीकार किए जाते हैं। हालांकि इसमें राजनीतिक दलों और नेताओं के साथ सम्पर्क करने, न करने के कोई निर्देश नहीं हैं, लेकिन जो काम हैं वो व्यापक समाज के हित में हैं। उसमें ज्यादातर काम ऐसे हैं जिनको करने के लिए समाज के सभी पक्षों से सहयोग लेना और देना जरूरी है। इसमें राजनीतिक दल और उसके नेताओं से सम्पर्क करना और उनसे सहयोग लेना भी शामिल है। गांधी के रचनात्मक कार्य हैं : 1. कौमी एकता 2. अस्पृश्यता निवारण 3. शराबबंदी 4. खादी 5. ग्रामोद्योग 6. गांव की सफाई 7. बुनियादी तालीम 8. आरोग्य शिक्षा 9. प्रान्तीय भाषाएं 10. राष्ट्रभाषा 11. आर्थिक समानता 12. किसान 13. मजदूर 14. आदिवासी 15. कुष्ठ सेवा 16. स्त्री 17. विद्यार्थी व 18. बड़ों को तालीम (प्रौढ़ शिक्षा)। स्वतंत्रता के बाद यह विचार हुआ कि गांधीवादियों को सक्रिय राजनीति न करके समाज को बदलने का काम करना चाहिए। इन मुद्दों को लेकर समाज जब सकारात्मक रूप से बदलेगा, तब राजनीति में शुचिता आएगी, उसमें स्वार्थ सिद्धि की जगह समाज और देशहित आएगा जो स्वराज और ग्राम-स्वराज का लक्ष्य है। इस तरह ये 18 रचनात्मक कार्य, जो समन्वयवादी समाज के व्यापक हित और आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए जरूरी थे, सामाजिक कार्य का साधन माने गए। सक्रिय राजनीति से परहेज का आलम यह रहा है कि गांधीवादी और सर्वोदयी कार्यकर्ताओं ने चुनाव में वोट देने से किनारा कर लिया। इस बारे में विनोबा जी की वैचारिकी सबसे बड़ा उदाहरण है, लेकिन गांधीजी के बताए 18 रचनात्मक कार्य ऐसे नहीं थे जिससे समाज और देश से कटकर और राग-द्वेष से दूर होकर काम किया जा सके। इसी समाज में रहकर समाज को बेहतर बनाने के लिए निजी राग-द्वेष और हित छोडक़र समाज हित में काम करना होगा। इन रचनात्मक कामों में सबसे पहला और महत्वपूर्ण काम कौमी एकता का था। गांधी जी भारतीय समाज में इसकी महत्ता जानते और समझते थे।

## देश दुनीया से

# परमादरणीय इंटरनेट के लती

**जबसे** गूगल जी महाराज आया है, जीव को कुछ भी याद करने की जरूरत नहीं रही। इसलिए वे भी सुबह सुबह स्वास्थ्य खराब को सैर पर निकलते तो हैं पर हाथ में अपना मोबाइल लिए उस पर हनुमान चालीसा लगाए। वे हर समय ऑन रहें या न, पर उनके मोबाइल का नेट हरदम ऑन रहता है। वे सैर को जाते वक्त अपने साथ अपनी टांगें ले जाना भूल सकते हैं, पर मोबाइल नहीं। कुछ सुनते तो खैर अब वे कुछ भी नहीं। उन्हें और कुछ भी पसंद नहीं हनुमान चालीसा के अतिरिक्त। जब उनकी नई नई शादी हुई थी तब हर वक्त वे बीवी चालीसा सुना करते थे। पर कुछ दिन बाद हनुमान चालीसा सुनना शुरू कर दिया। वे कुत्तों से बहुत डरते हैं। सैर को निकले को क्या पता कब जैसे गली का कोई कुत्ता उनको काट डाले। वैसे गली का कोई कुत्ता उनको काटेगा, यह उनका मात्र वहम है। क्योंकि जितना वे गली के कुत्तों से डरते हैं, गली के कुत्ते उससे सौ गुणा अधिक उनसे डरते हैं। इसलिए बहुधा उनको सैर पर दूर से ही आते देख वे आंखें मूंदें अपना रास्ता बदल लेते हैं या उनको सेफ पैसेज देने में ही अपनी भलाई समझते हैं। पर इसका मतलब यह कदापि न लिया जाए कि वे कुत्तों से भी अधिक खतरनाक हैं। वे बहुत ही शील स्वभाव किस्म के प्राणी हैं। वे बाजार जाते हैं तो अपनी आखों के सामने मोबाइल किए। हनुमान चालीसा लगाए। क्या पता बाजार में किस सब्जी का भाव उन्हें आतंकित कर दे? वे घर में रहते हैं तो अपनी आंखों के सामने हरदम मोबाइल का नेट ऑन किए रहते हैं। उनके मोबाइल पर तब हनुमान चालीसा चलता रहता है। क्या पता बीवी की ओर से कब क्या प्रहार हो जाए और हनुमान चालीसा उनकी रक्षा कर सके। कल वे सुबह की सैर करते करते बहुत आगे निकल गए। उन्होंने सोचा घर में भी जल्दी जाकर क्या करना। बीवी कहेगी, 'जाओ! बाजार से शिमला मिर्च लेकर आओ। भरवा शिमला मिर्च बनानी है। उन्होंने अभी अभी जायकेदार शिमला मिर्च बनाने की रैसिपी यू ट्यूब पर देखी है।' और आप तो जानते ही हैं कि इन दिनों शिमला मिर्च भी छूने लायक नहीं है। शिमला मिर्च लाल मिर्च से भी अधिक तीखी चल रही है। ...कि अचानक उनके नेट का सिग्नल गायब हो गया। नेट का सिग्नल गायब होते ही जनाब का फ्रेश एयर में भी दम घुटने लगा। लगा, ज्यों उनको हार्ट अटैक आ रहा हो। और वे वहीं बैठ गए। परेशानी में उन्हें पता ही न चला कि यह श्मशान घाट है या पार्क। कुछ देर बाद जब होश आया तो उन्होंने अपने सामने बेताल पाया। पर वे उसे पहचान नहीं पाए। उन्होंने सोचा उनकी तरह स्वास्थ्य लाभ लेने यहां दूसरा भी आया है। उसे तो वे तब पहचानते जो उनकी आंखें इन दिनों टमाटर, शिमला मिर्च से आगे भी कुछ देख पातीं। 'बंधु! परेशान क्यों हो?' बेताल ने उनके कंधे पर हाथ रखते उनसे पूछा। 'इंटरनेट का सिग्नल नहीं मिल रहा', कह वे श्मशान की परिक्रमा करने लगे ताकि कहीं तो वे कहीं जैसे तो नेट की रेंज में आ जाएं। तभी अचानक उनको वाईफाई का सिग्नल मिला। उनकी सांसें नार्मल हुईं। दिल ने सामान्य रूप से धडक़ना चालू किया। उन्होंने बेताल से पूछा, 'भाई साहब! यहां वाईफाई है क्या?' 'जी हां बंधु!' 'तो उसका पासवर्ड क्या है?' तब उनके चेहरे पर आई परम शांति देखने लायक थी, 'श्मशान।' 'श्मशान का श स्मॉल या कैपिटल?' यह सुन बेताल जोर का ठहाका धीरे से लगाया और गायब हो गया।

वे सैर को जाते वक्त अपने साथ अपनी टांगें ले जाना भूल सकते हैं, पर मोबाइल नहीं। कुछ सुनते तो खैर अब वे कुछ भी नहीं। उन्हें और कुछ भी पसंद नहीं हनुमान चालीसा के अतिरिक्त। जब उनकी नई नई शादी हुई थी तब हर वक्त वे बीवी चालीसा सुना करते थे। पर कुछ दिन बाद हनुमान चालीसा सुनना शुरू कर दिया। वे कुत्तों से बहुत डरते हैं। सैर को निकले को क्या पता कब जैसे गली का कोई कुत्ता उनको काट डाले। वैसे गली का कोई कुत्ता उनको काटेगा, यह उनका मात्र वहम है। क्योंकि जितना वे गली के कुत्तों से डरते हैं, गली के कुत्ते उससे सौ गुणा अधिक उनसे डरते हैं। इसलिए बहुधा उनको सैर पर दूर से ही आते देख वे आंखें मूंदें अपना रास्ता बदल लेते हैं या उनको सेफ पैसेज देने में ही अपनी भलाई समझते हैं। इसका मतलब यह कदापि न लिया जाए कि वे कुत्तों से भी अधिक खतरनाक हैं। वे बहुत ही शील स्वभाव किस्म के प्राणी हैं। वे बाजार जाते हैं तो अपनी आखों के सामने मोबाइल किए।

## कुछ अलग

# त्रासदी ने खुरच दिए प्रश्न

**इतिहास** में डूबी सदियों का बाढ़ में डूबी नदियों से सदा मुकाबला रहा है, लेकिन जिंदगी ने हर मोड़ पर आकर खुद को बचाना सीख लिया। कुछ इसी तरह का परिदृश्य उस समय उत्पन्न हुआ जब मंडी का प्रमुख पंचवक्त्र मंदिर सुकेती और ब्यास नदियों के संगम में आकंठ डूब कर भी सही सलामत उबर आया। तीन सौ साल पुराना मंदिर उन लहरों के बीच इतिहास के सन्नाटों, आधुनिक विकास के घाटों और प्रगति के तमाम ललाटों से लड़ता हुआ सुरक्षित वजूद में अवतरित है, तो इसके पीछे सबसे बड़ी शक्ति मानव की तत्कालीन उपलब्धि रही, जिसने तीन सौ साल पहले ही नदी के आचरण में खुद का विश्वास अर्जित किया। यहां राजा सिद्धसेन का जिक्र इसलिए आ जाता है कि उनके शासनकाल में वास्तुशैली का ऐसा नजारा आज के युग का वरदान बन गया है। इन फिजाओं में अगर भगवान की मिलकीयत बरकरार है, तो इसका श्रेय तीन सौ साल पुरानी कला को जाता है। आश्चर्य यह कि तब न तो आधुनिक इंजीनियरिंग की पढ़ाई थी और न ही ऐसा प्रारूप बना था कि योजनाएं प्रचारित की जाती। इस मंदिर परिसर में इतिहास की कर्मठता का उल्लेख तो है, लेकिन न शिलान्यास और न ही उद्घाटन पट्टिकाओं का समावेश मिलता है। आज के युग में भवन से कहीं महत्त्वपूर्ण उसकी शिलान्यास व उद्घाटन पट्टिका है, जबकि आधुनिक निर्माण का इतिहास दर्शाने में हिमाचल निरंतर असफल हो रहा है। दरअसल हमने जमीन पर दबाव पाल तो लिए, लेकिन उनसे बाहर निकलने का रास्ता नहीं ढूंढा, नतीजतन पहाड़ की अपनी नीतियां, परियोजनाएं, प्रवृत्तियां और वास्तु शैली कहीं पीछे रह गई। मानवीय गतिविधियों के क्षेत्र में घर निर्माण, व्यापार और जीवन की सुख सुविधाएं पाने तक ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के कौतुहल को घर-घर में सजाने का प्रदर्शन भी है। हिमाचल में बरसात-बाढ़ की त्रासदी ने कई आधारभूत प्रश्न खुरच दिए हैं और जहां भवन, सडक़ निर्माण, शहरी एवं ग्रामीण विकास, सरकारी प्रगति का प्रदर्शन और नागरिक मांग के समर्थन में तलाशे गए आधुनिक हल सताने लगे हैं। बहस फोरलेन निर्माण या सडक़ों को चौड़ा करने की अगर शुरू करेंगे, तो उस दबाव की जिम्मेदारी नागरिकों पर भी तो हो जिसके चलते कई घरों में एक से अधिक वाहनों की कतार खड़ी है और यही सडक़ों के किनारे खड़े कर दिए जाते हैं। ऐसे में सडक़ का शिष्टाचार या फोरलेन बनाने का दबाव तब खत्म होगा, जब हम निजी वाहनों की बजाय सार्वजनिक परिवहन पर भरोसा करेंगे। इसी तरह नगर एवं ग्राम नियोजन नहीं होगा, तो अतिक्रमण और अंधाधुंध निर्माण हमारे लिए प्राकृतिक आपदाओं का जखीरा ही खड़ा करेंगे। प्राकृतिक जल निकासी और खनन की परिपाटी पर खड़े निजी स्वार्थ जब तक हटाए नहीं जाते, नदियां-नाले बेरहम होकर उत्पात मचाएंगे। इसी तरह वेस्ट मैनेजमेंट के रास्ते बनाए नहीं जाते, तो इनसान और प्रकृति का रिश्ता विनाशकारी होता रहेगा। हद यह है कि जो पानी परेशानी पैदा कर रहा है, वही पीने के लिए नसीब नहीं हो रहा। शिमला में चौथे दिन या हमीरपुर में दूसरे दिन पेयजल की आपूर्ति हो रही है, तो कहीं हमारी योजनाओं के खाके खुराफाती जरूर रहे होंगे। सोलन शहर के विकास में जर्जर हो रही जमीन का दर्द कब जानेंगे। शहर के शामती इलाके में आई शामत ने बता दिया कि ऐसे विकास की जमीन खिसक सकती है। लगभग पूरी बस्ती का विध्वंस साबित करता है कि शहरी एवं ग्रामीण नियोजन की दिशा में हिमाचल कितना दोषी है। नागरिक बस्तियों के मायने बदलते इनसान ने अपने विकास को कब्रिस्तान के करीब खड़ा कर दिया है।

## नागरिक बोध

# कितनी गर्मी बढ़ाएगा मॉनसून सत्र

**इस** बार संसद का मॉनसून सत्र सियासी तौर पर बेहद अहम माना जा रहा है। इस सत्र में विपक्ष जोर-शोर से अपनी एकजुटता की मुहिम का सियासी रिहर्सल करना चाहेगा। दूसरी ओर सत्ता पक्ष यानी सरकार विपक्षी खेमे की तमाम कोशिशों को सदन के अंदर ही परास्त कर उसके नैरेटिव को शुरू होने से पहले समाप्त कर देना चाहेगी। संसद के मॉनसून सत्र के बाद केंद्र सरकार के दूसरे टर्म में सिर्फ दो और सत्र बचेंगे। साल के आखिर में होने वाला शीतकालीन सत्र और उसके तुरंत बाद नए साल की शुरुआत में होने वाला बजट सत्र। संसद का मॉनसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होने जा रहा है। यह 12 अगस्त तक चलेगा और इस दौरान 17 बैठकें होंगी। विपक्षी गठबंधन के लिए मॉनूसन का संसद सत्र बहुत अहम होने वाला है। इसमें कई स्तर पर विपक्ष की परीक्षा भी होगी। संसद का पिछला सत्र अडाणी मुद्दे पर पूरी तरह बाधित हो गया था। तब विपक्ष भी कई स्तरों पर बंटा-बंटा दिखा था। विरोध करने के स्वरूप को लेकर विपक्षी दलों में एकरूपता नहीं थी। सत्र के बाद ही विपक्षी एकता की नई पहल की गई और नीतीश कुमार ने एक तरह से अभियान चलाकर कांग्रेस सहित कई पार्टी नेताओं से मुलाकात की। इसके बाद विपक्षी एकता की दिशा में पहली मीटिंग पटना में हुई और दूसरी मीटिंग इन दिनों बेंगलुरु में चल रही है। पहले पटना और अब बेंगलुरु में हो रही मीटिंग का असर कितना हुआ, और यह एकता मुद्दों पर टिकी रह पाएगी या नहीं, संसद का मॉनसून सत्र उसके लिए भी एक लिटमस टेस्ट की तरह होगा। वहीं सत्र के दौरान दिल्ली ऑर्डिनेंस का ऐसा मुद्दा आएगा, जिसमें विपक्षी दलों को अपनी एकजुटता दिखाने का बड़ा मौका मिलेगा। विपक्ष को उम्मीद भी होगी कि इस मुद्दे पर एनडीए सरकार को राज्यसभा में परास्त कर आम चुनाव से पहले वह एक बड़ा संदेश दे सकता है। अगर ऑर्डिनेंस के मुद्दे पर विपक्ष सरकार को हराने में सफल रहे, तो इसका बड़ा मनोवैज्ञानिक लाभ मिलेगा। इसके अलावा मणिपुर के हालात और जांच एजेंसियों की कार्रवाई के दो ऐसे मसले हैं, जिन पर संसद में जोरदार हंगामा देखने को मिल सकता है। सत्र के दौरान यह भी देखना दिलचस्प होगा कि सदन के अंदर कांग्रेस विपक्षी दलों की अगुवा बनती है या नहीं। पिछली बार सत्र के दौरान भले ही कांग्रेस और टीएमसी विरोध में थे, लेकिन वे अपना विरोध प्रदर्शन अलग-अलग कर रहे थे। इसके अलावा विपक्ष सरकार की आर्थिक नीतियों पर इस बार बड़ा हमला कर सकता है। पिछले कुछ सत्रों से विपक्ष के अंदर दो तरह के विचार रहे हैं। एक वर्ग संसद के अंदर बहस करके सरकार को घेरना चाहता है। इस मत के पक्षधर नेताओं का मानना है कि हंगामा करने से सरकार को बहस से भागने का मौका मिल जाता है, जिससे कहीं न कहीं उसकी मंशा पूरी हो जाती है। लेकिन विपरीत राय वालों का मानना है कि अगर सरकार की शर्त पर ही बहस हो तो इसका संदेश जाता है कि विपक्ष झुक गया है और सरकार पहले से अधिक मजबूत बन कर निकली है। वहीं इस सत्र में तेलंगाना की सत्तारूढ़ पार्टी BRS पर भी नजर रहेगी। फिलहाल BRS खुद को विपक्षी एकता की मुहिम से अलग कर चुकी है। ऐसे में सत्र के दौरान उसका स्टैंड क्या रहता है, यह देखना दिलचस्प होगा। सत्र में खासकर राज्यसभा में विपक्षी दलों के सामने नई चुनौतियां भी आ सकती हैं। पिछले सत्र में सभापति जगदीप धनकड़ ने संकेत दिया कि सदन के अंदर हंगामे को अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पिछले सत्र में कुछ विपक्षी सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई भी हुई। इस मुद्दे पर विपक्ष से कड़वाहट बढ़ी और दोनों पक्षों के बीच आरोप-प्रत्यारोप भी खूब हुए। वहीं सरकार और बीजेपी को भी पता है कि संसद का मॉनसून सत्र उनके लिए अहम है। वे किसी भी सूरत में इस सत्र में अपनी पकड़ कम नहीं होने देना चाहेंगे। सरकारी पक्ष के लिए इस बार संसद के मॉनसून सत्र में सबसे बड़ी चुनौती तकरार को कम करने की होगी। संसद के पिछले कुछ सत्रों से दोनों पक्षों में कड़वाहट बढ़ी है।

# डीसी अबू इमरान की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग की समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग की समीक्षात्मक हुई। बैठक में आपूर्ति कार्यालय द्वारा क्रियान्वित विभिन्न कार्य यथा राशन कार्ड वितरण, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम वितरण, पी0वी0टी0जी0 डाकिया योजना, मुख्यमंत्री दाल भात योजना समेत अन्य योजनाओं और उनके अघतन स्तिथि पर विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान ज़फर खिजरी ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जिले में किये गए खाद्य वितरण की जानकारी दी तथा बताया कि इस संदर्भ में जून 2023 के प्राप्त आंकड़ो के अनुसार चतरा राज्य स्तर पर दसवें पायदान पर है तथा जुलाई 2023 के प्राप्त आंकड़ों के अनुसार चतरा राज्य स्तर पर चौथे स्थान में है। समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि चतरा प्रखंड द्वारा लक्ष्य के अनुरूप कार्य नहीं किये गए हैं इसे लेकर उपायुक्त ने नाराजगी ज़ाहिर की तथा निर्देश दिया साथ ही कहा खाद्य वितरण के कार्यों में अनियमितता व लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रखंडवार किये गये कार्यों की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने लावालौंग, म्यूरहण्ड, इटखोरी जैसे अन्य लक्ष्य के अनुरूप काम न कर पाने वाले प्रखण्ड को कार्यों में गति लाते हुए योजना के क्रियान्वयन में सुधार लाने का निर्देश दिया गया। आदिम जनजाति समूह (पी0वी0टी0जी0) डाकिया योजना की समीक्षा के क्रम में आदिम जनजातियों की घटती जनसंख्या और उनके उत्थान पर चर्चा की तथा निर्देश दिया कि उनमें सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा कि बिरहोर समाज मे मौजूद त्रुटियों को दूर करते हुए उन्हें जागरूक कर उनमें सामाजिक बदलाव लाया जाए जिससे कि उनका विकास हो सके साथ ही उनकी घटती जनसंख्या की समस्या का निराकरण भी संभव हो सके।दाल भात योजना अंतर्गत उपायुक्त ने योजना के उन्नयन पर चर्चा कर निर्देश दिया कि सभी दाल-भात केंद्रों में बैठ कर खाने की व्यवस्था हेतु टेबल,कुर्सी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि उक्त योजना के तहत जलछाजन स्तिथ दाल भात केंद्र समेत सभी अन्य दाल भात केंद्रों में खाना बनाने हेतु गैस सिलिंडर का शत प्रतिशत प्रयोग सुनिश्चित किया जाए। बैठक में धान संग्रहन लिए सक्रिय व असक्रिय गोदामों की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने निर्देश दिया कि टंडवा स्तिथ गोदाम समेत जिले के जितने भी गोदाम जो सुचारू अवस्था में नहीं हैं उनको तत्काल दुरुस्त करवाया जाए। साथ ही बंद पड़े गोदामों के बारे में उन्होंने कहा कि नियमानुसार सारी प्रक्रिया पूर्ण कर उनको पुनः खुलवाया जाए तथा साफ सफाई के उपरांत खाद्य सुरक्षा मानकों के अंतर्गत उन्हें स्वीकृत कर उन्हें तुरंत क्रियाशील अवस्था मे लाया जाए। बैठक में अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान ज़फर खिजरी, संबंधित प्रखंड़ो के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सहित सभी अन्य संबंधित मौजूद थे।

# दो जेसीबी को माओवादियों ने किया आग के हवाले



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लावालौंग :** थाना क्षेत्र के टूनगुन गांव में बुधवार की आधी रात में भाकपा माओवादियो के द्वारा दो जेसीबी मशीनों को आग के हवाले कर दिया गया। जेसीबी मशीन के द्वारा रोड कार्य में लगाया गया था। रात में जेसीबी के ड्राइवर सोए हुए को अचानक आकर रात में जगा कर माओवादियों ने संवेदक शंकर साहू के बारे में पूछताछ किया तथा जेसीबी के बारे में पूछताछ करते हुए दो जेसीबी को आग के हवाले कर दिया तथा जाते-जाते संवेदक शंकर साहू को मिलने तथा पैसा पहुंचाने की बात कही घटनास्थल पर सिमरिया एसडीपीओ शंकर प्रियदर्शी तथा थाना प्रभारी बमबम कुमार अपने दलबल के साथ पहुंचकर बारीकी से जांच कर रहे हैं। तथा सर्च अभियान कर मां वादियों को धरपकड़ करने की प्रक्रिया शुरू किया गया है। संवेदक शंकर साहू ने बताया कि लगभग इस आगजनी में 50,00000 (पचास लाख) की संपत्ति की क्षति हुई है।

## फरार अभियुक्त के घर चिपकाया गया इस्तेहार



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना कांड संख्या 46/19 के फरार चल रहे अभियुक्त राजेश गंझू उर्फ (भोला) पिता महेश गंझू कोसिल्वा गांव सदर चतरा थाना के घर गिद्धौर थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव एवं मनोज पाल अपने दल बल के साथ ढोल नगाड़ा बजाते हुए अभियुक्त के घर बुधवार को विधिवत इस्तेहार चिपकाया है। आगे थाना प्रभारी ने बताया कि इसके विरुद्ध में अलग-अलग थाना में कई मुकदमे दर्ज है।

## समाज में समरसता और भाईचारा कायम रहे : दिलु लोहरा



**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरकार और पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर आगामी पर्व को लेकर डीएसपी दिलु लोहरा के नेतृत्व में हर थाना क्षेत्र में कम्युनिटी आउटरीच कार्यक्रम आयोजित की जा रही है। जहां बुधवार को छिपादोहर थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचायत कुचिला में थाना प्रभारी अभिषेक कुमार द्वारा कम्युनिटी आउटरीच कार्यक्रम आयोजित की गई। मौके पर डीएसपी ने कहा कि समाजिक समरसता और आपसी सौहार्द हमारी पहचान है। हमारे समाज में समरसता और भाईचारा हमेशा कायम रहे ये हमारा संकल्प होनी चाहिए।इस दौर में हमारे बीच का माहौल कुछ असमाजिक तत्वों के द्वारा खराब करने का प्रयास किया जाता रहा है वैसे लोगों से भी हमारी अपील होगी कि उन्हें भी समाज में समरसता,भाईचारे और आपसी सौहार्द के प्रति अपना कर्तव्य पूरा करने की जरूरत है। वहीं थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने कहा कि हमलोगों को एक प्लेटफार्म पर आकर सारे पर्व मिलजुल कर मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी पर्व के दौरान कोई भी असमाजिक तत्व सोशल मीडिया, वाट्सएप ग्रुप या किसी अन्य गतिविधियों से शांति व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश भी करता है तो उसे चिन्हित कर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि सरकार और पुलिस अधीक्षक के माध्यम से ऐसे कार्यक्रम कराने का मकसद है कि समाज में आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण के लिए जागरुकता फैलाई जाए। मौके पर बीस सुत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी,जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, प्रमुख सुशीला देवी,सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह, छिपादोहर विधायक प्रतिनिधि तेतर यादव, निजाम अंसारी, सब इंस्पेक्टर काशी महली रणजीत राम, रविन्द्र राम, कृष्णा प्रसाद, मुरारी यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# प्रखंड स्तरीय खरीफ मीलेटेस कार्यशाला का किया गया आयोजन किसानों को बताई गई कई जानकारियां



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड सचिवालय के अंतर्गत संचालित सिंगल विंडो में प्रखंड स्तरीय खरीफ स मिलेटेस कार्यशाला का एक दिवसीय आयोजन बृहस्पतिवार को किया गया। कार्यक्रम प्रखंड प्रमुख अनीता यादव की अध्यक्षता में की गई। संचालन एटीएम दीनदयाल कुमार ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में पोधक संरक्षक अखिलेश कुमार मौजूद थे। कार्यक्रम में खरीफ मौसम में लगने वाले सभी फसल के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। जहां मकई, मडुआ, धान, अरहर, उरद के खेतों में समयानुसार दवाई खाद उपयोग करने की बात बताई गई। आगे बताया गया कि पीएम किसान के लाभकों को अपने खाता पोस्ट ऑफिस में खुलवें। ताकि प्रधानमंत्री के द्वारा जारी किए जाने वाले अगले किस्त की राशि पोस्ट ऑफिस खाता में भुगतान हो पाए। साथ ही साथ पीएम किसान के लाभकों को ईकेवाईसी भी करवाने की बताएं। जो किसान टपक सिंचाई का सुविधा लेना चाहते हैं। वैसे किसान सिंगल विंडो में आकर अपना आवेदन जमा करें।मौके पर उपस्थित बीटीएम अर्मेंद्र कुमार पांडेय जनसेवक चितरंजन शर्मा किसान अशोक दांगी रामसेवक दांगी निरंजन दास सुरेंद्र गुप्ता नागेश्वरी देवी एफपीओ से सुबोध कुमार प्रतिमा देवी किरण देवी उषा देवी पनवा देवी कुंती देवी एवं

# मणिपुर हिंसा के विरोध में कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रमोद दुबे के नेतृत्व में पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का फूंका पुतला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** लगभग ढाई महीने से मणिपुर में हो रहे जातीय हिंसा और आदिवासी महिलाओं पर हो रहे बर्बरता की अनदेखी करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो आज तक मणिपुर की जातीय हिंसा आदिवासी महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को रोकने में असफल रहे ।जातीय हिंसा और आदिवासी महिलाओं के अपमान रोकने में नाकाम रहे ।प्रधानमंत्री को अपने पद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देश पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का पुतला चतरा सदर थाना रोड एलआईसी बिल्डिंग कांग्रेस कार्यालय में जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार दुबे के नेतृत्व में किया गया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष संजय जयसवाल, ओम प्रकाश पाठक महासचिव के कौसर जिला महासचिव राजवीर, युवा जिला अध्यक्ष मोतीलाल पासवान,ओम प्रकाश पाठक, सिमरिया विधानसभा युवा प्रभारी अरुण यादव, नगर अध्यक्ष संतोष केसरी, नगर उपाध्यक्ष मोहम्मद मुबारक, रकीबुल इमाम, प्रमिल कुमार, राणा शिवेंद्र शंकर कार्यालय प्रभारी सैयद अजीमुद्दीन ख्वाजा संतोष गुप्ता कान्हाचट्टी के प्रखंड अध्यक्ष विकास दांगी, जाबिर हुसैन चतरा मंडल अध्यक्ष जोनपाल होरो, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष धीरज अंबेडकर मीडिया प्रभारी विक्रम कुमार सिंह, एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष हर्षित चित्रांश, गौतम पासवान के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## अजजा आवासीय उच्च महुआडांड़ विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुआडांड़ प्रखंड के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय में स्वाति विजय उपाध्याय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार के निर्देशानुसार पीएलवी इंद्रजीत प्रसाद ने छात्रों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा प्रदत्त निःशुल्क सेवा के बारे में जानकारी दी। श्री प्रसाद ने कहा कि विधिक सेवाओं के साथ भष्टाचार और अंधविश्वास के खिलाफ भी छात्रों को जागरूक रहने को कहा गया, साथ जीवन में स्वस्थ कैसे रहे, कुछ महत्वपूर्ण टिप्स दिया गय। मौके पर प्राचार्य गिरजाराम, शिक्षक दिलेश्वर टोप्पो सहित स्कूल सभी शिक्षक एवं छात्र छात्राएं मौजूद थे।

# आक्रमण जी उर्फ राम विनायक सिंह भोक्ता के घर पुलिस ने चिपका इश्तेहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लावालौंग :** थाना क्षेत्र अंतर्गत लावालौंग मुख्य चौक स्थित सिमरिया पुलिस ने कांड संख्या 41 /18 के आलोक में फरार चल रहे आरोपी आक्रमण जी उर्फ राम विनायक सिंह भोगता के घर सिमरिया थाना प्रभारी विवेक कुमार एस0आई0 शशि कुमार तथा कई पदाधिकारी के संयुक्त रूप से पुलिसिया इश्तेहार (डुगडुगी) ढोल बजाकर चिपकाया गया। यह जानकारी देते हुए थाना प्रभारी विवेक कुमार ने बताया कि आरोपी के ऊपर नक्सली गतिविधि में शामिल रहने का आरोप है साथ ही इसी आरोप के आलोक में सन 2018 में कांड संख्या 41/ 18 के तहत मामला दर्ज कर कई बार छापेमारी भी की गई जा चुकी है। लेकिन अभी तक अभियुक्त को पकड़ा नहीं जा सका है । आरोपी के घर न्यायालय द्वारा निर्गत इश्तेहार चिपकाया गया है। यह आरोपी कुछ दिनों में थाना या न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करता है, तो कोर्ट के आदेश पर कार्रवाई की जाएगी इश्तहार चिपकाने के दौरान जिला पुलिस और आईआरबी के जवान उपस्थित थे।

# मणिपुर हिंसा के विरोध में कांग्रेस ने गृहमंत्री का फुंका पुतला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देशानुसार गुरुवार को कांग्रेस नेता साजन कुमार के नेतृत्व में लातेहार समाहरणालय के समक्ष गृहमंत्री का पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि भाजपा शासित राज्य मणिपुर में फैली हिंसा से सभी लोग अवगत है कि किस प्रकार पूरा मणिपुर राज्य जातिय हिंसा की आग में जल रहा है। इसके बावजूद हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह मुक दर्शक बने हुए है तथा अब तक मणिपुर में चल रही जातिय हिंसा को रोकने में पूर्णता नाकाम रही है। मणिपुर में भीड़ द्वारा आदिवासी महिलाओं के साथ शर्मनाक दुर्व्यवहार करने का वीडियो प्रकाश में आया है। पुतला दहन कार्यक्रम में प्रदेश प्रतिनिधि पंकज तिवारी , अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष सलाम अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष हिरंज लाडले खान बरवाडीह प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता, युवा जिला युवा अध्यक्ष अमित कुमार यादव, युवा जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र उरांव , युवा विधानसभा उपाध्यक्ष संतोष रजक, इमरान अंसारी, विजेंद्र उरांव, साजिद अंसारी, ज्योति प्रकाश दुबे, मनोज पासवान, सोनू जायसवाल सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

# राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत चला स्कूल जागरूकता कार्यक्रम




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मकतब तरवाडीह (दक्षिण) में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को स्कूल जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। वहीं कार्यक्रम में जिला परामर्श सह अस्पताल प्रबंधक नागेंद्र कुमार व आस्था गुप्ता ने तंबाकू के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में छात्रों को जानकारी दी। उन्होंने आगे कहा की सिगरेट बीड़ी पान और गुटखा का जैसे तंबाकू पदार्थों के सेवन से मुंह का कैंसर होने के साथ अन्य कई तरह की बीमारियां होने की संभावना बनी रहती है। गंभीर बीमारियों के कारण लोग समय से पहले जान से हाथ धो बैठते हैं। तंबाकू का सेवन शरीर के लिए नुकसानदायक है। इस दौरान जिला परामर्श सह अस्पताल प्रबंधक नागेंद्र कुमार एवम आस्था गुप्ता ने राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों को क्विज प्रतियोगिता भी कराया गया। जिसमें प्रथम पुरस्कार नाजिया परवीन, सेकंड पुरस्कार जुनैद परवीन और तीसरा पुरस्कार जिगत सुल्ताना को दिया गया। साथ ही सांत्वना पुरस्कार बच्चों के बीच

## हर घर नल जल योजना में विभाग व संवेदक की मनमानी

**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में एक जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर नल जल योजना के क्रियान्वयन में नियम कायदे कानून को ताक पर रखकर विभाग और संवेदक द्वारा बगैर सर्वे या सूची के जहां मर्जी वहां बोरिंग कर जल मीनार अधिष्ठापन किए जा रहे हैं। जहां योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही का आलम यह है कि टोले की घनी आबादी वाले क्षेत्र को छोड़ दो सौ से तीन सौ मीटर की दूरी या फिर पूर्व में पंचायत के द्वारा लगाए गए जलमीनार से महज पचास मीटर की दूरी पर उक्त योजना के स्थल का चयन कर जलमीनार अधिष्ठापित कर दिया जा रहा है जो जांच का विषय है ऐसे अधिकतर मामले पंचायत छेंचा में देखे जा सकते हैं । वहीं मंगलवार को छिपादोहर पंचायत अंतर्गत बरवाही टोला में उक्त योजना के तहत बोरिंग किया जा रहा था। जहां बोरिंग के दौरान एक आदमी के विरोध करने पर लगभग 40 फीट बोरिंग हो जाने के बाद पीएचइडी विभाग के कनीय अभियंता और संवेदक द्वारा काम बंद करवा दिया गया।

# सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास के प्रतिनिधि भोला सिंह की गिरफ्तारी को लेकर सड़क पर उतरे पत्रकार

- सिमरिया चौक पर पत्रकारों का आमरण अनशन जारी
- पत्रकार मोकिम अंसारी और अशोक कुमार का आमरण अनशन
- लोकतंत्र पर चौथे स्तंभ पर हमला दुर्भाग्यपूर्ण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास के प्रतिनिधि भोला सिंह के द्वारा पत्रकार अशोक कुमार के साथ मारपीट लूटपाट एवं गाली गलौज दिए जाने के बाद भी अपराधी भोला सिंह को गिरफ्तार नहीं किया गया है। इसके विरोध में पत्रकार सड़क पर उतरे हैं। पत्रकार मोकिन अंसारी एवं अशोक कुमार के द्वारा प्रशासन और शासन को लिखित सूचना देने के बाद आज से सिमरिया चौक पर आमरण अनशन शुरू किया है।गौरतलब है कि इस बाबत सिमरिया थाना में मामला भी दर्ज किया गया है। बावजूद इसके विधायक प्रतिनिधि भोला सिंह की गिरफ्तारी अब तक नहीं हो पाई है। इससे पत्रकारों में काफी गुस्सा है एवं प्रशासन के प्रति विरोध जताते हुए आज से आमरण अनशन शुरू किया है। अपराधी भोला सिंह की गिरफ्तारी सहित अन्य मांगों को लेकर पत्रकारों का आमरण अनशन आज से शुरू हुआ है।गौरतलब है कि विधायक प्रतिनिधि भोला सिंह पर पहले भी कई अपराधिक मामला थाना में दर्ज है। बावजूद इसके पुलिस के द्वारा गिरफ्तारी नहीं की जा रही है और टालमटोल का रवैया अपनाया जा रहा है। पत्रकारों का दल आज से सड़क पर उतरा है ।उनके समर्थन में राजनीतिक दलों के साथ-साथ स्थानीय समाजसेवी भी है। गौरतलब है कि 14 जुलाई को सिमरिया के पत्रकार अशोक कुमार के साथ विधायक प्रतिनिधि भोला सिंह ने न सिर्फ मारपीट की बल्कि लूटपाट एवं गाली गलौज भी की। इसको लेकर अशोक कुमार के द्वारा सिमरिया थाना में मामला दर्ज भी कराया गया है। बावजूद इसके पुलिस हाथ पर हाथ बैठी घर बैठी हुई है और अपराधी बेखौफ घूम रहा है और पुलिसिया कार्रवाई अब तक सिफर ही रहा है। आमरण अनशन के माध्यम से पत्रकारों को सुरक्षा प्रदान करने, हमलावर अपराधी भोला सिंह की गिरफ्तारी सहित अन्य मांगों को लेकर अनशन शुरू किया गया है। पत्रकारों के द्वारा किए जा रहे आमरण अनशन का दुर्गा सोरेन सेना सहित समाज के विभिन्न प्रतिनिधियों ने भी समर्थन दिया है ।स्थानीय लोगों का कहना है कि पत्रकारों पर हमला लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमला है और इसे किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाना चाहिए। उन्होंने पुलिस प्रशासन से आरोपी भोला सिंह की गिरफ्तारी की मांग की है।

# मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव पहुंचे लातेहार कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉक्टर रामेश्वर उरांव मेदिनीनगर से रांची जाने के क्रम में गुरुवार को लातेहार के परिसदन में रूके। लातेहार पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा मंत्री का भव्य स्वागत किया गया और ज्ञापन भी सौंपा। स्वागत करने वालों में प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि पंकज तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रोफेसर तुलेश्वर उरांव जिला पड़हा राजा प्रभु दयाल मुख्य रूप से मौजूद थे। इस दौरान मंत्री श्री उरांव को विभिन्न संगठनों और लोगों के द्वारा मांग पत्र सौंपा गया।जिसमें आदिवासियों से जुड़ी और स्थानीय समस्याएं प्रमुख थे। मांग पत्र में जिला के सभी प्रखंडों के अंतर्गत धार्मिक, सामाजिक, पहनाई, बैगाई एवं पूजैर, बेलगान जमीन को अंचल कार्यालयों द्वारा दाखिल खारिज कराया जा रहा है और उन्हें बेदखल किया जा रहा है इस पर रोक लगाने, विभिन्न कंपनियों के द्वारा अनुसूचित क्षेत्र में आदिवासियों की जमीन अनाधिकृत रूप से लिया जा रहा है उस पर भी रोक लगाने की मांग की गई है। वहीं 10/10/2022 को आदिवासियों पर हुए मुकदमे को वापस लेने, गिरफ्तार आदिवासियों को बिनाशर्त रिहा करने, लातेहार जिला अंतर्गत हाल सर्वे में हुई गड़बड़ी को सुधारने हेतु मिनी सर्वे कराने, कंपनियों में स्थानीय आदिवासियों को 75 फीसदी रोजगार दिलाने समेत लातेहार प्रखंड के जगलदगा में एनएच 75 के समीप आदिवासियों की जमीन को गलत कागजात बनाकर खरीद बिक्री किए जाने पर रोक लगाने और असली रैयतों को हक दिलाने का मांग किया है। ज्ञापन देने वालों में लातेहार जिला पड़हा राजा प्रभु दयाल उरांव, बालूमाथ पड़हा दीवान रामलाल भगत ,रामदयाल उरांव, हेरहंज प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष रामवृक्ष गंझू, बारियातू प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझू, रमेश उरांव, शन्तु उरांव, एश्वर उरांव, जीतू उरांव, आशीष उरांव आदि शामिल थे। वहीं ही मारगलोइयां पंचायत समिति सदस्य राजकुमारी ने ज्ञापन देकर पंचायत के विभिन्न सड़कों और पुलों के निर्माण को लेकर स्वास्थ, शिक्षा, खाद आपूर्ति समस्याओं को अवगत कराया।

## संक्षिप्त खबरें

### रशियन हॉस्टल से टेरपा तक बनेगी सड़क

**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पीटीपीएस रशियन हॉस्टल से शाहीटांड होते हुए बिरहोर कॉलोनी डोकाटांड से मध्य विद्यालय टेरपा तक लगभग 05.60 किलोमीटर सड़क बनने जा रहीं है । जिसका निर्माण तीन करोड़ पचास लाख रूपये की लागत से किया जाएगा। गुरुवार को भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य महेंद्र कुमार महतो ने उक्त स्थल का निरीक्षण भी किए।महतो ने बताया कि ग्रामीण कार्य विभाग रामगढ़ में इस सडक निर्माण के लिए सारी कागजी प्रक्रिया अंतिम चरण पर है।बहुत जल्द संवेदक एवं संबंधित विभाग का एकारनामा होने जा रहा है ढ्ढ इस पथ का निर्माण होने से पालू डीडीडिह शाहीटॉड तिलैया टांड रोचाप हफुवा टोकिसुद किरिगढा पारगढा बिंजा छापर उरेज टेरपा आदि गांव के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी ढ्ढ मौके पर मनोहर कुमार,भरत महतो,किशोर कुमार, भूपेन्द्र सिंह,किशुन ठाकुर,अभिमन्यु महतो,रोहित मुंडा,रीतलाल ठाकुर और सोनेलाल करमाली आदि उपस्थित थे ।

### श्री श्याम मंदिर रामगढ़ का पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह 27 जनवरी 2024 से

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्याम सेवा समिति रामगढ़ शहर में एक भव्य मंदिर का निर्माण कराया है। मंदिर निर्माण कार्य अंतिम चरण में पहुंच चुका है। मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का भव्य आयोजन की तैयारी की गई है। इसके लिए श्याम सेवा समिति ने श्री श्याम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा संयोजक मंडल का गठन किया है। समिति की ओर से कमल बगड़िया ने जानकारी देते हुए बताया है कि श्री श्याम मंदिर रामगढ़ का प्राण प्रतिष्ठा समारोह 2024 वर्ष के पहले महीने 27 जनवरी से आरंभ होने जा रहा है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह 31 जनवरी को संपन्न हो जाएगा। श्री श्याम सेवा समिति रामगढ़ ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह को भव्य रुप से संपन्न कराने के लिए एक सात सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। श्री श्याम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा संयोजक मंडली का अध्यक्ष श्यामसुंदर परशुरामपुरिया को बनाया गया है। वही कमेटी में सचिव सुशील कुमार गर्ग,कोषाध्यक्ष शिवकुमार अग्रवाल, और सदस्यों में कमल बगड़िया,ओम प्रकाश अग्रवाल, संजय अग्रवाल और अनिल गोयल को रखा गया है। कमल बगड़िया ने जानकारी देते हुए बताया कि पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह में कलश यात्रा,निशान यात्रा,प्रतिमा का नगर भ्रमण,प्रतिमा स्थापन,भव्य श्रृंगार, भंडारा और भोग का आयोजन किया गया है। इस समारोह में देश के प्रसिद्ध विद्वान पंडित और कथाकार शामिल होंगे।

### 5.5 किलोमीटर सड़क का होगा निर्माण

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद की पहल व अनुशंसा पर पतरातू प्रखंड क्षेत्र के छोटकी सिध्दवार से बंजारी मंदिर तक की लगभग 5.5 किलोमीटर सड़क का निर्माण यथाशीघ्र शुरू होगा। उक्त सड़क के निर्माण पर लगभग 3 करोड़ 53 लाख की लागत आएगी। इस संदर्भ में विधायक अंबा प्रसाद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि सड़क निर्माण के लिए मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत ग्रामीण कार्य विभाग से प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हो गई है तथा इस संदर्भ में सभी प्रक्रियाएं पूर्ण कर ली गई है वाह आगामी दिनों में निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर सड़क निर्माण कार्य शुरू होगा। विगत दिनों ग्रामीण कार्य विभाग को पत्र भेजकर विधायक अंबा ने सड़क की दयनीय स्थिति से अवगत कराते हुए बताया था कि उक्त सड़क काफी जर्जर है एवं ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं जिससे दुर्घटना होती है और लोग घायल हो जाते हैं इसलिए प्राथमिकता के आधार पर सड़क का निर्माण कराया जाए जिसके उपरांत उक्त सड़क के निर्माण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हुई है विधायक ने कहा कि दर्जनों सड़कों का निर्माण आगामी कुछ दिनों में करवाने का कार्य किया जाएगा। वही पतरातू प्रखंड क्षेत्र के ग्राम सोलिया के पलानी झरना पथ पर आरसीसी कल्वर्ट का निर्माण भी विधायक अंबा प्रसाद की अनुशंसा पर ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल रामगढ़ के द्वारा कराया जाएगा और इस संदर्भ में निविदा भी जारी हो गई है लगभग 24 लाख की लागत से उक्त कल्वर्ट का निर्माण किया जाएगा। इस संबंध में विधायक ने पतरातू के प्रखंड विकास पदाधिकारी को पत्र लिखकर तत्काल इस पुलिया के पुनर्निर्माण कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने को कहा था जिसके बाद इस संबंध में पुलिया निर्माण हेतु निविदा जारी की गई है।

### जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मिशन इंद्रधनुष के तहत गुरुवार को उपायुक्त, रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन समाहरणालय सभाकक्ष में किया गया। बैठक के दौरान वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन से डॉ अमोल द्वारा पीपीटी के माध्यम से आईएमआई 5.0 मिशन इंद्रधनुष के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि मिशन इंद्रधनुष के तहत शून्य से पांच साल तक के बच्चों को खसरा एवं रुबेला, निमोनिया, डिफ्थेरिया, काली खांसी, टेटनस, जापानीज इन्सेफेलाइटिस, पोलियो समेत कई प्रकार की बीमारियों से बचाव के लिए टीके लगाए जाते हैं। इस अभियान की शुरुआत सात अगस्त से होगी। स्वास्थ्य विभाग ने अभियान को सफल बनाने के लिए बच्चों को चिह्नित करना शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि ये कार्यक्रम डिजिटल प्लेटफॉर्म UWIN पर किया जाएगा। जिसके लिए सहियाओं व सेविकाओं के द्वारा हेड काउंट सर्वे, ड्यू लिस्ट तैयार करना, माइक्रोप्लान समय पर बनाने सहित अन्य कार्य किए जा रहे है। मिशन इंद्रधनुष के तहत टीकाकरण का यह अभियान तीन महीने तक चलेगा। पहला चरण 07 अगस्त से 12 अगस्त तक होगा।

# डीएमएफटी के तहत हो रहे कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** डीएमएफटी के तहत जिले में हो रहे विकास कार्यों को लेकर गुरुवार को उपायुक्त, रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने विभागवार संबंधित कार्यपालक अभियंताओं व अधिकारियों से पूर्व से संचालित योजनाओं के तहत अब तक हुए कार्यों की जानकारी ली जिसके उपरांत उपायुक्त ने अधिकारियों को नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण कर कार्य प्रगति का जायजा लेने, गुणवत्ता का ध्यान रखने एवं ससमय योजनाओं को पूर्ण करने हेतु आवश्यक कार्य करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए।उपायुक्त ने डीएमएफटी के तहत अन्य विकास कार्यों को करने, विभिन्न क्षेत्रों से आए विकास कार्यों के प्रस्तावों आदि पर बैठक में उपस्थित अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए योजनाओं के चयन को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत भवन के माध्यम से ग्रामीणों व आम जनों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने के मद्देनजर उपायुक्त ने विभिन्न क्षेत्रों में स्थित पंचायत भवनों तक वर्तमान पहुंच पथ की जानकारी ली एवं जिन पंचायत भवनों तक पहुंच पथ की वर्तमान स्थिति ठीक नहीं है उनसे संबंधित प्रतिवेदन तैयार करते हुए जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर डीएमएफटी के तहत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित सरकारी विद्यालयों के चारदीवारी कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को गुणवक्ता का पूरा ध्यान रखते हुए जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने एवं संबंधित प्रतिवेदन जिला स्तर पर ससमय उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। डीएमएफटी के तहत चितरपुर एवं दुलमी प्रखंड में बनाए जा रहे झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों के तहत अब तक हुए कार्यों की जानकारी लेने के क्रम में उपायुक्त ने सुरक्षा दृष्टिकोण से विद्यालयों में सीसीटीवी कैमरे सहित अन्य उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। गोट बैंक परियोजना एवं ऑर्गेनिक फार्मिंग के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जरूरतमंद ग्रामीणों को योजनाओं से जोड़ने, किसी भी तरह के प्रशिक्षण के आयोजन के दौरान स्थानीय अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों आदि की उपस्थिति सुनिश्चित करने व योजना के सफल संचालन को लेकर आवश्यक निर्देश दिए वही उपायुक्त ने पूर्ण हो चुके योजनाओं पर शिलापट्ट लगाने के दौरान निर्धारित प्रोटोकॉल का अनिवार्य रूप से पालन सुनिश्चित करते हुए ही कार्य करने का निर्देश दिया।

## मैट्रिक परीक्षा व इंटरमीडिएट में सफल अभ्यर्थियों के सम्मान में प्रतिभा सम्मान समारोह 28 जुलाई को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र के मैट्रिक एवं इंटर परीक्षा 2023ई0 में 60त्न एवं इससे अधिक अंक प्राप्त करनें वाले विद्यार्थियों का सम्मान हेतु 28 जुलाई 2023 दिन शुक्रवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन दक्षिणी जिला परिषद सदस्य प्रेरणा प्रिया के द्वारा किया जाएगा।उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि सह् श्रीकांत मैथेमेटिक्स हजारीबाग के निदेशक चंद्रकांत पाण्डेय ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं है।ग्रामीण क्षेत्र के विधार्थियों का मनोबल बढ़ाने एवं शिक्षा के प्रति सही मार्गदर्शन देने एवं गरीब व मेधावी छात्र-छात्राओं को शिक्षा के प्रति मदद के लिए मेरा संस्थान सदैव तत्पर है।इसी के मद्देनजर आगामी 28 जुलाई को बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के मैट्रिक व इंटरमीडिएट परीक्षा में 60त्नसे ऊपर मार्क्स प्राप्त करने वाले विधार्थियों का सम्मान हेतु प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा।

# पीसी एंड पीएनडीटी की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** गर्भधारण पूर्व और प्रसवपूर्व निदान-तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध) (पीसी एंड पीएनडीटी) अधिनियम, 1994 में निहित प्रावधानों का कड़ाई से पालन के लिए उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में ज़िला सलाहकार समिति की बैठक हुई। बैठक में अधिनियम के प्रावधानों के तहत् कन्या भ्रूण हत्या और ज़िला सहित पूरे देश में गिरते लिंगानुपात को रोकने के लिये उठाए गए कदमों एवं उपायों पर चर्चा किया गया। उपायुक्त ने कहा सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी सहित शहरी क्षेत्र में एसडीओ, सिविल सर्जन, पुलिस उपाधीक्षक



आपस में समन्वय कर अपने अपने क्षेत्रों में संचालित अल्ट्रासाउंड केन्द्रों, क्लिनिक आदि की नियमित जांच करें। इन केंद्रों की वैधता,लाइसेंस आदि की भी पड़ताल करें। साथ ही अवैध रूप से संचालित एवं गैर कानूनी तरीके गर्भपात कराने में संलिप्त क्लिनिक पर सख़्त कारवाई करने के लिए टीम को निर्देशित किया। इस संदर्भ में प्रचार प्रसार हेतु बैनर पोस्टर आदि लगाने एवं जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। बैठक में न्यू एडवांस डायग्नोस्टिक सेंटर, विष्णुगढ़ के निबंधन रद्द करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा मासूम चेरिटेबल ट्रस्ट चौपारण, त्रिदेव अल्ट्रासाउंड बरही के सील होने के बावजूद अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालन के मामले में संबंधित एसडीओ को जांच कर रिपोर्ट समर्पित करने का निर्देश उपायुक्त ने दिया। बैठक में उपायुक्त के अलावा प्रशिक्षु समाहर्ता सुलोचना मीणा, एसडीओ सदर विद्याभूषण कुमार, सीएस एसपी सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# दूधिया लाइट से जगमगाएंगे नगर परिषद क्षेत्र के सभी वार्ड : मनोज कुमार महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** नगर परिषद क्षेत्र के सभी वार्डों में वर्षो से अंधेरा पसरा हुआ था। इसे दूर करने की मांग स्थानीय लोग करते आ रहे थे। लोगों की मांगों को ध्यान में रखकर व अंधेरे से राहत देने के लिए नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज़ कुमार महतो के द्वारा एलईडी लाइट लगाने की योजना बनाई गई।मनोज़ कुमार महतो के द्वारा आज क्षेत्र के वार्ड नं 30 मुर्राम कला में एलईडी लाइट का स्विच ऑन कर के शुरुआत किया गया। मौके पर मनोज़ कुमार महतो ने बताया कि क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में लगभग 100 एलईडी लाइट लगया जाएगा।

जरूरत के हिसाब से किसी वार्ड में इससे अधिक भी लगाया जाएगा पूरे नगर परिषद में 5000 एलईडी लाइट लगाया जाएगा जो एक महीना के अंदरवार्डों में लगी सभी लाइटों से नगर परिषद क्षेत्र जगमग करने लगेगा।बाजारों में सड़कों के किनारों पर लाइटें लगाई जाएगी। स्थानीय लोगों,दुकानदारों के साथ राहगीरों ने भी इसे नगर परिषद का बेहतर प्रयास बताया।कहा कि सड़क किनारे लाइटें लगने से काफी अच्छा लगेगा।दुर्घटना व आपराधिक घटनाओं में भारी कमी आएगी। मालूम हो कि कोई कोई मार्ग पर लोगों की आवाजाही 24 घंटे जारी रहती है,लेकिन अंधेरे का फायदा उठा कर चोर-उचक्के अक्सर राहगीरों को परेशान करते रहते थे।

## टीबी मरीजों के बीच पौष्टिक आहर का वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत रामगढ़ उपायुक्त सुश्री माधुवी मिश्रा के निर्देशानुसार सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार एवम् जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ स्वराज के मार्गदर्शन में टीबी मुक्त प्रखंड बनाने के लिए ईलाजरत् यक्ष्मा रोगीयों के बीच पौष्टिक आहर का वितरण पतरातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। रामगढ उपायुक्त के पहल पर निश्चय मित्र जिंदल स्टील पॉवर फ़ाउंडेशन के द्वारा प्रोटीन युक्त पोषण पैकेट प्रतिमाह टी बी मरीज को दिया जा रहा है ढ्ढ वहीं



उपस्थित मरीजो को टीबी बीमारी से संबंधित जानकारी दी गई । मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नितिन तुलसियाँन, जिंदल स्टील पावर फ़ाउंडेशन, सीएसआर हेड रवि निवाश,जिला कार्यक्रम समन्वयक आशीष आइंद, टीबीएचवी सम्बेद कुमार, एसटीएलएस इर्शाद अहमद, एसटीएस जितेन्द्र कुमार,एलटी हरेंद्र प्रसाद एवम् अन्य स्वास्थकर्मी उपस्थित थे ।

# भाजपा-माले ने मणिपुर में हुए यौन के खिलाफ विरोध मार्च निकालकर प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, चुप क्यों शर्म करो ! पूरा देश शर्मिंदा है । मणिपुर में आदिवासी बहनों को नंगा कर परेड निकाला जा रहा है। सरे-आम उनके साथ यौन हिंसा किया जा रहा है।भाकपा-माले और आदिवासी संघर्ष मोर्चा इसकी कड़ी निंदा करते हुए विरोध करती है। माले कार्यालय से आदिवासी संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक देवकीनंदन बेदिया,भाकपा-माले रामगढ़ जिला सचिव-भुनेश्वर बेदिया,ऐपवा नेत्री-नीता बेदिया, कांति देवी,अमल कुमार,सरयू बेदिया, नागेश्वर मुंडा, शैलेन्द्र बेदिया,अजीत बेदिया,वरुण ठाकुर,जाबेद अन्य ने एक विरोध मार्च निकाला गया जो मेन रोड़ में नरेन्द्र मोदी का पुतला लेकर नारे लगाए गए कि नरेंद्र मोदी शर्म करो, मणिपुर जल रहा है, नरेंद्र मोदी चुप क्यों जवाब दो नरेंद्र मोदी शर्म करो, मणिपुर में आदिवासी महिलाओं को नंगा कर परेड निकाला जा रहा,चुप क्यों ? जवाब दो।

आदि नारे के साथ सुभाष चौक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला जलाया गया। और आज राष्ट्रपति महोदया द्रोपदी मुर्मु के नाम में पत्र भेजा गया है इस पत्र में लिखा गया कि राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी,सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल है. इसमें दो कुकी-ज़ो महिलाओं को नग्न अवस्था में घुमाया जा रहा है और सैकड़ों पुरुषों की भीड़ उन्हें एक खेत में खींच रही है. महिलाओं की देह पर हमला किया जा रहा है. यह जघन्य अपराध मणिपुर हिंसा भड़कने के एक दिन बाद 4 मई को कांगपोकपी जिले के बी फीनोम गांव में हुआ था. लेकिन यह अब सामने आ रहा है. पूरा देश सदमे में है. यह वीभत्स है. लेकिन यही मणिपुर का सच है और मणिपुर की महिलाएं और कुकी समुदाय इसे दो महीनों से अधिक समय से झेल रहा है.

जिसके अंदर भी मानवता होगी, उसका सिर शर्म से झुक जाएगा.

मणिपुर में मई' 2023 से शुरू हुआ तांडव लगातार जारी है. अभूतपूर्व जातीय हिंसा के दो महीनों के दौरान 150 से अधिक लोग मारे गए, 300 घायल हुए, यौन हिंसा की कई घटनाएं हुई और 40,000 से अधिक लोग विस्थापित हुए. इसमें एक सुनियोजित दंगे के सभी संकेत हैं, जिसमें कुकी आदिवासियों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ा और उनके चर्च भी जला दिए गए. इसका पूरा दोष सीधे तौर पर मणिपुर राज्य सरकार और केंद्र सरकार का है। हम आपसे हस्तक्षेप करने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह करते हैं कि केंद्र और राज्य सरकारें कुकी आदिवासियों के खिलाफ इस सुनियोजित हिंसा को समाप्त करें।

### तीन दिवसीय प्रवास कार्यक्रम संपन्न

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय कार्य योजना के तहत प्रांत सत्संग प्रमुख के साथ-साथ विभाग संगठन मंत्री का दायित्व निर्वहन कर रहे गणेश शंकर विद्यार्थी का बरही प्रखंड में तीन दिवसीय प्रवास कार्यक्रम गुरुवार को संपन्न हुआ। इस दौरान बरही प्रखंड समिति के सहयोग से खोड़ाहार, केवाल, कोईली व छोटकी बरही में समिति का गठन किया गया। वहीं सत्संग भी किया गया। जिसमें सभी श्री राम भक्त भक्ति में लीन रहे। मौके पर समिति का विस्तार करते हुए देवचंदा ग्राम अध्यक्ष के रूप में शशि चंद्रवंशी, मंत्री सुधांशु चंद्रवंशी व बजरंग दल संयोजक के रूप में संदीप चंद्रवंशी को दायित्व सौंपा गया। इस कार्यक्रम में विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष नंद किशोर कुमार, प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर, सह मंत्री प्रदीप चंद्रवंशी, बजरंग दल सहसंयोजक नीतीश कुमार, सुरक्षा प्रमुख सिकंदर कुमार, जिला गौरक्षा प्रमुख इंद्रदेव गुप्ता, नौरंगीलाल, उदय कुमार आदि बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सत्संग उपरांत कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विभाग संगठन मंत्री ने कहा कि सत्संग मिलन का एक माध्यम भी है और मिलन के द्वारा हमारा संपर्क बढ़ता है और संगठन का विस्तार होता है।कलयुग में संगठन ही शक्ति है। इसलिए हम सब अधिक से अधिक सत्संग करें और संगठन का विस्तार करें ताकि भारत के अंतरात्मा सांगठनिक रूप से मजबूत हो और कोई भी शत्रु हमारी ओर आंख उठाकर ना देख सके।

### नाली की समस्या को लेकर विधायक से मिले ग्रामीण, जल्द कार्य शुरू करने का किया मांग

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत करियातपुर पंचायत के करियातपुर गांव अनुसूचित जाति मोहल्ला मैं नाली निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।इस बाबत ग्रामीणों ने अनुसूचित जाति के विधायक प्रतिनिधि रामकुमार दास के नेतृत्व में विधायक उमाशंकर अकेला यादव के आवास पर जाकर मुलाकात किया। वहीं ग्रामीणों ने बताया की नाली निर्माण का कार्य जल्द शुरू करवाया जाय। क्योंकि इस रोड से आवागमन गांव के लोगो का होता है, रोड पर घर का पानी हमेशा बहते रहता है। जिससे बीमारी फैलने की आशंका भी बनी हुई है। अगर समय रहते हुए नाली का निर्माण हो जाता है तो ग्रामीणों को काफी सहूलियत होंगी। वहीं ग्रामीणों ने कहा की हजारीबाग डीसी को भी आवेदन दिया गया है, डीएमएफटी मद से कार्य को शुरू करवाया जा सकता है।

### विष्णुगढ़ की जनसमस्याओं से संजय प्रजापति ने रुचि कुजूर को कराया अवगत, सौंपा ज्ञापन

**विष्णुगढ़ :** झामुमो प्रखंड सचिव सह बीस सूत्री सदस्य संजय प्रजापति विष्णुगढ़ की जनसमस्याओ से जुड़ी गरीबों की आवाज सरकार तक पहुंचाते रहे हैं। इसी कड़ी में झामुमो प्रखंड सचिव ने झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग रुचि कुजूर से बुधवार को शिष्टाचार मुलाकात की और विष्णुगढ़ की जनसमस्या से अवगत कराया साथ ही विष्णुगढ़ कसेरा के तारा नाला से लेकर नावाडीह होते हुए चलनिया सड़क मुख्य मार्ग एनएच 533 तक कालीकरण तथा नवादा मदरसा में छात्रावास भवन का निर्माण कार्य कराने का मांग पत्र सौंपा।इस पर झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग रुचि कुजूर ने संज्ञान लेते हुए आश्वासन दिया कहा कि विभागीय मंत्री से मिलकर इन सारी समस्याओं का जल्द ही समाधान किया जाएगा।

इस बाबत संजय प्रजापति ने कहा कि विष्णुगढ़ कसेरा मुहल्ला होते हुए एन0एच-533 तक जो सड़क जाती है,काफी महत्वपूर्ण है। इससे सैकड़ो परिवार के लोग एवं आमजनों का इस सड़क से आना-जाना होता है। सड़क की हलत क़ाफी जर्जर हो गई अलकतरा तो कहीं दिखाई ही नही पड़ता,सड़क पर लगे पत्थर ही दिखाई पड़ते है। पत्थरो की वजह से ग्रामीण एवं आमजनों का इस सड़क पर वाहनों से तो छोड़िए पैदल चलना भी दूभर है।हमे आशा एवं विश्वास है,हमारी हेमन्त सोरेन की सरकार इस संज्ञान लेते

## ग्रामीणों ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय का घेराव किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत शीलाडीह के ग्रामीण 15/07/023 को अंचलाधिकारी को शिलाडीह के ग्रामीण हस्ताक्षर युक्त आवेदन देकर काली मंडप के जमीन को अतिक्रमण मुक्त करने की बात कही थी। जिसमें कहा गया था कि खाता नंबर 78 प्लॉट नंबर 1719 रकबा 1 एकड़ 14 डिसमिल का मापी करते हुए इसे अतिक्रमण मुक्त किया जाए।ताकि हम सभी ग्रामीण इसमें बाउंड्री करके अपने धार्मिक स्थान को सुरक्षित रख सकें। उक्त स्थल पर हजारीबाग उपायुक्त के द्वारा एक बोर्ड भी लगवाया गया है जिसे शरारती तत्वों के द्वारा रात में ही उखाड़ कर फेंक दिया गया था।ग्रामीणों ने आवेदन में कहा कि उक्त समय के अंदर मापी नहीं हुई तो हम सभी शिलाडीह ब्रह्मा स्थल पर जमीन पर बुनियाद काटने का कार्य करेंगे,यदि किसी प्रकार का विवाद हुआ तो इसकी सारी जवाबदेही अंचलाधिकारी कि होगी।जिस पर अंचलाधिकारी ने 20 जुलाई को मापी कि तारीख निर्धारित करते हुए कहा कि आप लोगों की ब्रह्मा स्थान की जमीन की मापी 20 जुलाई 2023 दिन गुरुवार को 11ः00 बजे कर दिया जाएगा तत्पश्चात 19 जुलाई को शाम को ग्रामीण अंचलाधिकारी से बात किए तो उन्होंने कहा अभी तक आवेदन नापी करने का निर्गत नहीं किया गया है। जिसके बाद ग्रामीणों के द्वारा हो हल्ला शोर-शराबा करने के बाद एक आवेदन बनाया गया जिसमें अंचलाधिकारी के द्वारा कहा गया है कि 20 तारीख को दिन में 11ः00 बजे मापी कर दिया जाएगा जिसका प्रतिलिपि गोरहर थाना के अलावे अंचल के अन्य कर्मचारियों को दिया गया। शिलाड़ीह के ग्रामीण काली मंडा में इनके आने का इंतजार कर रहे।समय पर अमीन को नहीं पहुंचने पर सभी ग्रामीण उग्र होकर अंचल कार्यालय का घेराव करने पहुंच गए। अंचलाधिकारी अंचल कार्यालय में मौजूद नहीं थे।फोन पर संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि एसपी का आदेश है अभी मापी नहीं किया जा सकता है इसके लिए कुछ दिन वेट करना होगा।

# बरही में बाल विवाह व बालश्रम उन्मूलन को लेकर लोगों को दिलायी गई शपथ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बरही :** जन सेवा परिषद हजारीबाग एवं नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी के निर्देशन में बाल विवाह एवं बाल यौन शोषण मुक्त भारत के निर्माण के लिए बरही प्रखंड अंतर्गत संचालित कई विद्यालयों एवं सखी मंडल को शपथ दिलाने का कार्य जिला परिषद सदस्या प्रीति कुमारी के द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम राजकीय मध्य विद्यालय बरही, प्राथमिक विद्यालय मल्लाह टोली, सखी मंडल बाराटांड़, रसोईया धमना पुराना पंचायत भवन सखी मंडल, पूर्वी पंचायत ग्राम संगठन, राजकीय कन्या मध्य विद्यालय बरही में संपन्न कराया गया। मौके पर प्रीति गुप्ता ने बताया की कार्यक्रम में कुल 533 लोगों को शपथ दिलाई गई। वहीं कहा कि बाल विवाह, बाल श्रम एवं बाल यौन शोषण आधुनिक समाज के लिए एक घोर अपराध है। साथ ही साथ बच्चों के जीवन के साथ किया जाने वाला अमानवीय व्यवहार भी है। एक ओर इससे बच्चों का बचपन छिन जाता है तो दूसरी ओर बच्चों का सर्वांगीण विकास भी अवरुद्ध हो जाता है। बच्चों का भविष्य अंधकार में हो जाता है और आने वाले समय में यही भविष्य हमारे समाज राज्य और देश की दशा और दिशा दोनों को बुरी तरह से प्रभावित करता है। ऐसी स्थिति में हम सभी का यह नैतिक कर्तव्य बनता है की हम मिलजुल कर बचपन बचाओ आंदोलन के तहत कार्य कर बच्चों को बाल श्रम, बाल विवाह एवं बाल यौन शोषण से मुक्त कराएं। कार्यक्रम में इंदु कुमारी, विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिका, सखी मंडल की रागिनी दीदी, राखी दीदी, पूजा दीदी व सभी सखी मंडल की दीदी मौजूद थी।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## 25 से दो दिवसीय बुटिक्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी का आयोजन

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समर वियर के खास कलेक्शंस के साथ शहर के होटल चाणक्य बीएनआर में दो दिवसीय बुटिक्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी के 20वें संस्करण का आयोजन 25 और 26 जुलाई को किया जाएगा। इस प्रदर्शनी में देश के विभिन्न राज्यों के डिजाइनर कपड़े, ज्वेलरी, घरेलु सजावट, एस्सेसरीज, फुटवेयर्स, फर्निशिंग सहित अन्य उत्पाद उपलब्ध होंगे। इस प्रदर्शनी के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए प्रदर्शनी के आयोजक व बुटिक्स ऑफ इंडिया के संस्थापक संजय अग्रवाल ने बताया कि रांची में फैशन और जीवनशैली के बदलते रुझानों का लाभ उठाने के लिए दो दिवसीय प्रदर्शनी में सभी उत्पादों के आलिशान संग्रह उपलब्ध होंगे। हमने प्रदर्शनी के इस संस्करण को हमारे आगंतुकों और खरीदारों की मांगों को ध्यान में रखते हुए विशेष रूप से समर वियर के लिए इंडो वेस्टर्न कलेक्शंस की मांग पर ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने बताया कि इस बार के प्रदर्शनी में देश भर के डिजाइनर्स अपने स्टॉल्स लगाने जा रहे हैं जिनमे सुता बॉम्बे, नवाह, ऐड क्रिएशन, सयंति घोष डिजाइनर स्टूडियो, बसा बाई सुमेश, द ओएमजी सागा, मनियर बाई कोमल, मिषना आदि शामिल हैं। प्रदर्शनी में देशभर से कुल 50 स्टॉल्स लगाए जाएंगे। यह प्रदर्शनी सुबह 11:00 बजे से रात 8:00 बजे तक खुला रहेगा जिसमें ग्राहकों के लिए प्रवेश निःशुल्क है।




## रियलमी ने 9,999 रू में रियलमी सी 53 मॉडल लांच किया

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सबसे भरोसेमंद स्मार्टफ़ोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने आज रियलमी ष्ट53 के लॉन्च की घोषणा की। यह इसकी चैंपियन सीरीज का नया सदस्य है। इसके अलावा युवाओं के लिए परफ़ेक्ट पैड रियलमी पैड 2 भी लॉंच किया गया। अत्याधुनिक फ़ीचर्स, लीप फॉरवर्ड टेक्नोलॉजिकल उन्नति, और शक्तिशाली परफॉरमेंस के साथ ये दोनों उत्पाद इस उद्योग में नयी क्रांति ला देंगे।नो लीप, नो लॉंच के सिद्धांत के साथ रियलमी उद्योग में उच्च मानक स्थापित कर रहा है। यह ब्रांड नये उत्पादों के हर पहलू में लीप फॉरवर्ड टेक्नोलॉजी पेश करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि यह ग्राहकों को आसानी से मिल सके।रियलमी C53 अपने सेगमेंट का पहला और एकमात्र स्मार्टफ़ोन है, जिसमें 108MP का अल्ट्रा क्लियर कैमरा 3X इन-सेंसर ज़ूम, और 8MP सेल्फ़ी कैमरा है। रियलमी C53 इस मूल्य वर्ग में सबसे बड़ी ROM और डायनामिक RAM के साथ सबसे बड़ा स्टोरेज लेकर आया है। इसमें 12ळ्ठतक की डायनामिक RAM और 128GB की ROM है, जो इस स्मार्टफ़ोन को बिलकुल मक्खन की तरह चलने में मदद करती है। रियलमी C 53 में 7.99mm का अल्ट्रा स्लिम शाइनी चैंपियन डिज़ाइन और 90हर्ट्ज़ का डिस्प्ले है, तथा इसमें मिनी कैप्सूल फीचर भी है। इस स्मार्टफ़ोन में 5000mAh की शक्तिशाली बैटरी और 18W की सुपरवूक चार्जिंग सपोर्ट है। यह यूनिसॉक ञ्ज612 ऑक्टा-कोर चिपसेट पर चलता है। रियलमी C53 दो खूबसूरत रंगों- चैंपियन गोल्ड और चैंपियन ब्लैक में उपलब्ध है और यह दो स्टोरेज वेरिएंट्स- 4GB + 128GB और 6GB + 64GB में आता है।



## विधायक ने सामुदायिक विकास भवन का उद्घाटन और चारदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बुंडू :** रांची जिला अंतर्गत बुंडू प्रखंड क्षेत्र में विधायक विकास कुमार मुंडा ने रेलाडीह गांव में गुरुवार को नवनिर्मित सामुदायिक विकास भवन का विधिवत उद्घाटन और स्वस्थ केंद्र के चहारदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इससे पूर्व रेलाड़ीह के ग्रामीणों के द्वारा फुल माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर ग्रामीणों ने रायसा नहर का पक्की करण निर्माण कार्य, रायसा नदी पर पुलिया का निर्माण कराने और गांव में सिंचाई की व्यवस्था लघु सिंचाई विभाग से कराने की मांग की जिसपर विधायक विकास कुमार मुंडा ने ग्रामीणों को शीघ्र विभागीय कार्रवाई कर नए सत्र में निर्माण कार्य चालू कराने का आश्वासन दिया।इधर पत्रकारों से बातचीत करते विधायक ने कहा की बुंडू रेलाड़ीह राहे? पथ पर विभाग कार्य कर रही है जल्द ही सड़क दुरुस्त होगी।वहीं क्षेत्र में कम बारिश की वजह से किसानों की दुर्दशा और सरकार की वैकल्पिक व्यवस्था के सवाल पर विधायक ने कहा कि सरकार इस पर विचार कर रही है मुख्यमंत्री जी खुद इसपर नजर बनाए हुए हैं। मणिपुर में आदिवासी पर अत्याचार के सवाल पर विधायक ने कहा डबल इंजन की सरकार मणिपुर में पुरी तरह से फेल है।कार्यक्रम में मुख्य रूप से झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कलेश्वर मुंडा, पूर्व प्रमुख शिवनाथ मुंडा, मुखिया सिद्धार्थ मुंडा ,उमेश महतो, राजेंद्र प्रसाद साहू, पूर्व उप प्रमुख विजय साहू, मोनू जायसवाल, अरविंद कुमार, अनिल कुमार साहू, गोपाल साहू, रामजीवन महतो, आदि मौजूद थे।

## शपथ पत्र

मैं बेनी महतो पिता रघु महतो, उम्र लगभग 76 वर्ष, वर्तमान पता ग्राम खिरगाँव, वार्ड नं-18, पोस्ट हजारीबाग, थाना सदर, जिला हजारीबाग स्थायी पता ग्राम-मवाखंड पोस्ट शिला, - थाना सिमरिया, जिला चतरा, झारखण्ड का निवासी हूँ, मैं शपथपूर्वक ब्यान करता हूँ कि

1. यह कि मेरे आधार कार्ड संख्या 4454 2238 1390 में मेरा नाम बेनी महतो एवं पिता का नाम रघु महतो अंकित है।

2. यह कि मेरे पैन कार्ड संख्या AYTPP408IR में मेरा नाम BINDESHWARI PRASAD वो मेरे पिता का नाम RAGHU MAHTO अंकित है।

3. यह कि मौजा खिरगाँव, प्रगना चम्पा, थाना नं-145, खाता नं- 229 प्लॉट नं 848, रक्बा 04 डीसमील जमीन जो मुझे खरीदनी केवाला द्वारा हासिल है, जिसका केवाला नं 2068 है, जिसमें मेरा नाम विन्देश्वरी प्रसाद एवं पिता का नाम रघु महतो अंकित है।

4. यह कि बेनी महतो (BENI MAHTO) वो विन्देश्वरी प्रसाद (BINDESHWARI PRASAD) दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है, जो मैं स्वयं हूँ।

5. यह कि रघु महतो (RAGHU MAHTO) वो रघु महतो दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है, जो मेरे पिता है।

6. यह कि मेरे उक्त दोनों नाम एवं मेरे पिता के उक्त दोनों नाम पर भविष्य में किसी भी प्रकार का प्रश्न उठता है, तो उसकी सारी जवाबदेही मेरी होगी।

7. यह कि उपरोक्त लिखी बातें मेरी जानकारी वो विश्वास में सही एवं सत्य है।

बिंदेश्वरी प्रसाद
शपथकर्ता

झारखण्ड सरकार
### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी

**निविदा निरस्त पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित निविदा सूचना संख्या– DWSD/KH-24/2022-23 (2nd Call), Dt.- 05.06.2023 P.R.No.–299223 (Drinking Water & Sanitation) 22-23.D के द्वारा प्रकाशित एवं प्रचारित निविदा (Construction of Rural Pipe Water Supply Scheme through D.T./HYDT/GPT/HYGPT Solar based 1 HP/ 2 HP D.C. Motor pump Complete set for different tolas of concern village which is not included in MVS and has no electricity or less electricity to supply water 2000 LPH maximum at least 15/30 Years for 24 X 7 Supply with 100 % Coverage by TAP Water Facility Khunti and Arki Block under J.J.M.) को अपरिहार्य कारणों अगले आदेश तक के लिए रद्द किया जाता है।

(ई० सुरेन्द्र कुमार दिनकर)
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी

PR 302842 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D

## बेड़ो शहरी क्षेत्र के सड़को से प्रशासन ने हटाया अतिक्रमण

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड प्रशासन द्वारा बेडो शहरी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था बेहतर बनाए रखने एवं सड़कों को अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए सीओ सुमंत तिर्की व थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान रांची गुमला मुख्य मार्ग व लोहरदगा रोड के दोनों ओर की सड़क किनारे फुटपाथ पर अतिक्रमण कर दुकानदारी करने वाले दुकानों को हटाया गया। साथ ही अब से सड़क का अतिक्रमण कर दुकान नहीं लगाने की हिदायत दी गई। वही अभियान के क्रम में कई दुकानों के सामान को जब्त किया गया। एंगल,बांस-बल्ली आदि को हटवाया गया। वहीं कई फुटपाथी दुकानदारों के समक्ष रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है। उनका कहना है कि फुटपाथ पर दुकान लगाने से ही उनकी आजीविका चलती है। अब दुकान नहीं लगेगी, तो कमाई का कोई जरिया नहीं रह गया है। इधर सीओ सुमंत तिर्की ने कहा कि सड़क को अवरूद्ध कर बेतरतीब तरीके से दुकानें लगा दी जाती है।

### Office of The Executive Engineer
### Building Construction Department, Building Division, Garhwa.

**VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER**

Sealed Tenders are invited for **Construction Of Police Barrack in the campus of 6 Court Nagar Untari, Garhwa** by the Executive Engineer. Building Construction Department, Building Division, Garhwa from the Registered contractor in the Office of the undersigned & in the office of S.E. B.C.D. Circle No-02. Ranchi on **02-08-2023** up to 3.00 pm and will be opened on **02-08 2023** at 3.30 pm in respective offices By Executive Engineer or his authorized representative in the presence of tenderes or their authorized representative. Who so ever desire may remain present at the time of opening Detail list of work, specification, quantity etc. may be obtained from the aforesaid offices in working day on **31-07-2023** from 10.00 am to 1.00 pm which cost of Bid Rs. **5000**/- in shape of Demand Draft (non-refundable) on any State Bank Payable at SBI, Main Branch, Garhwa in favour of The Executive Engineer, Building Division, Garhwa.

The tenderer should be accomplished with the initial security deposit which will be 2% of the tender amount(Refundable) in shape of Bank Guarantee or 5 Years/3Years Post Office Term Deposit or N.S.C. (8th issue) fixed deposit of the Scheduled Bank duly pledge in favor of Executive Engineer, Building Division, Garhwa.

**Executive Engineer,**
Building Division, Garhwa.

PR 302846 Building(23-24)#D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।
### शुद्धि पत्र

पत्रांक ........... कोडरमा / दिनांक ...... / ....... / 2023

निविदा सूचना सं० – RDD/SD/KODERMA/03/2023-24 आमंत्रित किया गया है। जिसका पी० आर० सं० –301611 है। जिसमें निम्न प्रकार क्रमांक में संशोधन किया जाता है।

2) बेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 20.07.2023 के स्थान पर दिनांक 22.07.2023 पढा जाय।

3) ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 20.07.2023 से दिनांक 24.07.2023 को अपराह्न 05:00 बजे तक के स्थान पर दिनांक दिनांक 22.07.2023 से दिनांक 01.08.2023 को अपराह्न 05:00 बजे तक पढा जाय।

4) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 26.07.23 अपराह्न 05:00 बजे तक के स्थान पर दिनांक 04.08.23 अपराह्न 05:00 बजे तक पढा जाय।

5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :–
i) ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।
ii) ग्रामीण विकास विशेष अंचल, हजारीबाग।
iii) e-procurement cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रक्षेत्र, एफ० एफ० पी० भवन, धूर्वा, राँची।

8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 28.07.23 अपराह्न 2:00 बजे के स्थान पर दिनांक 05.08.23 अपराह्न 2:00 बजे तक पढा।

निविदा की सभी शर्त्ते पूर्वत् रहेगा।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
कोडरमा।

PR 302810 Rural Work Department(23-24)D

### JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO BHAWAN, KUTCHERY ROAD, RANCHI, JHARKHAND
Ph. No.: +91-651-2225878, Mob. No.: +91 9471006062
e-mail Id-juidcolimited@gmail.com, CIN: U45200JH2013SGC001752,

**e-Procurement Notice, Tender Notice**

NIT No: JUIDCO/NIT/ Rehla Bishrampur /UWSS/23/554 Date:20.07.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Rehla & Bishrampur Urban Water Supply Scheme with 5 years of Operation and Maintenance |
| 2. | Mode of Bid Submission | e-tendering –http://jharkhandtenders.gov.in |
| 3. | Estimated Cost | Rs. 103,73,66,490/- (Rupees One Hundred Three Crore Seventy Three Lakh Sixty Six thousand Four Hundred and Ninenty Only) |
| 4. | Tender Fee and Bid Security | Tender Document Fee – Rs. 25,000/- (Rupees Twenty-Five thousand only) Bid Security – Rs. 1,03,73,665/- (Rupees One crore Three lakh Seventy-Three thousand Six hundred Sixty-Five only) |
| 5. | Date & Time of Publication of Tender on Website | 21st July 2023 at 17:00 hours |
| 6. | Last Date & Time of submission of pre-bid queries | 2nd August 2023 till 17:00 hours |
| 7. | Date & Time of pre-bid meeting | 3rd August 2023 at 15:00 hours |
| 8. | Last Date & Time of Bid Submission | 21st August 2023 till 17:00 hours |
| 9. | Last Date &Time of Submission of Tender Fee & EMD | 22nd August 2023 till 17:00 hours |
| 10. | Date & Time of Bid Opening | 22nd August 2023 at 17:30 hours |
| 11. | Bid Submission Address | Jharkhand Urban Infrastructure Development Company Limited, JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi, Pin – 834001. |
| 12. | Helpline No. of e-Procurement Cell | +91 651 2225878/ 9973768183 |

**Note Only e-tenders will be accepted.**

Further details are available on the Jharkhand Government e-procurement website *http//:jharkhandtenders.gov.in*

Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd., Ranchi

PR 302864 Urban Development and Housing(23-24)#D

### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
### DRINKING WATER & SANITATION DIVISION, HAZARIBAG

**VERY SHORT E-AUCTION NOTICE**

**e-Auction Reference:-DWSD/Auction/HZB/08/2023-24 (1st Call) Date:-20.07.2023**

| Group No. | Name of Work | Reserve price (in Lac) | Earnest Money (in Rs.) | Cost of B.O.Q. (Auction from in Rs) non-refundable | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Disposal of scrap and unserviceable materials lying under D.W & S Divisional Store/Sub Divisional store under D.W. & S Division Hazaribagh for the year 2023-24 | | | | |
| (a) | **C.I. Scrap Materials** 58254.59 Kg @ 25.00 Per Kg | 14.56365 | | | |
| (b) | **G.I. Scrap Materials** 214500.3183 Kg @ 24.00 Per Kg | 51.48008 | | | |
| (c) | **M.S. Scrap Materials** 63787.43985 Kg @ 22.70 Per Kg | 14.47975 | | | |
| (d) | **Brass Scrap Materials** 207 Kg @ 255.00 Per Kg | 0.52785 | | | |
| (e) | **PVC Scrap Materials** 2164 Kg @ 24.00 Per Kg | 0.51936 | | | |
| (f) | **Wooden Scrap Materials** 77 Kg @ 06.00 Per Kg | 0.00462 | | | |
| | **Total:-** | **81.57531** | **1,64,000.00** | **10,000/-** | **1 Month** |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | Estimated Cost (in Rs.) | Rs. 81,57,531/- |
| 3 | Earnest Money (in Rs.) | Rs. 1,64,000/- |
| 4 | Cost Of BOQ (in Rs.) | Rs. 10,000/- |
| 5 | Time of Completion | 01 Month |
| 6 | Date of e-Auction uploading in website | Date:- 22.07.2023 at 02.00 PM |
| 7 | Last date receipt of Bid | Date:- 02.08.2023 upto 05.00 PM |
| 8 | Last date submission cost of BOQ and EMD (in hard copy) | Date:- 03.08.2023 upto 03.00 PM in the office of the 1. Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag 2. Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation Circle, Hazaribag |
| 9 | Date of opening e-Auction | Date:- 04.08.2023 at 11.00 AM |
| 10 | Name and address of office inviting e-Auction | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag |
| 11 | Name and address of e-Auction opening officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag |
| 12 | Contact no of e-procurement office | 06546-262291; 06546-270154 |
| 13 | Helpline No. of e-procurement cell | 0651-2480345 |
| 14 | For detailed information Bidder can visit website | **https://jharkhandtenders.gov.in** |

**Executive Engineer,**
**Drinking Water & Sanitation Division,**
**Hazaribag**

PR302871 (Drinking Water and Sanitation)23-24*D

## उपायुक्त की अध्यक्षता में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 से संबंधित बैठक का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खूंटी :** उपायुक्त, शशि रंजन की अध्यक्षता में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान विशेष रूप से घर - घर सत्यापन को लेकर विशेष बिंदुओं पर चर्चा की गई। एक त्रुटि मुक्त एवं समावेशी मतदाता सूची बनाने के लिए बी. एल. ओ. द्वारा घर-घर सत्यापन 21 जुलाई से 21 अगस्त 2023 तक ये अभियान चलाया जाएगा। उक्त अभियान में मुख्य रूप से निम्नलिखित कार्य होंगे। 1 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के मतदाताओं का पंजीकरण., मतदाता सूची/फोटो मतदाता पहचान पत्र में त्रुटियों का निराकरण, मतदाता सूची में स्पष्ट फोटो की जगह अच्छी गुणवत्ता वाली फोटो का संयोजन, नवविवाहित महिला मतदाताओं का नाम और नए पते का अद्यतनीकरण, दिवंगत मतदाता का नाम मतदाता सूची से विलोपन बैठक के दौरान मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 से संबंधित कार्यों को लेकर चर्चा की गई। इसमें पीडब्ल्यूडी मतदाताओं का निबंधन एवं चिन्हित करना, मतदाता केंद्र का नाम/ स्थल परिवर्तन संबंधी प्रस्ताव, पीजीटी समुदायों के सुयोग्य आम नागरिकों का निबंधन कराना, लो वोटर टर्नआउट, ईपी रेशियो तथा जी पी रेशियो, बूथ लेवल एजेंट्स की नियुक्ति, एस्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी, पन्ना वेरिफिकेशन एवं हाउस तो रोल वेरिफिकेशन, प्रपत्र 6क्क आधार ऑथेंटिकेशन, रिकॉर्ड कीपिंग व अन्य कार्यों के संचालन संबंधी निर्देश दिए गए। बैठक में उन्होंने प्रपत्रों की अद्यतन स्थिति, ई-राल मैनेजमेंट, गरुड़ एप, ई-पिक डाउनलोड, ई-पिक, हेल्प डेस्क, टॉल फ्री नंबर 1950 सहित अन्य समीक्षा की। इसके मद्देनजर सभी संबंधित अधिकारियों को मतदान केंद्रों के वेरिफिकेशन का कार्य सौंपा गया है। जिसमें पेयजल की उपलब्धता शौचालय समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा उन्होंने बताया कि जिला अंतर्गत चुनाव पाठशाला के अंतर्गत इलेक्ट्रोल लिटरेसी क्लब (ELC Future Voters) का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को मतदाता जागरूकता गतिविधियों की जानकारी दी जाएगी ।

### JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY (JUIDCO) LIMITED
(A Government of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi-834001
E-Mail Id - pdt.juidco@gmail.com, juidcolimited@gmail.com,CIN: U45200JH2013SGC001752,

**Tender Notice**

NIT No.: JUIDCO/NIT/IA (2023-24)/2023/553 Date: 19/07/2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Selection of CA/CS/CMA Firms for appointment as Internal Auditors for the Financial Year 2023-2024. |
| 2. | Mode of Bid Submission | On-Line Tendering |
| 3. | Tender Cost | Rs.1000/- (Demand Draft in Favour of Managing Director, JUIDCO Ltd. Payable at Ranchi.) |
| 5. | Date / Time of Start of Submission of Bids | 21/07/2023, 10:00 Hrs |
| 6. | Last Date / Time of Bid Submission | 11/08/2023, 17:00 Hrs |
| 7. | Last Date / Time for submission of Tender Fee | 14/08/2023, 17:00 Hrs |
| 8. | Date of Bid Opening | 14/08/2023, 17:30 Hrs |
| 9. | Venue for Submission of Tender Cost: | Jharkhand Urban Infrastructure Development Company Limited. Procurement Cell, JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi. Jharkhand. PIN-834001. |
| 10. | Helpline No. of Procurement Cell | +91 0651 2225878 |

**Note : Only e-tenders will be accepted.**
Further details are available on Jharkhand Government e-procurement website http//:jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd. Ranchi.

PR 302831 Urban Development and Housing(23-24).D

### जिला नोडल पदाधिकारी, एन0सी0डी0 सेल, खूँटी।

**आम सूचना**

एतद् द्वारा वैसे सभी दूकानदार जो, तम्बाकू एवे तम्बाकू से संबंधित पदार्थों का (सिगरेट, बीडी, गुटखा, पान मसाला, खैनी आदि) कि बिक्री करते हैं तो इन सभी दूकानदारों को Cotpa, Act 2003 निम्नलिखित मुख्य प्रावधानों का पालन करना है, अन्यथा निरीक्षण के दौरान यदि दूकानदार Cotpa, Act-2003 के नियमों का उलंघन करते हुए पाये जाते हैं, तो उनके खिलाफ Cotpa, Act-2003 के तहत् कार्रवाई की जाएगी।

**Cotpa, Act-2003 मुख्य प्रावधान**

| कोटपा की धारा | | दण्ड / जुर्माना / कारावास / दोनो | |
|---|---|---|---|
| धारा 4 | सार्वजनिक स्थल पर धुम्रपान पर प्रतिबंध। | व्यक्तिगत अपराध के लिये<br>प्रबंधक या अधिकृत अधिकारी के लिए | Rs. 200/- (दो सौ रूपये) तक का जुर्माना |
| धारा 5 | सिगरेट एवं अन्य तम्बाकु उत्पाद के विज्ञापन पर प्रतिबंध। | प्रथम अपराध की दषा में<br>द्वितीय अपराध की दषा में | 2 वर्ष तक कारावास या Rs. 1000/- (एक हजार रूपये) तक का जुर्माना अथवा दोनो<br>5 वर्ष तक कारावास या Rs. 5000/- (पांच हजार रूपये) तक का जुर्माना |
| धारा 6 (A) | 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति को / द्वारा सिगरेट या अन्य तम्बाकू उत्पाद के बिक्री पर प्रतिबंध। | ........................ | Rs. 200/- (दो सौ रूपये) तक का जुर्माना |
| धारा 6 (B) | शैक्षणिक संस्थान के 100 गज की परिधि में सिग्रेट या अन्य तम्बाकु उत्पाद के विक्रय पर प्रतिबंध। | ........................ | Rs. 200/- (दो सौ रूपये) तक का जुर्माना |
| धारा 7 | बिना विषिष्ट स्वास्थ्य चेतावनी के सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद के बिक्री पर प्रतिबंध। | 1. प्रथम अपराध की दषा में<br>2. द्वितीय अपराध की दषा में<br>1. प्रथम अपराध की दषा में<br>2. द्वितीय अपराध की दषा में | उत्पादक / विनिर्माता<br>2 वर्ष तक कारावास या Rs. 5000/- (पांच हजार रूपये) तक का जुर्माना अथवा दोनो।<br>5 वर्ष तक कारावास एवं Rs. 10000/- (दस हजार रूपये) तक का जुर्माना विक्रेत / वितरक<br>1 वर्ष तक कारावास या Rs. 1000/- (एक हजार रूपये) तक का जुर्माना अथवा दोनो।<br>2 वर्ष तक कारावास एवं Rs. 3000/- (तीन हजार रूपये) तक का जुर्माना |

खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, खूँटी।

जिला नोडल पदाधिकारी, एन0सी0डी0 सेल, खूँटी।

PR 302799 District(23-24)D

झारखण्ड सरकार
### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी

**ई० प्रोक्योरमेन्ट अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

**T. Reference No. :- DWSD/KH-24/2022-23 (2nd Call) Date-20.07.2023**

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost (Rs.) | Bid Security (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| A) | Construction of Rural Pipe Water Supply Scheme through D.T./HYDT/GPT/HYGPT Solar based 1 HP/ 2 HP D.C. Motor pump Complete set for different tolas of concern village which is not in cluded in MVS and has no electricity or less electricity to supply water 2000 LPH maximum at least 15/30 Years for 24 X 7 Supply with 100 % Coverage by TAP Water Facility Khunti and Arki Block under J.J.M. | | | | |
| 1 | Jojodih SVS Group of Scheme Under Block- Arki | 812563.00 | 17000.00 | 1250.00 | 3 Months |
| 2 | Tekania SVS Group of Scheme Under Block- Arki | 1647939.00 | 33000.00 | 5000.00 | 6 Months |
| 3 | Balamda SVS Goup of Scheme Under Block- Arki | 1562550.00 | 32000.00 | 5000.00 | 6 Months |
| 4 | Kulburu SVS Group of Scheme Under Block- Arki | 636017.00 | 13000.00 | 1250.00 | 3 Months |
| 5 | Selda SVS Group of Scheme Under Block- Arki | 3578172.00 | 72000.00 | 5000.00 | 6 Months |
| 6 | Bokrashisa SVS Group of Scheme Under Block- Khunti | 2398423.00 | 48000.00 | 5000.00 | 6 Months |
| 7 | Bandih SVS Group of Scheme Under Block- Khunti | 2618080.00 | 53000.00 | 5000.00 | 6 Months |
| 8 | Durmi/Dull SVS Group of Scheme Under Block- Khunti | 3483028.00 | 70000.00 | 5000.00 | 6 Months |
| 9 | Bhut SVS Group of Scheme Under Block- Khunti | 2282472.00 | 46000.00 | 5000.00 | 6 Months |
| 10 | Senegutu SVS Group of Scheme Under Block- Khunti | 7457404.00 | 150000.00 | 10000.00 | 6 Months |
| 11 | Chukru SVS Group of Scheme Under Block- Khunti | 819255.00 | 17000.00 | 1250.00 | 3 Months |
| 12 | Takra SVS Group of Scheme Under Block- Khunti | 1552668.00 | 32000.00 | 5000.00 | 6 Months |
| 13 | Sukrisereng SVS Group of Scheme Under Block- Khunti | 1698717.00 | 34000.00 | 5000.00 | 6 Months |
| 14 | Nehaldih SVS Group of Scheme Under Block- Khunti | 1600996.00 | 33000.00 | 5000.00 | 6 Months |
| 15 | Budadih SVS Group of Scheme Under Block- Khunti | 1567253.00 | 32000.00 | 5000.00 | 6 Months |
| 16 | Kanki SVS Group of Scheme Under Block- Khunti | 2788289.00 | 56000.00 | 5000.00 | 6 Months |
| B) | Date of Tender Uploading on Website | 27.07.2023/05.00 PM. | | | |
| C) | Bid Submission Start Date | 27.07.2023/05.00 PM. | | | |
| D) | Bid Submission End Date | 03.08.2023/05.00 PM. | | | |
| E) | Last date of Submission of Cost of BOQ and EMD (Hard Copy) | 04.08.2023/05.00 PM. | | | |
| F) | Place of receipt of Bid (Hard Copy) | **1.** Office of the Regional Chief Engineer, D.W. & S. Department Ranchi Zone. **2.** Office Of the Superintending Engineer, D.W.&S. Ranchi Circle, Ranchi **3.** Office of the Executive Engineer, D.W. & S. Division, Khunti | | | |
| G) | Date of Opening of Tender | 05.08.2023/11.00 AM. | | | |
| H) | Name & Address of office Inviting Tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Khunti. | | | |
| I) | Name & Address of opening Officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Khunti. | | | |
| J) | Contact No. of Procurement Office | 06528-299928 | | | |
| K) | Helpline No. of e-procurement cell | 7717776462 | | | |

नोटः–विशेष जानकारी के लिये वेबसाईट – http://jharkahndtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी।

PR.NO.302839 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

भाजयुमो ने गांव-गांव में निकाला बाइक यात्रा, जनसंपर्क अभियान किया तेज

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राज्य में गांव के अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों का हो रहा है विकास : अजातशत्रु



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** भाजयुमो ने सेन्हा-प्रखंड के अलौदी पंचायत सहित विभिन्न पंचायत में निकाली विशाल बाइक यात्रा चलाया जनसम्पर्क अभियान। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में भारतीय जनता युवा मोर्चा झारखंड प्रदेश मंत्री अजातशत्रु के नेतृत्व में भाजयुमो लोहरदगा युवा साथियों द्वारा एक विशाल बाइक यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रुप से झारखंड प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी उपस्थित रहे साथ ही प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विश्वजीत शाहदेव, जिला अध्यक्ष मनीष शिखर, जिला महामंत्री बाल्मीकि कुमार, सहित जिला के सैकड़ों युवा कार्यकर्ता गण एवं वरिष्ठ कार्यकर्तागण बाइक यात्रा में शामिल हुए। बाइक यात्रा की शुरुआत सेन्हा भाजपा मंडल मुख्यालय से प्रारंभ होकर कल्हेपाट,बूटी पंचायत के कंडरा झखरा, चमडु, अलौदी पंचायत के सुरसुरिया होते हुए हेसवे तक पहुंची जहां सभा मे तब्दील हुआ। और जनसमस्या से अवगत होते हुए जनसंपर्क अभियान को तेज किया गया। इसके पूर्व गांव में घर घर जाकर भाजपा सरकार की उपलब्धियों का पत्रक बांटा गया। साथ ही मोदीजी को पुनः एक बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए आग्रह करते हुए समर्थन स्टीकर घर वालो के सहमति से लगाया गया। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष किशलय तिवारी ने कहा कि संगठन द्वारा निर्धारित महा जनसंपर्क अभियान का यह एक स्वरूप है। जो युवाओं के द्वारा हर गांव हर घर तक पहुंच कर मोदी जी के उपलब्धियों को बताया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के युवा कार्यकर्ता राष्ट्रहित एवं जनता के विकास एवं योजनाओं के लाभ को लेकर हमेशा प्रचार-प्रसार करती रहती है। वहीं विपक्ष के लोग केवल लोगों के बीच अपनी गुमराह की राजनीति करने का कार्य करते हैं और जनकल्याणकारी योजनाओं को भ्रम फैलाकर वंचित करने का कार्य किया जा रहा है। वहीं अजातशत्रु ने कहा कि इस बार युवा भ्रम की नीतियों में नहीं फसने वाला है विकास प्राथमिकता में होगी और मोदी जी के नेतृत्व में गांव का हर जनता जानता है कि उनके लिए मोदी जी क्या कर रहे हैं। और गांव के अंतिम पायदान तक योजना का लाभ किसके नेतृत्व में मिल रहा है। सहित विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। बाइक यात्रा में रामजीत यादव, तेवारी उराँव, विश्वनाथ मिस्त्री, अरविंद उराँव, प्रकाश यादव, जोएस कुजूर, चुन्नी प्रजापति सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

## उप विकास आयुक्त समीरा एस ने की जिला स्तरीय स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उप विकास आयुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में लोहरदगा जिला में इस वित्तीय वर्ष के प्रथम तिमाही में एएनसी रजिस्ट्रेशन, एनीमिक महिलाओं की पहचान व उनका ईलाज, हिमोग्लोबीन की कमी वाले महिलाओं की पहचान व उनका ईलाज, लिंगानुपात, संस्थागत प्रसव, कुशल अटेंडेंट के द्वारा घर में हुए डिलिवरी, नवजात को एक घंटे के अंदर स्तनपान कराये जाने, अल्पवजनी बच्चों की संख्या आदि बिंदुओं पर समीक्षा की गई। सिविल सर्जन को जिला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के लिए क्रय किये गये अल्ट्रासाउण्ड मशीनों के संचालन के लिए यूपीएस का क्रय कर अल्ट्रासाउण्ड मशीनों का इस्तेमाल प्रारंभ कराने का निदेश दिया गया। बैठक जून माह में टीबी रोगियों, मलेरिया रोगियों और कुष्ठ रोगियों की पहचान व ईलाज की समीक्षा की गई व आवश्यक निदेश दिये गये। बैठक में नीति आयोग की ओर से विभिन्न इंडीकेटर्स पर दिये गये निदेशों का अक्षरशः पालन किये जाने का निदेश दिया गया और प्रतिवेदन समर्पित किये जाने का निदेश दिया गया। आज की बैठक में सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध, सदर अस्साल उपाधीक्षक, डीपीएम एनएचएम, अस्पताल प्रबंधक, सभी एमओआईसी व अन्य समन्वयक उपस्थित थे।

## आजसू पार्टी ने भूमि सम्मान से सम्मानित किए जाने पर उपायुक्त को किया सम्मानित



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला आजसू पार्टी के द्वारा आजसू नेत्री महिला प्रकोष्ठ की केंद्रीय उपाध्यक्ष और लोहरदगा विधानसभा प्रभारी निरू शांति भगत एवं जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश भारती के नेतृत्व में महामहिम राष्ट्रपति महोदया द्वारा लोहरदगा जिला के उपायुक्त बाघमारे प्रसाद कृष्ण को भूमि सम्मान से सम्मानित किए जाने पर उपायुक्त महोदय को बुके प्रदान कर सम्मानित किया गया। आजसू नेताओं ने कहा कि लोहरदगा जिला को भूमि सम्मान राष्ट्रपति महोदय के हाथों मिलना जिला के लिए गर्व की बात है और लोहरदगा जिला को गौरवान्वित कराने का श्रेय निश्चित रूप से लोहरदगा उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण एवं उनकी टीम को जाता है और, इसके लिए लोहरदगा जिला आजसू परिवार उपायुक्त एवं उनकी टीम को हार्दिक बधाई देती है। इस अवसर पर लाल गुडडू नाथ शाहदेव, अरविंद यादव, शाहिद अंसारी, सरवर खान, साजिद कलाल, नईम खान गुड्डू, अशोक साहू, कलीम खान, हेमंती देवी आदि उपस्थित थे।

## लोहरदगा में आतंकवादी की गिरफ्तारी चिंता का विषय : ओम प्रकाश सिंह

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओम प्रकाश सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए उन्होंने कहा कि लोहरदगा में ISIS के एक संदिग्ध आतंकवादी के गिरफ्तार किये जाने पर आईबी तथा एनआईऐ की टीम की सराहना करते हुवे बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि लोहरदगा झारखण्ड के सबसे संवेदनशील जिले के रूप में माना जाता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आतंकवादी ने लोहरदगा में अनेक लोगों को आतंकी गतिविधियों के लिये प्रशिक्षण देने का भी कार्य किया है।

## बीईईओ ने 62 वीं सुब्रतो कप फुटबॉल खेल प्रतियोगिता को लेकर की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 20 जुलाई गुरुवार को बीआरसी भवन कैरो में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जयमंगल लोहरा की अध्यक्षता मे खेलो झारखंड 2023-24 के तहत 62 वीं सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल टूर्नामेंट प्रखंड स्तर पर आयोजन को लेकर की गयी बैठक। उक्त संबंध मे बीईईओ जयमंगल लोहरा ने बताया कि झारखंड शिक्षा परियोजना लोहरदगा के निर्देशानुसार 62 वीं सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल टूर्नामेंट प्रखंड स्तर पर आयोजन करने का पुर्व मे 20 जुलाई से विभाग से निर्धारित की गई थी परंतु तिथि परिवर्तित करते हुए 21 जुलाई पूर्वाह्न 9:00 बजे से डा0 अनुग्रह नारायण +2 उवि मैदान मे प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी, जिसमे 17 वर्ष से नीचे के बालक-बालिका लेंगी भाग। वही 22 जुलाई से 14 वर्ष के नीचे वाले केवल बालक वर्ग लेंगे भाग। प्रखंड स्तर पर उत्कृष्ट प्रतिभागी 24-26 जुलाई को जिला स्तर और फिर 29-31 जुलाई को प्रमंडल स्तर एवं 03 अगस्त से 05 अगस्त तक राज्य स्तर मे प्रतिभागी लेंगे भाग। बैठक मे सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल टूर्नामेंट प्रखंड स्तर पर सफलता पुर्वक आयोजन को लेकर विभिन्न विन्दुओं पर चर्चा की गई। उक्त बैठक मे डा0अ0ना0+2 उ0 वि0 के प्रधानाचार्य गणेश शास्त्री, शिक्षक राजेश कुमार, देवनन्दन नायक, रमेश कुमार मिश्रा, बुधराम उराँव, शैलेन्द्र कुमार, अपोलो मनजकन एक्का इत्यादि उक्त बैठक मे थे उपस्थित।

## झामुमो जिला समिति ने किया केंद्र व भाजपा का पुतला दहन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झामुमो जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद के नेतृत्व में आज झामुमो जिला समिति ने केंद्र सरकार और भाजपा पार्टी का पुतला दहन किया। मौके पे जिला अध्यक्ष ने कहा कि मणिपुर राज्य की दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाए जाने का वीडियो सोशल मीडिया में फैलने के बाद तथा देश के सर्वोच्च न्यायालय के स्वतः संज्ञान लेने के बाद जागी केंद्र तथा मणिपुर राज्य की भाजपा सरकार महिलाओं के चीरहरण,उसकी स्मिता से हुए खिलवाड़ के विरोध में सिर्फ चंद पंक्तियाँ ही कह पाई। केंद्र एवं राज्य में सत्ता में रहने के बाद भी उक्त महिलाओं के प्रति हुए अन्याय की जानकारी 77 दिन बाद प्राप्त होना, उनके महिलाओं के प्रति सोच को दर्शाता है। 77 दिन बाद भी दोषियों पर कार्रवाई के जगह सिर्फ दो पंक्तिया बोल देना, भाजपा के चाल एवं चरित्र को उजागर करता है। इससे साफ पता चलता है की केंद्र की सरकार आदिवासी परती किया सोच रखती है सिर्फ दिखावा के लिए आदिवासी को महिलाओं के प्रति हुए अन्याय एवं भारतीय जनता पार्टी के उक्त मानसिकता के खिलाफ आज झामुमो पुतला दहन कर रही है अगर केंद्र सरकार आदिवासी को शोषण करना बंद नही करती है तो सड़क पर उतर कर भी आंदोलन करेगी।

## धुआं रहित चूल्हा के उपयोग से स्वास्थ्य में सुधार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा जिला के कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत ऐडेगा पंचायत के गाँव पोगोलोया है, जिसमे कुल 40 परिवार निवास करते हैं कुल जनसंख्या लगभग 235 हैं , गाँव मे स्वछ ऊर्जा समाधान की जानकारी का अभाव है लोग अभी भी खाना बनाने के लिए परंपरागत चूल्हे का उपयोग करते हैं 7जिसमे लकड़ी , गोबर गोयठा,किरोसिन तेल के उपयोग से चूल्हा जलाया जाता था पूरा घर धुँवा से भर जाता था , जिसके कारण गाँव की महिलाओं को धूँआ से होने वाली बीमारी का शिकार होना पड़ता है 7 रेस परियोजना के तहत गाँव मे ग्राम स्वछ ऊर्जा समिति का गठन किया गया है जिसकी मासिक बैठक मे स्वछ ऊर्जा समाधान हेतु लीड्स कार्यकर्ता के द्वारा धुँवा से होने वाली बीमारियों की जानकारी दी जाति है साथ मे धुँवा से बचाव हेतु उपाय भी बताया जाता है इसके तहत धुँवा रहित चूल्हा का निर्माण एवं इसके उपयोग से होने वाले लाभ बीमारी से बचाव , ईंधन की काम खपत , पर्यावरण की सुरक्षा , समय की बचत पर जानकारी दी जाति है 7संस्था के समन्वयक लालबहादुर सिंह गाँव में प्रत्येक परिवार में चूल्हा बनाने के लिए जागरूक अभियान चलाया है 7 अभियान चला कर कुल 37 परिवार मे धूँआ रहित चूल्हा का निर्माण कर अपने रसोई को धूँआ से मुक्त किया 7 वर्तमान समय मे गाँव की महिलाओं को धूँआ से होने वाली बीमारी से छुटकारा हो गई है।

केरसई थाना प्रभारी को बर्खास्त करने की मांग को लेकर जुटे आदिवासी समाज

## थाना प्रभारी अंशु कुमार को बर्खास्त नहीं करने तक जारी रहेगा आंदोलन : विश्वनाथ भोय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** केरसई प्रखंड के ठेसूटोली गांव में चार जुलाई को थाना प्रभारी द्वारा श्रीमति फुलमनी देवी पर थाप्पड़ मारने और महिला द्वारा आवेदन देने पर प्रशासन द्वारा समय पर कार्रवाई ना होने को लेकर सर्व आदिवासी समाज द्वारा जिला मुख्यालय में जिले के विभिन्न गांव से हजारों की संख्या में महिला एवं पुरुष शासन व्यवस्था द्वारा न्याय दिलाने को लेकर जिला मुख्यालय स्थित अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में शामिल हुए। उपस्थित आदिवासी समाज ने कहा कि यह एक निंदनीय घटना है जो कि एक पुरुष पुलिस अधिकारी थाना प्रभारी केरसई द्वारा बिना दोष के विधवा महिला के ऊपर हाथ उठाना अशोभनीय है। रूढ़ि प्रथा के विरुध जाकर थाना प्रभारी द्वारा जूते पहन कर भीतर घर में घुसकर घर को दूषित किया गया। इसे लेकर कारवाई में विलंब से समाज के लोगों में काफी गुस्सा है। विश्वनाथ भोय गोंड आदिवासी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वे कारवाई होने से संतुष्ट हैं किन्तु ऐसी घटना की पुनर्रावृति न हो। दोषी को कड़ी सजा होनी चाहिए आदिवासी समाज के प्रतिनिधि होने के नाते मैं और मेरा समाज आक्रोशित है। श्याम किशोर प्रधान प्रदेश सचिव ने कहा कि प्रशासन को आदिवासियों के हितों का रक्षा निष्पक्ष होकर करना होगा। पुलिस प्रशासन का रवैया चिंताजनक है। आदिवासी समाज आपसे आक्रोशित है। महिला अधिकार कार्यकर्त्ता अगुस्टीना सोरेंग ने कहा कि हालांकि आज पता चला कि थाना प्रभारी के ऊपर कारवाई हुई है पर क्या उसके ऊपर एट्रोसिटी के धाराओं के तहत केस दर्ज हुआ अगर नहीं हुआ तो क्यूं? प्रशासन द्वारा आदिवासी महिला पर ऐसा गैरकानूनी और अशोभनीय कृत को आदिवासी समाज क्या संज्ञा दे? अजय एक्का, जिला परिषद सदस्य ठेठईटाँगर ने कहा कि प्रशासन से माँग है कि न्यायसंगत कारवाई किया जाए अन्यथा चरणबद्ध आंदोलन को विवश होंगे।

## लोहरदगा की धरती पर अब तक का सबसे बड़ा प्रतिभा सम्मान समारोह का होगा आयोजन : आलोक दुबे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि लोहरदगा जिला में 22 जुलाई को होने जा रहा छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह को देखने के लिए पूरे शहर की नजरें टिकी हुई हैं। लोहरदग्गा की धरती में अब तक का सबसे बड़ा प्रतिभा सम्मान समारोह होगा जहां एक मंच पर एक साथ 2 हजार से अधिक टॉपर्स को सम्मानित किया जाएगा।अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार 2 हजार बच्चों ने अपना रजिस्ट्रेशन करा लिया है। जिन्होंने अभी तक अपना रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया है वो जल्द से जल्द अपना रजिस्ट्रेशन करवा लें। उन्होंने कहा लोहरदग्गा के बच्चों के लिए यह सुनहरा अवसर है जिसमें भाग लेकर ऐतिहासिक क्षण के गवाह बनेंगे। ऑनस्पॉट रजिस्ट्रेशन 22 जुलाई को पूर्वाह्न 8.00 बजे से 10.00 बजे तक भी करवा सकते हैं, इसके लिए विधार्थियों को सिर्फ मार्कशीट की छाया प्रति लाना है।10 वीं एवं 12 वीं के सीबीएसई, आईसीएसई एवं जैक बोर्ड में 70त्न व उससे अधिक नम्बर प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित किया जाएगा,लोहरदग्गा जिला टॉपर्स को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा, साथ ही साथ लोहरदग्गा के उन प्रतिभावान बच्चों को भी सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने अलग-अलग क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। पासवा द्वारा 2 लाख से ज्यादा 10 वीं एवं 12 वीं के बच्चों को अब तक पूरे देश में सम्मानित किया जा चुका है।अब तो कई संस्थायें हमारी तर्ज पर बच्चों को सम्मानित कर रही हैं।16 साल तक बच्चों की परवरिश करने के बाद जब बच्चे 10 वीं की परीक्षा पास करते हैं और जब इन बच्चों को इतने बड़े मंच पर मान्यता और पहचान मिलती है तो माता पिता के खुशी का ठिकाना नहीं होता है और बच्चों को सम्मानित होता देख इनकी आंखों से आंसू तक निकल जाते हैं।प्रतिभा सम्मान समारोह के लिए 9 वें क्लास से ही बच्चे और अभिभावकों की तैयारी शुरु हो जाती है जिससे बच्चों को फायदा होता है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा झारखण्ड पासवा 47 हजार से ज्यादा निजी विद्यालयों का राज्य में प्रतिनिधित्व करती है और पासवा का सर्टिफिकेट जब देश के शैक्षणिक संस्थानों में दिखाया जाता है तो बच्चों को सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है।

महाजनसंपर्क अभियान के तहत निकाली जाएगी बाइक रैली

## जनता को बताया जाएगा मोदी सरकार के 9 वर्ष के विकास मंत्र : अजय कुमार सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** गौरतलब है की पूरे देश में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मोदी सरकार के 9 वर्ष में हुए विकास के मंत्र एवं क्रियान्वयन को लेकर जनता के बीच महा जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को वृहत् रूप से सिमडेगा जिला में करने के लिए एक अति महत्वपूर्ण बैठक जयप्रकाश उद्यान में रखी गई थी जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक द्वारा की गई। बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया कि महाजनसंपर्क अभियान के लिए दिनांक 21/07/2023 दिन शुक्रवार, समय पूर्वाह्न 10 बजे, स्थान अल्बर्ट एक्का मैदान से बाइक रैली निकाली जाएगी। इस बाइक रैली में भाजपा के सभी मोर्चों के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी गण, गणमान्य गण, एवं देवतुल्य कार्यकर्ता गण की उपस्थिति अपरिहार्य है। सिमडेगा जिला के आम जनता भी इस बाइक रैली में भाग ले सकते हैं। इस बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिला महामंत्री दीपक पूरी, कोषाध्यक्ष अनूप प्रसाद, पूर्व जिला अध्यक्ष संजय ठाकुर, भाजयुमो अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, प्रदेश भाजयुमो कार्यसमिति सदस्य नीरज बड़ाईक, भाजपा नगर अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद, भाजयुमो नगर अध्यक्ष करण सिंह, भाजयुमो मंत्री सुबास महतो, भाजयुमो कोषाध्यक्ष राम प्रसाद राम, देवकी नंदन साय, दीप नारायण दास, अनूप सिंह उपस्थित रहे।


## कार्यालय :वन प्रमंडल पदाधिकारी,खूँटी वन प्रमंडल,खूँटी

E-mail:- dfo-khunti@gov.in

### सार्वजनिक निलामी सूचना

वन प्रमण्डल पदाधिकारी, खूँटी वन प्रमण्डल, खूँटी द्वारा निम्नलिखित अधिहरित लकड़ियों की आम निलामी द्वारा बिक्री की जाएगी, जिनका ब्योरा निम्नवत है:–

| क्र. सं. | अधिहरण वाद/वनवाद | लॉट संख्या | प्रजाति | संख्या | आयतन (घनमीटर में) | स्थल का नाम जहाँ लकड़ियाँ रखी गई है |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 21/2019 F-12/2019 | 1/23-24 | साल बोटा | 10 | 1.1754 | वन प्रमण्डल कार्यालय, खूँटी |
| | | | | 2 | 0.1517 | |
| 2 | 31/2011 F-13/2011 | 2/23-24 | साल चिरान | 146 | 2.5121 | वन प्रमण्डल कार्यालय, खूँटी |
| 3 | 9/2018 F-2/2018 | 4/23-24 | साल चिरान | 200 | 3.441 | वन प्रमण्डल कार्यालय, खूँटी |
| 4 | 32/2019 F-24/2019 | 6/23-24 | साल चिरान | 43 | 0.7398 | वन प्रमण्डल कार्यालय, खूँटी |
| | | | | 16 | 0.1552 | |
| 5 | 5/2018 F-16/2017 | 09/23-24 | साल बोटा | 110 | 4.258 | वन प्रमण्डल कार्यालय, खूँटी |
| 6 | 20/2014 F-16/2014 | 10/23-24 | साल चिरान | 120 | 2.0647 | वन प्रमण्डल कार्यालय, खूँटी |
| 7 | 16/2017 F-6/2017 | 11/23-24 | साल बोटा | 64 | 5.295 | वन प्रमण्डल कार्यालय, खूँटी |
| 8 | 15/2016 F-18/2016 | 12/23-24 | साल बोटा | 78 | 3.919 | वन प्रमण्डल कार्यालय, खूँटी |
| | | | खूंटा | 48 | | |
| 9 | 16/2016 F-17/2016 | 13/23-24 | साल बोटा | 64 | 4.152 | वन प्रमण्डल कार्यालय, खूँटी |
| | | | खूंटा | 106 | | |
| 10 | 10/2017 F-04/2017 | 14/23-24 | साल बोटा | 70 | 6.25 | वन प्रमण्डल कार्यालय, खूँटी |
| | | | खूंटा | 5 | | |
| 11 | 45/2015 F-22/2015 | 15/23-24 | औखट बोटा | 29 | 1.5654 | वन प्रमण्डल कार्यालय, खूँटी |
| | | | | 7 | 1.1134 | |
| | | | खूंटा | 5 | | |
| 12 | 33/2017 F-12/2017 | 16/23-24 | साल चिरान | 91 | 1.5657 | वन प्रमण्डल कार्यालय, खूँटी |
| 13 | 28/2015 F-10/2015 | 17/23-24 | साल बोटा | 40 | 2.4409 | वन प्रमण्डल कार्यालय, खूँटी |
| | | | खूंटा | 6 | | |
| 14 | 06/2016 F-14/2016 | 18/23-24 | विविध बोटा | 2 | 0.0861 | वन प्रमण्डल कार्यालय, खूँटी |
| | | | खूंटा | 5 | | |
| | | | गम्हार बोटा | 3 | 0.119 | |
| | | | खूंटा | 5 | | |
| 15 | 40/2019 F-29/2019 | 19/23-24 | साल बोटा | 19 | 1.54 | वन प्रमण्डल कार्यालय, खूँटी |
| 16 | 23/2019 F-16/2019 | 20/23-24 | साल चिरान | 174 | 2.9936 | वन प्रमण्डल कार्यालय, खूँटी |
| | | | साल चिरान | 24 | 0.2359 | |
| 17 | 50/2018 F-28/2018 | 21/23-24 | साल चिरान | 2 | 0.034 | वन प्रमण्डल कार्यालय, खूँटी |
| | | | साल चिरान | 5 | 0.035 | |
| 18 | 31/2019 F-32/2019 | 22/23-24 | साल चिरान | 15 | 0.58 | वन प्रमण्डल कार्यालय, खूँटी |
| | | | साल चिरान | 11 | 0.108 | |
| 19 | 24/2019 F-13/2019 | 23/23-24 | साल बोटा | 22 | 2.3036 | वन प्रमण्डल कार्यालय, खूँटी |
| | | | साल बोटा | 20 | 3.7045 | |
| | | | साल बोटा | 10 | 3.0396 | |
| | | | साल बोटा | 6 | 4.8631 | |
| | | | खूंटा | 1 | | |
| 20 | 29/2018 F-12/2018 | 25/23-24 | साल बोटा | 15 | 1.1 | वन प्रमण्डल कार्यालय, खूँटी |
| | | | साल बोटा | 4 | 0.55 | |
| 21 | 01/2017 F-21/2016 | 26/23-24 | साल बोटा | 64 | 2.71 | वन प्रमण्डल कार्यालय, खूँटी |
| 22 | 07/2018 F-01/2018 | 27/23-24 | साल बोटा | 51 | 1.89 | वन प्रमण्डल कार्यालय, खूँटी |
| | | | खूंटा | 41 | | |
| 23 | 43/2018 F-23/2018 | 28/23-24 | साल चिरान | 21 | 0.645 | वन प्रमण्डल कार्यालय, खूँटी |
| | | | साल चिरान | 6 | 0.04 | |
| 24 | 26/2017 F-10/2017 | 29/23-24 | साल चिरान | 18 | 0.309 | वन प्रमण्डल कार्यालय, खूँटी |
| | | | साल चिरान | 16 | 0.137 | |
| 25 | 19/2019 F-09/2019 | 32/23-24 | साल चिरान | 18 | 0.309 | खूँटी वन प्रक्षेत्र, खूँटी |
| | | | | 9 | 0.066 | |
| 26 | 34/2018 F-17/2018 | 33/23-24 | साल चिरान | 139 | 2.391 | खूँटी वन प्रक्षेत्र, खूँटी |
| | | | | 20 | 0.196 | |
| 27 | 03/2018 F-13/2017 | 34/23-24 | साल चिरान | 22 | 1.3785 | खूँटी वन प्रक्षेत्र, खूँटी |
| | | | | 24 | 0.0191 | |
| 28 | 33/2019 F-22/2019 | 35/23-24 | गम्हार बोटा | 14 | 0.843 | खूँटी वन प्रक्षेत्र, खूँटी |
| | | | कटहल बोटा | 14 | 3.007 | |
| 29 | 16/2020 F-28/2019 | 37/23-24 | सागवान चिरान | 19 | 0.231 | खूँटी वन प्रक्षेत्र, खूँटी |
| | | | | 13 | 0.124 | |

**निलामी की तिथि, स्थल एवं समय :–**

1. लकड़ियों की निलामी दिनांक–12.08.2023 को 11:00 बजे पूर्वाहन से प्रमण्डलीय कार्यालय, खूँटी में आरंभ की जाएगी।

**निलामी की शर्तें :–**

1. लकड़ियाँ जहाँ है, जिस स्थिति में है, उसी स्थिति में निलामी होगी।
2. इच्छुक व्यक्तियों को 5000.00 (पाँच हजार) रुपए मात्र अग्रधन के रुप में निलामी के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में बैंक ड्राफ्ट के रुप में राशि जमा करना होगा। सफल डाकवक्ताओं का जमा अग्रधन विक्रय मूल्य में समायोजित कर लिया जाएगा तथा असफल डाकवक्ताओं का अग्रधन वापस कर दिया जाएगा।
3. सफल डाकवक्ता को अभिप्रस्ताव पत्र प्राप्त होने के 15 दिनों के अन्दर पूरी राशि अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में जमा करना होगा अन्यथा अग्रधन की राशि समपहृत (Forfeit) कर ली जाएगी तथा निलामी रद्द कर दी जाएगी।
4. सम्पूर्ण राशि जमा करने के पश्चात् ही निलामी किए गए लकड़ियों को विधिवत् विमुक्त किया जाएगा।
5. निलामी के पूर्व किसी भी कार्य दिवस में लकड़ियों को देखा जा सकता है।
6. GST धारक व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जाएगी।
7. सफल डाकवक्ता निलामी द्वारा खरीदे गये लकड़ियों के मूल्य के अनुसार GST स्वयं संबंधित विभाग में जमा करेंगे एवं इसकी सूचना भी इस कार्यालय को देंगे।
8. बिना कारण बताए निलामी को रद्द करने/संशोधित करने/स्थगित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

ह0/–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
खूँटी वन प्रमण्डल खूँटी

PR 302823 Forest, Environment and Climate Changes(23-24).D

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## चलते चलते एक नजर

### मुहर्रम जुलूस कमिटी के गाईड लाइन पर निकालें : किशोर कौशल




**रांची।** डोरंडा सेंट्रल मुहर्रम कमिटी की ओर से डोरंडा उर्दू लाइब्रेरी में रस्मे पगड़ी का आयोजन किया गया। कार्यकर्म मे मुख्य अतिथि के रूप मे रांची के उपायुक्त राहुल सिन्हा,वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल उपस्थित रहे। रस्मे पगड़ी मे डोरंडा थाना क्षेत्र के सभी मोहल्ला के खलीफा को कमिटी के अध्यक्ष अशरफ अंसारी ने पगड़ी बांध कर सभी का स्वागत किया। साथ ही कमिटी द्वारा सभी खलीफा को मुहर्रम जुलूस निकालने को लेकर कमिटी का गाईड लाइन को पालन करने की बात बतायी। वहीं मुख्य अतिथि ने लोगो से आपस मे मिल जुल कर पर्व को मानने की बात कही और कमिटी द्वारा बनाया गया गाईड लाइन को अच्छे से पालन करने की बात कही। मौके पर डोरंडा सेंट्रल मुहर्रम कमिटी के सेक्रेट्री मुमताज़ गद्दी , कोषाध्यक्ष मौलाना मनिरुद्दीन, प्रवक्ता नसीमुल हक, महावीर मंडल के अध्यक्ष जयसिंह यादव , डोरंडा थाना प्रभारी लक्ष्मी कांत सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### करतारपुर साहिब यात्रा बंद, भारत-पाक सीमा पर जलभराव

**चंडीगढ** : पंजाब के सीमावर्ती जिला गुरदासपुर में बाढ़ के प्रकोप के चलते करतारपुर साहिब की यात्रा को बंद कर दिया गया है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने अधिकारियों से बातचीत कर पूरी स्थिति का रिव्यू करने के बाद यह निर्णय किया गया है। गुरदासपुर के डेरा बाबा नानक के पास बने करतारपुर कॉरिडोर के आसपास रावी का जलस्तर बढने़ से सीमा पर फेंसिंग पानी में डूब गई है। पाकिस्तान में बने धुस्सी बांध के टूटने से यह हालात बने हैं। फेंसिंग टूटने के बाद बीएसएफ ने जहां सीमा पर सुरक्षा बढ़ा दी है। वहीं, करतारपुर कॉरिडोर के रास्ते पाकिस्तान जाने वाली यात्रा को बंद कर दिया गया है।

### मणिपुर मामले पर वकील 21 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट के समक्ष करेंगे प्रदर्शन

**नई दिल्ली** : मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने की घटना के खिलाफ वकीलों के संगठन ने भी मोर्चा खोल दिया है। वकीलों के अखिल भारतीय संगठन ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन की दिल्ली राज्य ईकाई ने कल यानि 21 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट के समक्ष प्रदर्शन करने का फैसला किया है। यूनियन के दिल्ली राज्य ईकाई के सचिव अधिवक्ता सुनील कुमार ने मणिपुर में दो महिलाओं को नग्न परेड कर घुमाने पर विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि मणिपुर में अल्पसंख्यक आदिवासी समुदाय की महिलाओं सार्वजनिक तौर पर निर्वस्त्र कर घुमाना और फिर उसके साथ गैंगरेप करना विचलित करने वाली घटना है। ये मानव चेतना को हिला देने वाली है।

# संसद में सोनिया गांधी से मिले पीएम मोदी

### संसद का मानसून सत्र गुरुवार को शुरू हो गया

एजेंसी

**नई दिल्ली :** संसद का मानसून सत्र गुरुवार को शुरू हो गया. इस दौरान एक दिलचस्प तस्वीर दिखी जब लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहुंचे तो वो विपक्ष की बेंच की तरफ गए. यहां उन्होंने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी से बात की. इस दौरान पीएम मोदी ने सोनिया गांधी से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनके स्वस्थ रहने की कामना की. पीएम मोदी ने अन्य विपक्षी नेताओं का भी अभिवादन किया.

पीएम मोदी ने सोनिया गांधी से ऐसे समय पर मुलाकात की है जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को सोशल मीडिया पर विमान में ऑक्सीजन मास्क पहने बैठी अपनी मां सोनिया गांधी की तस्वीर शेयर की. उन्होंने इस दौरान संदेश में लिखा,''मां, दबाव में भी अनुग्रह की प्रतीक.''

### सोनिया गांधी ने पीएम मोदी से क्या कहा?

कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने दावा किया कि सोनिया गांधी ने पीएम मोदी से सदन में मणिपुर हिंसा पर चर्चा कराने की मांग की है. ये मांग ऐसे समय हुई है जब बुधवार (19 जुलाई) को मणिपुर के एक समुदाय की दो महिलाओं को निर्वस्त्र परेड कराने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ. पुलिस ने बताया कि ये मामला 4 मई का है.



### पीएम मोदी मणिपुर पर क्या बोले ?

पीएम मोदी ने मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाए जाने की घटना पर क्षोभ व्यक्त करते हुए कहा कि यह घटना किसी भी सभ्य समाज को शर्मसार करने वाली है . इस क्रूर घटना में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा. उन्होंने कहा, मणिपुर की बेटियों के साथ जो हुआ है, इसके दोषियों को कभी माफ नहीं किया जा सकता है. संसद का मानसून सत्र शुरू होने से पहले, मीडिया को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने देशवासियों को विश्वास दिलाया कि इस मामले में कानून सख्ती से एक के बाद एक कदम उठाएगा. पीएम मोदी ने कहा,मैं इस लोकतंत्र के मंदिर के पास खड़ा हूं तब मेरा ह्रदय पीड़ा से भरा हुआ है, क्रोध से भरा हुआ है. मणिपुर की जो घटना सामने आई है वह किसी भी सभ्य समाज को शर्मसार करने वाली है. पाप करने वाले, गुनाह करने वाले कितने हैं, और कौन-कौन हैं, वह अपनी जगह पर है, लेकिन बेइज्जती पूरे देश की हो रही है. 140 करोड़ देशवासियों को शर्मसार होना पड़ रहा है.

## बैंक राष्ट्रीयकरण दिवस की 55वीं वर्षगाठ मनाई गई

**रांची।** बैंक ऑफ़ इण्डिया अधिकारी संगठन झारखंड राज्य इकाई के गेस्ट हाउस के तत्वावधान में आल इण्डिया बैंक ऑफ़िसर्स कनफ़ेडरेशन झारखण्ड राज्य इकाई ने बैंक राष्ट्रीयकरण दिवस की 55वी वर्षगाठ मनायी गई । बैठक में विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया एवं सरकार के राष्ट्रीयकृत बैंकों को निजीकरण करने के मंसूबों को पुरज़ोर तरीक़े से विरोध करने का प्रण लिया जिसमे आम जन का भी साथ लेने हेतु तरह तरह के कैम्पेन जैसे बैंक बचाओ देश बचाओ चलाने के बारे में भी बात हुई । बैठक में चेयरमैन सुनील लकड़ा , अध्यक्ष अखिलेश कुमार,राज्य महासचिव प्रकाश उराव,मनीष नारायण, राजन कुजूर ,उमेश सिन्हा , सिगुण उराव,संजय गोराई ,अमित कुमार, विकेश कुमार, भरत लाल ठाकुर ,बेंजामिन मूर्मू,हरीश सिंह,अली हसन,मनीष कुमार आदि शामिल हैं।

# कांग्रेस ने राजस्थान और तेलंगाना के लिए बनाई चुनाव समिति



एजेंसी

**नई दिल्ली :** इस साल के आखिर में होने वाले राजस्थान और तेलंगाना विधानसभा चुनाव को देखते कांग्रेस ने तैयारी तेज कर दी है. इसको लेकर गुरुवार (20 जुलाई) को कांग्रेस ने दोनों प्रदेशों के लिए राज्य चुनाव कमेटी गठित की. राजस्थान के लिए बनाई गई की कांग्रेस की चुनाव समिति में गोविंद सिंह डोटासरा, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट सहित कई नेताओं को जगह दी गई. वहीं तेलंगाना वाली स्टेट इलेकशन कमेटी में प्रदेश अध्यक्ष ए रेवंत रेड्डी और कांग्रेस विधायक भट्टी विक्रमार्का मल्लू सहित कई नेता है.


कांग्रेस ने प्रेस रिलीज जारी करके बताया कि कमेटी में जितेंद्र सिंह, रघुवीर मीणा, रामेश्वर डूडी, मोहन प्रकाश, रघु शर्मा, हरिश चौधरी, लालचंद कटारिया, महेंद्र जीत सिंह मालवीय, रामलाल जाट, प्रमोद जैन और रमेश चंद मीणा है.इसके अलावा कमेटी में उदय लाल आंजना, प्रताप सिंह खाचरियावास, शाले मोहम्मद, ममता भूपेश, भजन लाल जाटव, गोविंद सिंह मेघवाल, शकुंतला रावत, मुरारी लाल मीणा, अशोक चांदना, राजेंद्र यादव, सुखराम बिश्नोई, नीरज डांगी, धीरज गुर्जर, जुबैर खान और ललित तुनवाल है.

# भारत के साथ मिलकर युद्धक वाहन बनाएगा अमेरिका

एजेंसी

**वाशिंगटन :** चीन से निपटने के लिए अमेरिका ने भारत के साथ मिलकर लंबी दूरी की तोपों सहित युद्धक वाहनों के निर्माण का फैसला किया है। अमेरिका के हिंद प्रशांत मामलों के सहायक रक्षा सचिव एली रैटनर ने अमेरिकी संसद को यह जानकारी दी।अमेरिकी संसद में चीन के मसले पर हो रही चर्चा के दौरान रैटनर ने बताया कि भारत की परिचालन जरूरतों को देखते हुए भारत और अमेरिका ने युद्धक वाहनों के निर्माण में हाथ मिलाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि बाइडन प्रशासन अपने सहयोगियों के साथ मिलकर हिंद प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा को पुख्ता करने में जुटा है। अमेरिकी संसद में चीन को लेकर यह चर्चा ऐसे समय पर हो रही है, जब अमेरिका और चीन के संबंधों में ताइवान और मानवाधिकार के मुद्दे पर तनाव गहराया हुआ है।

रैटनर ने कहा कि हमले का जवाब देने की क्षमता को वापस पाने में जापान की भी मदद अमेरिका कर रहा है। ऑस्ट्रेलिया के साथ मिलकर मिसाइलों और हथियारों की निर्माण क्षमता को विकसित कर रहा है। अमेरिका भारत के साथ मिलकर रक्षा क्षेत्र में सह-विकास और सह-निर्माण कर रहा है। साथ ही दक्षिण एशियाई देशों को चीन के उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने के लिए मजबूत कर रहा है। रैटनर ने कहा कि हम अपने भारतीय सहयोगियों के साथ लंबी दूरी की तोपों और युद्धक वाहनों के सह-निर्माण की दिशा में भी काम कर रहे हैं।



# एसडीएम ज्योति मौर्या की जेठानी शुभ्रा भी हुई पति से अलग

एजेंसी

**प्रयागराज:** यूपी की चर्चित एसडीएम ज्योति मौर्या से जुड़ी हुई एक नई कहानी सामने आई है। ज्योति मौर्या की तरह ही उनकी जेठानी शुभ्रा मौर्या ने भी अपने ससुराल वालों पर दहेज मांगने और मांग पूरी ना होने पर मारपीट करने व प्रताड़ित किए जाने का गंभीर आरोप लगाया है। ज्योति मौर्या की जेठानी ने अपने पति के खिलाफ प्रयागराज पुलिस में शिकायत भी की है। जेठानी शुभ्रा मौर्या का आरोप है कि आलोक की तरह ही उनके पति व ससुराल के लोगों ने शादी के वक्त झूठ बोला था और धोखे में रखकर शादी की थी। शुभ्रा मौर्या प्राइमरी स्कूल में सहायक अध्यापिका है। देवरानी ज्योति मौर्या की तरह शुभ्रा को भी शादी के 6 साल बाद सरकारी नौकरी मिली। हालांकि इस बारे में जेठानी शुभ्रा का कहना है कि इस सरकारी नौकरी में उनके पति या



ससुराल वालों का कोई योगदान नहीं है। सरकारी टीचर बनने के लिए जो योग्यता होनी चाहिए, वह पढ़ाई उन्होंने शादी से पहले अपने मायके में ही पूरी कर ली थी। शादी के बाद वह भी ज्योति की तरह ही अफसर बनने की तैयारी कर रही थी, लेकिन सलेक्शन नहीं होने पर टीचर बन गई।एसडीएम ज्योति मौर्या की जेठानी शुभ्रा मौर्या ने पति विनोद मौर्या और ससुराल वालों पर बेहद गंभीर व सनसनीखेज आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि ससुराल के लोग दहेज के लालची हैं। ससुराल वालों ने शादी के वक्त पति विनोद मौर्या को सरकारी विभाग में ऑफिसर बताकर रिश्ता तय किया था, जबकि वह सीजीएसटी विभाग में आज भी स्टेनोग्राफर ही हैं। ससुराल वालों ने उनसे दहेज में पांच लाख रुपये की कार, पांच लाख रुपये की ज्वेलरी, पांच लाख रुपये कैश और करीब इतनी ही कीमत के गृहस्थी के सामान लिए थे। विनोद के साथ उनकी शादी जेठानी ज्योति मौर्या के ब्याह से एक साल पहले हुई थी। शादी के बाद ही ससुराल वालों ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया। उन्हें और दहेज लाने के लिए लगातार प्रताड़ित किया जाता रहा। साथ ही एक अलग मकान की मांग की जाती रही।आरोप है कि विनोद मौर्या शराब का आदी था। वह शराब पीकर आए दिन मारपीट और गाली गलौज करता था। सास ससुर भी ताने और उलाहना देते थे। उन्हें लगातार शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। दो बेटियां होने के बाद ससुराल वालों ने पति विनोद मौर्या की दूसरी शादी कराने की भी धमकी दी। बेटे पैदा ना होने पर भी उन्हें खरी- खोटी सुना कर धमकी दी जाती थी। साल 2015 में वह सरकारी स्कूल में टीचर बन गई तो ससुराल वालों का मुंह और खुलने लगा।

### झारखंड आतंकियों और घुसपैठियों की शरणस्थली बना : मरांडी

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को लोहरदगा जिला के सादर थाना क्षेत्र स्थित न्यू रोड में एनआईए द्वारा गिरफ्तार आईएसआईएस के आतंकी पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि झारखंड में विगत तीन वर्षों में राष्ट्र विरोधी आतंकी शक्तियों का मनोबल बढ़ा है। राज्य में लोहरदगा, धनबाद, जमशेदपुर सहित संथाल परगना क्षेत्र के जिले ऐसे आतंकवादी संगठनों, घुसपैठियों की शरणस्थली बन गए हैं। उन्होंने कहा कि लोहरदगा में विगत दिनों प्रायोजित दंगों के द्वारा माहौल को बिगाड़ने और अशांत करने की कोशिश की गई लेकिन राज्य सरकार तुष्टिकरण में लिप्त है। उन्होंने कहा कि लोहरदगा में स्लीपर सेल की रिपोर्ट देने वाले पुलिस अधिकारी पर ही यह सरकार कार्रवाई करने में विश्वास करती है। उन्होंने कहा कि घुसपैठियों के कारण राज्य के मूलवासी, आदिवासी समाज का जीवनस्तर, संस्कृति प्रभावित हो रही है।

## उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के 34 सब इंस्पेक्टर और 17 असिस्टेंट इंस्पेक्टर के तबादले

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्य सरकार के उत्पाद विभाग ने रेवेन्यू में लगातार कमी और एमआरपी से अधिक कीमत पर शराब बेचने की मिल रही शिकायत के बाद गुरुवार को 51 अधिकारियों का तबादला कर दिया है। इसमें कई अधिकारी लंबे समय से एक ही जगह पदस्थापित थे। आमलोगों से लगातार शिकायत मिलने के बाद विभाग ने रिव्यू किया। इसमें कई बातें सामने आयीं। इसके बाद विभाग ने 34 अवर निरीक्षक उत्पाद व 17 सहायक अवर निरीक्षक उत्पाद का ट्रांसफर कर दिया है। जारी नोटिफिकेशन के अनुसार रांची जिले के पांच अवर निरीक्षक का स्थानांतरण हुआ है। इसमें अमित कुमार गुप्ता को साहिबगंज, अभिषेक आनंद को लोहरदगा, निलेश कुमार सिन्हा को गोड्डा, पंकज कुमार को पश्चिमी सिंहभूम और दिलीप कुमार शर्मा को सिमडेगा भेजा गया है। सहायक अवर निरीक्षक आशीष कुमार पांडेय को चतरा भेजा गया है। अपने नोटिफकेशन में विभाग ने इस ट्रांसफर को राजस्वहित और प्रशासनिक हित में निर्णय लिया गया, बताया है।

**इनका हुआ ट्रांसफर:** अमित कुमार गुप्ता साहिबगंज, अभिषेक आनंद लोहरदगा, निलेश कुमार सिन्हा गोड्डा, पंकज कुमार, पश्चिमी सिंहभूम, दिलीप कुमार शर्मा सिमडेगा, प्रदीप कुमार करमाली हजारीबाग, सुभाष बेसरा कोडरमा, झमन कुजूर धनबाद, संदीप कुमार नाग धनबाद,अतिरिक्त प्रभार मेसर्स अंकुर बायोकेम प्राइवेट लिमिटेड, निरसा, निरज कुमार हजारीबाग, कृष्णा कुमार प्रजापति बोकारो, निर्भय कुमार सिन्हा रांची, सुप्रभात दत्ता पूर्वी सिंहभूम, अभिषेक कुमार रांची, कुलदीप कुमार धनबाद, प्रकाश मिश्र रांची, राजीव नयन खूंटी, निर्मल मरांडी गढ़वा, मोहम्मद गुफरान बोकारो, ओम प्रकाश पूर्वी सिंहभूम, सन्नी विवेक तिर्की पाकुड़,दीपिका कुमारी बोकारो, भुवनेश्वर नायक हजारीबाग, कुमार राहुल दुमका मणिकांत कुमार रांची, श्वेता कुमारी धनबाद, त्रिपुरारी कुमार सरायकेला-खरसांवा, सुमितेश कुमार हजारीबाग, विक्रम कुमार साह जामताड़ा,मनोज कुमार देवघर, मनोज कुमार देवघर, कुमार सत्येंद्र पूर्वी सिंहभूम, कांगरेस कुमार रामगढ़, रूपेश कुमार रांची, सोनू साहू लातेहार, सहायक अवर निरीक्षक उत्पाद, आशीष कुमार पांडेय चतरा, मिथिलेश कुमार देवघर, कुमार महेंद्र देवगम गिरिडीह, अमित कुमार सिंह हजारीबाग ,अमित मड़की रामगढ़, जितेंद्र कुमार पूर्वी सिंहभूम, अनुप प्रकाश पलामू, लखन मुंडारी धनबाद, अमित किशोर प्रसाद पश्चिमी सिंहभूम, शिव सागर महतो कोडरमा, किशोर कुमार देवघर, मंजूर आलम अंसारी गुमला, रामदेव पासवान पूर्वी सिंहभूम, प्रेम रंजन कुमार दुमका, वर्षा सिन्हा रांची अतिरिक्त प्रभार मुख्यालय, स्नेहाशीष कुमार सेन रांची, अतिरिक्त प्रभार प्रयोगशाला सहायक, विकास कुमार निराला गढ़वा।

# किसानों के लिए सौगात बनेगी सीएम खेत सुरक्षा योजना



एजेंसी

**लखनऊ:** योगी-2.0 के लिहाज से मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना प्रदेश के किसानों के लिए सौगात बन सकती है। योजना की उपयोगिता के मद्देनजर ही सरकार अब इसे सिर्फ बुंदेलखंड में नहीं, पूरे प्रदेश में एक साथ लागू करेगी। इसीलिए योजना के बाबत प्रस्तावित बजट 75 करोड़ से बढ़ाकर 350 करोड़ रुपये कर दिया गया है।

**क्या है योजना की खासियत:** मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना किसान के खेत की फसल को पशुओं से बचाने के लिए सोलर फेंसिंग की योजना है। इसके तहत लगाई जाने वाली सोलर फेंसिंग की बाढ़ में मात्र 12 बोल्ट का करंट प्रवाहित होगा। इससे सिर्फ पशुओं को झटका लगेगा। कोई क्षति नहीं होगी। हल्के करंट के साथ सायरन की आवाज भी होगी। इससे छुट्टा या जंगली जानवर मसलन नीलगाय, बंदर, सुअर आदि खेत मे खड़ी फसल को क्षति नहीं पहुंचा सकेंगे। इसके लिए सरकार लघु-सीमांत किसानों को प्रति हेक्टेयर लागत 60 फीसद या 1.43 लाख रुपये का अनुदान भी देगी। कृषि विभाग इस योजना का ड्राफ्ट तैयार कर चुका है। शीघ्र ही इसे कैबिनेट में भेजा जाएगा। वहां से मंजूरी मिलने के बाद अब इसे पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा।

**गोचर भूमि को कब्जा मुक्त करने के लिए भी चल रहा अभियान:** पशु खेत में खड़ी फसल का नुकसान तब अधिक करते हैं जब उनको पास में कुछ खाने को नहीं मिलता। गोचर भूमि इसके लिए जरूरी है। गोचर भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराने के लिए पशुपालन एवं दुग्ध विकास विभाग 11 जुलाई से अभियान चल रहा है। यह अभियान 25 अगस्त तक चलेगा।

उल्लेखनीय है कि छुट्टा पशुओं की यह समस्या कमोबेश पूरे प्रदेश में एक जैसी है। विपक्ष समय-समय पर इस समस्या को लेकर तंज कसता रहता है। पार्टी के जनप्रतिनिधियों को भी फील्ड में इस बाबत सुनना पड़ता है। अगले साल लोकसभा चुनाव में यह मुद्दा न बने, इसमें ये कदम मददगार बनेंगे।

### स्थानीय-नियोजन नीति तय किये बगैर युवाओं को धोखा दे रही हेमंत सरकार : भानू

**रांची :** भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) द्वारा शिक्षकों के 26001 पदों के लिए जारी विज्ञापन पर राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। भानु प्रताप शाही ने गुरुवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि राज्य सरकार युवाओं से ठगी करने में लगी है। जारी विज्ञापन में कौन सी स्थानीय नीति और नियोजन नीति का पालन होना है, इसका पता नहीं है। सीएम हेमंत सोरेन या सरकारी विभागों के सक्षम पदाधिकारी बतायें कि आखिर किस नियम से नियुक्तियां होनी हैं। 60~40 के आधार पर अगर नियुक्ति है तो इससे स्थानीयों की हकमारी होगी। 1932 के खतियान पर या 2016 की स्थानीय नीति का पालन होना है या कोई और इसे सरकार स्पष्ट करे। भानु प्रताप शाही ने कहा कि झामुमो और कांग्रेस जैसे दलों ने 2019 में चुनावी घोषणा पत्र में पारा शिक्षकों को नियमित किये जाने की बात की थी।

# सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली अध्यादेश के मामले को 5 जजों की संवैधानिक बेंच को भेजा

एजेंसी

**नई दिल्ली** : सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली अध्यादेश के मामले को पांच जजों की संवैधानिक बेंच को भेज दिया है. दिल्ली की केजरीवाल सरकार द्वारा दायर इस मामले में अब सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की बेंच सुनवाई करेगी.

दिल्ली में केजरीवाल सरकार बनाम उपराज्यपाल मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार के पक्ष में फैसला दिया था. इसमें निर्वाचित सरकार को अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग का अधिकार दिया गया था. इसके बाद केंद्र सरकार राष्ट्रीय राजधानी सिविल सेवा प्राधिकरण बनाने का अध्यादेश लेकर आई है.

केंद्र के इस अध्यादेश को आम आदमी पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है. पिछली सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने मामले को संवैधानिक बेंच के पास भेजने का संकेत दिया था.



**आम आदमी पार्टी को लगा झटका:** दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से अध्यादेश पर रोक लगाने की मांग की थी. हालांकि, कोर्ट ने अध्यादेश पर फिलहाल कोई रोक नहीं लगाई है. साथ ही मामले को बड़ी बेंच के पास भेज दिया है. दिल्ली सरकार की ओर से पेश वकील ने मामले को संवैधानिक पीठ के पास न भेजने की अपील की थी. बहस के दौरान सिंघवी ने दलील दी थी कि संविधान पीठ के किसी भी संदर्भ से पूरी व्यवस्था ठप हो जाएगी क्योंकि इसमें समय लगेगा. यह बहुत छोटा बिंदु है, जिसे 370 से पहले लिया जा सकता है. इसके बाद कोर्ट ने संकेत दिया है कि इस मामले में आर्टिकल 370 के बाद सुनवाई शुरू हो सकती है.

**क्या है मामला ?**

11 मई को सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया. सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया कि दिल्ली की नौकरशाही पर चुनी हुई सरकार का ही कंट्रोल है और अफसरों की ट्रांसफर-पोस्टिंग पर भी अधिकार भी उसी का है.प्रशासनिक सेवाओं के नियंत्रण और अधिकार से जुड़े मामले पर फैसला देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा था, दिल्ली की पुलिस, जमीन और पब्लिक ऑर्डर पर केंद्र का अधिकार है, लेकिन बाकी सभी मामलों पर चुनी हुई सरकार का ही अधिकार होगा. सुप्रीम कोर्ट ने ये भी साफ कर दिया था कि पुलिस, जमीन और पब्लिक ऑर्डर को छोड़कर बाकी सभी दूसरे मसलों पर उपराज्यपाल को दिल्ली सरकार की सलाह माननी होगी.

**केंद्र का अध्यादेश क्या है?**

केंद्र सरकार 19 मई को अध्यादेश लेकर आई थी. इसका नाम राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली (संशोधन) अध्यादेश, 2023 है.